राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 319
लखनऊ, मंगलवार 21 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



खेत की मेड़ पर डंडे गाड़ने को लेकर हुई मारपीट 10

आत्मनिर्भर बन रहे कौशल विकास विभाग से प्रशिक्षित युवा : कपिल देव अग्रवाल 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,43,610/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,31,650/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,07,740/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### त्रिपुरा के डीजीपी अनुराग धनखड़ पुलिस मुख्यालय में मृत मिले

**अगरतला।** त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग धनखड़ सोमवार को राज्य पुलिस मुख्यालय में मृत पाए गए। इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक महकमे में शोक और हलचल का माहौल है। शुरुआती स्तर पर पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने अभी तक मौत के कारणों पर कोई अंतिम निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किया है। अनुराग धनखड़ 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी थे। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के रहने वाले थे और वर्ष 2025 में त्रिपुरा के डीजीपी का पदभार संभाला था।

### भारत डीप वाटर पोर्ट प्रोजेक्ट्स को देगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** भारत प्रमुख बंदरगाहों के अपग्रेड और नए गहरे समुद्री टर्मिनलों के निर्माण में तेजी ला रहा है, ताकि वर्तमान में कोलंबो और सिंगापुर के जरिए होने वाले ट्रांसशिपमेंट यातायात को अपने यहां आकर्षित किया जा सके। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में सामने आई। इंडिया नैरेटिव की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार चेन्नई के निकट एन्नोर स्थित कामराजर बंदरगाह, ओडिशा के पारादीप बंदरगाह और कच्छ के दीनदयाल बंदरगाह सहित कई प्रमुख बंदरगाहों की ड्राफ्ट (जल की गहराई) को 14 मीटर से बढ़ाकर 18 मीटर कर रही है, ताकि वे बड़े मदर वेसल (मुख्य मालवाहक जहाज) को संभाल सकें। दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज (मदर वेसल) एमएससी इरिना के केरल के विझिंजम बंदरगाह पहुंचने को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया है।

### यूक्रेन जंग का नया शिकार बने भारतीय ब्लैक सी में कार्गो शिप पर बरसी रूसी मिसाइलें

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच एक बार फिर भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह के पास अनाज लेकर जा रहे एक कार्गो जहाज पर रूस ने कथित तौर पर मिसाइल हमला किया। इस जहाज पर भारतीय और सीरियाई चालक दल के सदस्य सवार थे। शुरुआती रिपोर्टों में एक भारतीय नागरिक के मारे जाने की आशंका जताई गई है, हालांकि भारत सरकार की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने बताया कि जहाज पर भारत और सीरिया के चालक दल के सदस्य मौजूद थे। हालांकि मृतकों की राष्ट्रीयता को लेकर आधिकारिक जानकारी अभी जारी नहीं की गई है। यूक्रेन के परिवहन मंत्रालय के मुताबिक 8 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया। 2 लोग घायल हुए। 6 लोगों की मौत की सूचना है। 4 अन्य अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम

**बारामुला।** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया गया है। बारामूला जिले के कांडी वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया दौरान आतंकियों के छिपाए गई युद्ध सामग्री (वार-लाइक स्टोर्स) का बड़ा जखीरा बरामद किया। इस प्रकार एक संभावित आतंकी साजिश को सुरक्षाबलों द्वारा नाकाम किया कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यह संयुक्त अभियान 20 जुलाई को बारामूला पुलिस को मिली खुफिया सूचना के बाद शुरू किया गया। अभियान में भारतीय सेना की 52 राष्ट्रीय राइफल्स (आर आर), बारामूला पुलिस, सीआरपीएफ की 53वीं बटालियन तथा एसएसबी ने संयुक्त रूप से भाग लिया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने जंगल में छिपाकर रखी गई 2 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), 2 पिस्तौल तथा 7.62 मिमी के 530 जिंदा कारतूस बरामद किए।

# सनातन सुरक्षित तो हम सुरक्षित : योगी

- बाराबंकी में खोला खजाना, सीएम ने दी 542.41 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात
- बोले- बंद हो जाएगी बांटने वालों की बोलती





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बाराबंकी पहुंचे। लोधेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की। उन्होंने लखनऊ के पड़ोसी जिले बाराबंकी को 542.41 करोड़ लागत की 82 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। विकास परियोजनाएं दरियाबाद और रामनगर विधानसभा क्षेत्र की हैं।

रामनगर के महादेवा में लोधेश्वर महादेवा कारिडोर का शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा सरकार में कब्रिस्तानों का विकास हो रहा था और अब लूट बंद कर सनातन व विकास को संवारा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रामनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री ने जनसभा में कहा कि बाराबंकी के लोगों को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक समझा लेकिन भाजपा ने इस क्षेत्र को राज्य राजधानी क्षेत्र में शामिल कर कायाकल्प कर दिया उत्तर प्रदेश आज विकास, सुशासन, विरासत संरक्षण की नई पहचान बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक सनातन सुरक्षित है, तब तक हम सब सुरक्षित हैं। जब सनातन पर खतरा आएगा कोई बच नहीं पाएगा और तो और ऐसे समय में संकट आने पर बांटने वालों की बोलती भी बंद हो जाती है। बाराबंकी में लोधेश्वर महादेवा धाम का तेजी से और भव्य विकास किया जा रहा है। महादेवा रोड को हाईवे से जोड़ने वाली सड़क को फोरलेन बनाया जा रहा है। प्रदेश में काशी, विंध्याचल, नैमिष धाम के साथ ही सभी धार्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है।

### खराब मौसम भी नहीं रोक सका जनसैलाब मुख्यमंत्री की सभा में उमड़ी भारी भीड़

उत्तर प्रदेश के जनपद बाराबंकी में श्री लोधेश्वर महादेवा धाम में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के दौरान खराब मौसम भी लोगों के उत्साह को कम नहीं कर सका। आसमान में बादल छाए रहने और बीच-बीच में बूंदाबांदी के बावजूद सुबह से ही सभा स्थल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। मुख्यमंत्री के संबोधन तक पूरा पंडाल और आसपास का क्षेत्र लोगों से खचाखच भर गया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोगों ने पूरे उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का संबोधन सुना और विकास परियोजनाओं की घोषणाओं का स्वागत किया।

### विरासत सनातन धर्म की पहचान

सीएम योगी ने सनातन को केंद्र में रखा और निशाने पर सपा सरकार रही। बोले, कितना दुख हुआ था लोगों को जब समाजवादी पार्टी के सरकार के समय हाकी के महान खिलाड़ी ने जिसने पूरा जीवन भारत के राष्ट्रीय खेल को समर्पित किया था। कितना हृदय विदारक क्षण था, जब उनकी हवेली बिकने की नौबत आई थी, जब हमारी सरकार आई तो हमने कहा केडी सिंह बाबू की हवेली बिकेगी नहीं, सरकार उसका पैसा चुकायेगी और सरकार बाबू केडी सिंह की स्मृतियों को पुनर्जीवित करेंगे। काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर काशी विश्वनाथ धाम का कॉरिडोर बनेगा। विरासत तो सनातन धर्म की पहचान है। इसी विरासत के संरक्षण, सनातन मूल्यों की रक्षा करने के लिए महापुरुषों ने अपना योगदान दिया। राजा बलभद्र सिंह, लाखन पासी ने यही काम किया था। देश को गुलामी से मुक्त करने के लिए महाराजा बिजली पासी ने यही काम किया था। योगदान दिया था महाराज सुहेलदेव, और महाराणा प्रताप ने,छत्रपति शिवाजी महराज और गुरु गोबिंद सिंह जी महराज ने। आज हम उन्हें इसीलिए याद करते हैं कि उन्होंने देश की स्वाधीनता को बनाये रखने के लिए योगदान दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने देश और सनातन के लिए काम करने वाले हर महापुरुष को सम्मान दिया है। पिछली सरकार के पास बाराबंकी के महादेवा व पारिजात के विकास और केडी सिंह बाबू के नाम को स्मारक बनाने के लिए पैसा नहीं था। उनका पास तो पैसा कब्रिस्तान के विकास के लिए था।

# मानसून सत्र के पहले दिन नीट और राम मंदिर चढ़ावा मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



संसद के मानसून सत्र के पहले दिन आज लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने नीट-यूजी पेपर लीक, अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा किया। शोर-शराबे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर बाद दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीट-यूजी पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर एकत्र हुए छात्रों की आवाज दबाई जा रही है और उन पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने इस मामले पर सदन में चर्चा की मांग की। विपक्ष के हंगामे के बीच सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। उधर, लोकसभा में भी विपक्षी सांसदों ने नीट-यूजी पेपर लीक, अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी और अन्य मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग को लेकर नारेबाजी की। कई सांसद पोस्टर और बैनर लेकर सदन में पहुंचे। लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही करीब 12 मिनट ही चल सकी, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें प्रस्तावित हैं। सरकार इस सत्र में आयकर संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक और उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक सहित सात महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है।

# पुलिस ने संसद की ओर बढ़ रहे सीजेपी प्रदर्शनकारियों को बीच में ही रोका

- सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने खत्म की भूख हड़ताल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



संसद के मानसून सत्र के पहले दिन दिल्ली के जंतर-मंतर पर संसद मार्च के लिए जुटे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच सोमवार को टकराव हो गया।

प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। इस दौरान धक्का-मुक्की हुई तथा कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। बाद में सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने पानी पीकर अपना अनशन समाप्त कर दिया।

प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर से संसद भवन की ओर मार्च निकालना चाहते थे। पुलिस का कहना था कि मार्च की अनुमति नहीं ली गई थी, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने की इजाजत नहीं दी गई। मौके पर पहले से दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की तैनाती की गई थी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ आगे बढ़ने पर अड़ी रही। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें पीछे धकेला।

### सीजेपी नेताओं से मुलाकात के बाद नड्डा ने धरना खत्म करने का किया अनुरोध



सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से सोमवार को मुलाकात के बाद कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं तब तक उनका यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, मंत्री नड्डा ने प्रदर्शनकारियों से धरना समाप्त करने का अनुरोध किया है। नड्डा ने सीजेपी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने सभी प्रदर्शनकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने धरने को समाप्त करें और सामान्य स्थिति बहाल करने में प्रशासन की मदद करें।

### दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान घायल 65 लोग आरएमएल अस्पताल में भर्ती

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान घायल हुए 65 लोगों को राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) में भर्ती कराया गया है। इनमें प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। आरएमएल अस्पताल प्रशासन के अनुसार शाम 7 बजे तक सर्जरी विभाग में कुल 65 मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) लाए गए। इनमें प्रदर्शनकारी और कुछ पुलिसकर्मी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है, जबकि मामलों की विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

# जवाहर भवन में लगी आग, भारी क्षति का अनुमान

- घटना में कोई जनहानि नहीं, आग लगने के कारणों की होगी जांच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ के जवाहर भवन में भीषण आग लग गई। आग का धुआं काफी दूर से देखा गया। आग किस वजह से लगी, ये अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि आग चौथी मंजिल स्थित खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यालय और कैंटीन में लगी थी।

गनीमत रही कि आग लगने से पहले सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। इंदिरा भवन जवाहर भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे ने कहा कि जवाहर भवन की चौथी मंजिल पर बने कैफेटेरिया में आग लग थी फायर ब्रिगेड के कर्मचारी इसे बुझाने की पूरी कोशिश की। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान होने की आशंका है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है और घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पुष्टि जांच के बाद होगी। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह करीब 10 बजे मिली थी। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। आग इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित कैंटीन में लगी थी। सुरक्षा को देखते हुए पूरी इमारत को खाली करा लिया गया और अंदर मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। डीएम ने कहा कि राहत और बचाव कार्य के दौरान इमारत के अंदर किसी व्यक्ति के फंसे होने की कोई जानकारी नहीं मिली। मौके पर 10 से अधिक फायर टेंडर तैनात किए गए थे, जिन्होंने आग बुझाने का काम किया। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। फायर सर्विस की डीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि यह एक सरकारी कार्यालय की इमारत है और फिलहाल आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। विभाग की टीम आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद जवाहर भवन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई।

# 4 से 60 साल की उम्र के लोगों के लिए पहली डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




भारत ने अपनी पहली डेंगू वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। सोमवार को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने टेकेडा बायोफार्मास्युटिकल्स इंडिया की क्यूडेंगा को बाजार में लाने की मंजूरी दे दी है। इस वैक्सीन को 4 से 60 साल की उम्र के लोगों के लिए मंजूरी दी गई है और इसे किसी भी व्यक्ति को लगाया जा सकता है, चाहे उसे पहले डेंगू हुआ हो या नहीं।

डेंगू की कुछ पुरानी वैक्सीन के उलट क्यूडेंगा के लिए वैक्सीन लगाने से पहले किसी जांच की जरूरत नहीं होती है। इससे योग्य लोग बिना यह पता लगाए कि उन्हें पहले डेंगू हुआ था या नहीं, वैक्सीन लगवा सकते हैं। टेकेडा ने कहा कि यह मंजूरी भारत की डेंगू रोकथाम रणनीति को मजबूत करेगी, ऐसे समय में जब देश दुनिया में डेंगू के सबसे ज्यादा मामलों वाले देशों में से एक है और कई इलाकों में डेंगू वायरस के चारों सीरोटाइप फैल रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश का कहर : अमरनाथ-वैष्णो देवी व शिव खोरी यात्रा दूसरे दिन भी बंद, शिविर में फंसे श्रद्धालु

**एजेंसी, जम्मू।**



जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण अमरनाथ, माता वैष्णो देवी और शिव खोरी गुफा मंदिरों की यात्राएं सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी स्थगित रहीं। प्रशासन ने खराब मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को आधार शिविरों और ठहराव स्थलों पर ही रहने की सलाह दी है।

एक बयान में कहा गया है, मौसम विभाग की ओर से जारी खराब मौसम के पूर्वानुमान के मद्देनजर पहले ही निर्णय लिया जा चुका है कि श्री अमरनाथ जी यात्रा अगले आदेश तक स्थगित रहेगी। इसके अनुरूप जम्मू, उधमपुर अथवा रामबन से श्रीनगर की ओर श्रद्धालुओं को लेकर जाने वाले किसी भी वाहन को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू, कठुआ, सांबा, उधमपुर, रामबन और बनिहाल स्थित विभिन्न आधार शिविरों एवं आवास केंद्रों में सैकड़ों श्रद्धालु फंसे हुए हैं। श्रद्धालुओं को कश्मीर की ओर जाने से रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा भी लगातार दूसरे दिन स्थगित रही।

### भूस्खलन और फ्लैश बाढ़ से 7 लोगों की मौत

जम्मू-कश्मीर के बारिश से प्रभावित पुंछ जिले के लोरान गांव के ऊंचे इलाकों में सोमवार को ताजा भूस्खलन की चपेट में आने से एक घर में मौजूद सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन की चपेट में आया घर मिट्टी का बना था। बचाव अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि मरने वालों में चार महिलाएं भी हैं। लोरान में मारे गए सात लोगों समेत अब तक कुल 15 लोगों की मौत हो चुकी है और छह लोग लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### उत्ताराखंड में लगातार बारिश और भूस्खलन

उत्ताराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश, मौसम विभाग द्वारा जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट तथा चारधाम यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन के कारण उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए सोमवार को एहतियातन चारधाम यात्रा अस्थायी तौर पर रोक दी गई।

### हम अमेरिका से नहीं डरते, मौत के खौफ से न बिकेंगे न झुकेंगे : अराघची

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि ईरान को न धमकाया जा सकता है और न ही किसी लालच से झुकाया जा सकता है। उन्होंने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका को ईरान से अलग तरीके से बात करनी होगी। अराघची ने यह बयान ईरानी समाचार एजेंसी मेहर न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दिया, जिसमें उन्होंने अमेरिका-ईरान तनाव, परमाणु वार्ता और हालिया संघर्ष पर खुलकर अपनी बात रखी। अराघची ने दावा किया कि 12 दिन के युद्ध से पहले अमेरिका ने वार्ता के दौरान ईरान से शून्य यूरेनियम संवर्धन की मांग की थी। उन्होंने कहा कि ईरान ने इस मांग को गैरकानूनी और अव्यावहारिक बताते हुए खारिज कर दिया।

**निर्देश** राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# किसी आईपीएस की अगुवाई में दोबारा बनाएं एसआईटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- चढ़ावा चोरी मामले को राजनीतिक रंग न दें : प्रधान न्यायाधीश

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने सरकार को दोबारा एसआइटी बनाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में एसआईटी का नए सिरे से गठन हो।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि एसआइटी का फिर से गठन किया जाए। कोर्ट ने कहा कि इनमें से कुछ सीनियर विशेषज्ञ आईपीएस अधिकारी को जांच टीम की अगुवाई करें। ताकि जांच किसी निर्णायक स्तर तक पहुंचे। इसके बाद शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल से कहा कि सरकार से निर्देश लेकर आए।

कोर्ट अब अगले सोमवार को सुनवाई करेगी। इस सुनवाई में सरकार से अधिकारी का नाम भी मांगा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच निष्पक्ष और बिना किसी भेदभाव के होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जांच को तार्किक नतीजे तक पहुंचाया जाना चाहिए। अदालत 27 जुलाई को अगली सुनवाई करेगी।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चढ़ावा चोरी मामले को राजनीतिक रंग न दें। उन्होंने कहा कि अदालतें राजनीति की जगह नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह अपराध का एक सीधा सा मामला है। अदालत ने कहा कि हम बस यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जांच ठीक से हो। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में दायर उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी की जांच अदालत की निगरानी में कराने, सीबीआई जांच, फॉरेंसिक ऑडिट और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) से ट्रस्ट के खातों की जांच कराने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने जांच की मौजूदा स्थिति पर जानकारी ली। सुनवाई के दौरान अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि क्या इस मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार पहले ही एसआईटी का गठन कर चुकी है और जांच राज्य पुलिस की निगरानी में जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह 27 जुलाई को अगली सुनवाई के दौरान एसआईटी जांच की प्रगति रिपोर्ट अदालत के सामने प्रस्तुत करे। अदालत ने यह भी दोहराया कि जांच पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए।

# मुजफ्फरनगर : मकान ढहने से पिता व चार बच्चों की मौत

**मुजफ्फरनगर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना के हबीबपुर गांव में रविवार रात बारिश के दौरान एक मकान भरभराकर ढह गया। उसके मलबे में दबकर घर के मुखिया और उसके चार बच्चों की मौत हो गई। जबकि दो बच्चियों को घायल अवस्था में इलाज के लिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी पर रात में ही जिले के तमाम अधिकारियों ने मौका मुआयना किया और तेजी से राहत कार्य कराया।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि हबीबपुर गांव निवासी इस्लामुद्दीन (58) रविवार खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे। उनके पास ही बेटियां रुखसार (10 साल), रुकईया (8 साल), समईया (7 साल), अलसीबा (4 साल) और बेटे अहद (5 साल) व जीशान (1 साल) मौजूद थे। जबकि पत्नी दो बच्चों को लेकर पड़ोस में गई थी। इसी बीच अचानक मकान की छत भरभराकर ढह गई और गृहस्वामी एवं बच्चे सभी मलबे के नीचे दब गए।

ग्राम प्रधान ने बताया कि मजदूर इस्लामुद्दीन का घर मिट्टी के गारे से बना हुआ था। रविवार की रात बारिश के कारण छत गिरी और पूरा परिवार मलबे में दब गया। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने घर के मुखिया और उनके चार बच्चों रुखसार, आहद, अलसीबा और जीशान को मृत घोषित कर दिया। जबकि रुकैया और सुमैया गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसे की जानकारी मिलने के बाद कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, कमिश्नर रुपेश कुमार, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय वर्मा, सीओ फुगाना नरेंद्र यादव, सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली।

मंत्री अग्रवाल ने बताया कि परिवार को हरसंभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने डॉक्टरों से हादसे में घायल बच्चों के डॉक्टरों को बेहतर से बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। इस तरह का घटनाक्रम दोबारा न हो, इसके लिए भी मंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिये हैं।

# घर के स्टोर रूम में अचानक आग लगने से पांच लाख का सामान जल कर स्वाहा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के राजा मोहल्ला स्थित नानक स्वीट्स मलिक उमेश कुमार के तीन मंजिला मकान की तीसरी मंजिल पर आज सोमवार दोपहर करीब 12 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग स्टोर रूम में रखे कपड़ों से शुरू हुई और तेजी से फैल गई मिठाई बना रहे कर्मचारियों ने शुरुआत में आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो सके आग जल्द ही मिठाई के डिब्बों तक पहुंच गई और आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया जिससे घना धुआं उठने लगा। तीसरे मंजिल से तेज धुंआ उठता देख स्थानीय लोगों ने मकान मालिक उमेश कुमार को सूचना दी जो घटना के समय अपनी दुकान पर थे। तत्काल अपने



घर पहुंचे और फायर ब्रिगेड विभाग को सूचित किया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के माध्यम से लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारण दो लाख रुपये से अधिक के मिठाई के महंगे डिब्बे, एक लाख रुपये की मिठाई बनाने की मशीन और लाखों रुपये की तैयार मिठाइयां पूरी तरह जलकर खराब हो गईं। यह मकान मिठाई बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। आग लगने की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। वे नुकसान का आकलन कर रहे हैं। गोंडा नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लगभग 5 लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है। कोतवाल ने बताया कि तीसरी मंजिल पर चारों तरफ जाली लगी होने के कारण आग बुझाने में अधिक समय लगा। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों, कोतवाली पुलिस, फायर ब्रिगेड टीम और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# पंचर की दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर चिंटू बाबा मंदिर के सामने स्थित आरिफ पंचर की दुकान में शनिवार रात करीब 8:30 बजे भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के समय दुकान मालिक आरिफ बाहर पंचर बनाने का काम कर रहे थे। देखते ही देखते आग दुकान के अंदर रखे नए और पुराने टायरों तक फैल गई, जिससे आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 40 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में दुकान में रखे लाखों रुपये के टायर और हवा भरने वाली मशीन जलकर नष्ट हो गई। मशीन आग की चपेट में आने से फट गई, और दुकान की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस आरिफ पंचर वाले से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है।फायर विभाग भी आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। सभी बिंदुओं पर फिलहाल जांच जारी है। आग लगने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए थे, जिन्होंने आग बुझाने में भी मदद की।

नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आरिफ पंचर की दुकान में आग लगी थी, जिस पर पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मिलकर काबू पा लिया है। आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद बहराइच, श्रावस्ती का स्थलीय निरीक्षण कर लिया जायजा

- तैयारियों को युद्धस्तर पर पूरा कराते हुए अन्तिम रूप देने का दिया निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** को प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद बहराइच/श्रावस्ती पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने व्यवस्था में लगे अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय से सभी व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया जाए। हैलीपैड हेतु बनाये जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया तथा निर्देशित किया कि हेलीपैड निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कर लिया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि लाभार्थियों व आम जनमानस के लिए बैठने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा टेण्ट, लाइट व्यवस्था, साफ-



सफाई, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि की व्यवस्था पूर्ण सुनिश्चित कर ली जाए। इसके अलावा आयुक्त ने पूरे कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला दोनों जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सर्प के काटने से बालक की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** इटियाथोक थाना क्षेत्र के पूरे दतई पंचायत के बढ़ई पुरवा गांव में बीती रात सांप के काटने से 5 वर्षीय शिवांश की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। मृतक के दादा हरिश्चंद पांडेय ने बताया कि शिवांश अपनी मां बिट्टू पांडे और बहन वैष्णवी के साथ आंगन में चारपाई पर सो रहा था। रात करीब तीन बजे शिवांश ने उल्टी करना शुरू कर दिया, जिससे उसकी मां की नींद खुल गई। मां ने बच्चे की तबीयत खराब होने की बात कही। पूछने पर शिवांश ने सिरदर्द और उल्टी की शिकायत बताई। परिजन तुरंत उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने लक्षणों के आधार पर जहरीले सांप के काटने की आशंका जताई। शिवांश अपनी बहन में इकलौता बेटा था। उसके पिता श्रवण कुमार पांडे लुधियाना में नौकरी करते हैं और अपनी पत्नी व बच्चों के साथ वहीं रहते था।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति सहित चार पर मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में कैथोला डीहा ग्राम में दहेज लोभियों ने एक विवाहिता महिला की कार ने मिलने पर उस की हत्या कर दिया। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के बमडेरा गांव के निवासी मुरली धर दुबे ने अपने पुत्री आंचल की हत्या के आरोप में सास पति राम प्रकाश तिवारी ससुर सुभाष चंद्र तिवारी देवर सूर्य प्रकाश तिवारी के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है। मुरली धर दुबे ने बताया कि उस ने अपनी पुत्री आंचल की शादी 14 माह पूर्व कोतवाली देहात के कैथोला निवासी राम प्रकाश तिवारी पुत्र सुभाष तिवारी के साथ किया था। कुछ दिनों तक सब ठीक रहा।कुछ दिनों के बाद उस को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। जब उस की पुत्री घर पर आई तब उस ने यह बात बताई।उस ने बताया कि उस के पति राम प्रकाश तिवारी ससुर सुभाष तिवारी सास देवर दहेज में कार की मांग कर रहे है । जिस को लेकर उस को मारने पीटने और घर से निकालने की धमकी दी गई है।बीते 18 जुलाई की देर रात्रि में आंचल ने फोन कर के सूचना दिया कि कार को लेकर उस को परेशान कर रहे है। रविवार की सुबह उस के ससुर सुभाष तिवारी ने उस की पत्नी राम देवी के पास फोन किया कि उस की लड़की ने जहर खा लिया। घर पर गए तो उस की लड़की मृत्यु अवस्था में मिली। जिस की इन लोगों ने हत्या कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर पर पति सहित चार लोगों पर दहेज का मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### सपा कार्यकर्ताओं ने पीएम, शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली के विरोध में प्रदर्शन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन किसान डिग्री कॉलेज के पास प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली और पेपर लीक के विरोध में किया गया। समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष नंदेश्वर यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता देहात कोतवाली इलाके में स्थित किसान डिग्री कॉलेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार युवाओं और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे नौजवानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। यादव ने आगे कहा कि इसी वजह से वे सभी आज सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर लोहिया वाहिनी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

टक्कर के बाद सड़क किनारे गड्ढे में पलटा रिक्शा, पांच घायल, 2 गंभीर घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मटेरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बहराइच-नानपारा



मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर के बाद ई-रिक्शा सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। यह घटना सुबह करीब दस बजे बारिश के बीच एजीएम एकेडमी स्कूल के सामने हुई। मटेरा से बहराइच की ओर आ रही कार (संख्या यूपी 40 बीएच 4336) ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को टक्कर मारी। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को ई-रिक्शा से बाहर निकाला।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत

- चालक वाहन समेत मौके से फरार

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम कसान अपनी भाभी गुंजा (43) पत्नी वीरेंद्र दुबे को मोटरसाइकिल से इमलिया छीटू कौड़िया गांव लेकर जा रहे थे। इसी दौरान तुलसीराम पुरवा, सोहरियावां के पास बहराइच की ओर से आ रही तेज



रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर पीछे बैठी गुंजा सड़क पर गिर गई और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. वाहिद ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# एक ही परिवार में एमबीबीएस के पांच लोगों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

- कैसरगंज के हिसामपुर गांव में सीमित संसाधनों के बावजूद हासिल किया मुकाम

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़**

जिले के कैसरगंज में एक ही परिवार में पांच लोगों ने नीट क्वालीफाइड कर एमबीबीएस के परिवार ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा इतिहास रचा है। जिस पर पूरे कैसरगंज को गर्व है। सीमित संसाधनों के बावजूद इस परिवार ने मात्र पांच वर्षों में पांच एमबीबीएस डॉक्टर देकर यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बल पर किसी भी ऊँचाई को प्राप्त किया जा सकता है।परिवार की इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कैसरगंज के हिसामपुर निवासी बैतुल्लाह खान ने





2026 में नीट परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त किए और ऑल इंडिया रैंक हासिल कर एमबीबीएस में प्रवेश सुनिश्चित किया। बैतुल्लाह खान की इस सफलता से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बैतुल्लाह खान से पहले भी इसी परिवार से डाक्टर फाजिलुद्दीन खान ,डॉक्टर फजाला अदील, डॉक्टर सईदुद्दीनखान, डॉक्टर वजीयूद्दीन खान, डॉक्टर नवाजुद्दीन ,एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में समाज और मानवता की सेवा कर रहे है। समाज के इस साधारण परिवार की असाधारण उपलब्धि आज पूरे कैसरगंज के लिए प्रेरणा का विषय बन गई है। क्षेत्र के सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों सहित अनेक लोगों ने परिवार को बधाई देते हुए इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। लोगों का कहना है कि यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि यदि परिवार में शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनते।यह उपलब्धि बल्कि पूरे कैसरगंज और जनपद बहराइच के लिए गर्व का विषय है, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।

# चोरी की घटना का कुछ ही घण्टों में सफल अनावरण
# 1 अभियुक्त व 1 अभियुक्ता गिरफ्तार

- भारी मात्रा में सोने, चांदी के आभूषण व 50,000 रूपये नकद बरामद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** वादी लवकुश पुत्र रामबचन, निवासी ग्राम विशुनापुर बाजार, थाना खरगूपुर, जनपद गोण्डा द्वारा थाना खरगूपुर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 19.07.2026 की रात्रि अज्ञात चोर उसके घर में घुस आए तथा कमरे में रखे तीन बक्सों के ताले तोड़कर उनमें रखे सोने-चाँदी के आभूषण चोरी कर ले गए। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना खरगूपुर में अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग



पंजीकृत किया गया। घटना को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमो का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस टीम ने घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्रित करते हुए परिवार के सदस्यों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पुलिस टीम को वादी की पत्नी पूनम कसौधन की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुई। महिला आरक्षी द्वारा अलग से पूछताछ किए जाने पर उसने अपने रिश्तेदार विकास कसौधन के साथ मिलकर पूर्व नियोजित योजना के तहत अपने ही घर से आभूषण, नगदी एवं मोबाइल फोन चोरी कराए जाने की बात स्वीकार कर ली। अभियुक्ता की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त विकास कसौधन को उसके घर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के भारी मात्रा में सोने/चांदी के आभूषण व 50,000 रू0 नकद बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

# एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुई अपराध समीक्षा की बैठक



- उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी किये गये सम्मानित

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक तथा शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा गया कि पीड़ितों को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय दिलाने हेतु बेहतर पुलिसिंग आवश्यक है। जिसके दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।गोष्ठी के अंत में एसपी ने सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया । इसी क्रम में मुख्य आरक्षी बालेन्दु नाथ यादव, हेड पेशी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा मुख्य आरक्षी दिग्विजय सिंह, हेड पेशी, क्षेत्राधिकारी नानपारा द्वारा अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्वों का अद्वितीय निष्ठा, उत्कृष्ट कार्य-संस्कृति एवं अनुकरणीय कर्तव्यपरायणता के साथ निर्वहन किए जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। यक्ष ऐप पर सर्वाधिक 739 कैमरों की फीडिंग सुनिश्चित करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बृजेन्द्र मिश्र को सम्मानित किया गया। विभिन्न थानों में घटित 03 चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त के कब्जे से 10,000 नगद, आभूषण एवं अन्य चोरी की संपत्ति सहित लगभग 06 लाख मूल्य का माल बरामद करने हेतु प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा हरेन्द्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव एवं आरक्षी भगवानदीन वर्मा की प्रशंसा की गई। ष्ट्वश्चक्रपोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए विभिन्न कंपनियों के कुल 101 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द करने के उत्कृष्ट कार्य हेतु उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, आरक्षी नितिन अवस्थी एवं आरक्षी आनन्द उपाध्याय, सर्विलांस सेल को सम्मानित किया गया। थाना रूपईडीहा क्षेत्र में 1.876 किलोग्राम चरस की बरामदगी की प्रभावी कार्रवाई हेतु आरक्षी जयचन्द एवं आरक्षी रविन्द्र यादव की प्रशंसा की गई। साथ ही जनपद में सर्वाधिक 29 बीट सूचनाएँ अंकित करने के लिए आरक्षी रुपेशचन्द्र चतुर्वेदी, कोतवाली नगर को सम्मानित किया गया।

# 'आदर्श' नगर पंचायत की खुली पोल: पशु चिकित्सालय बना तालाब




- जलभराव में बीमार पशुओं का इलाज कराने को मजबूर पशुपालक

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

मिहींपुरवा को आदर्श नगर पंचायत बनाने के दावों की हकीकत पशु चिकित्सालय परिसर में साफ दिखाई दे रही है। समतलीकरण और जल निकासी की व्यवस्था के अभाव में पूरा परिसर बारिश के पानी से लबालब है। हालात ऐसे हैं कि पशु चिकित्सालय किसी तालाब में तब्दील नजर आ रहा है और बीमार पशुओं को इलाज के लिए लाने वाले पशुपालकों को भारी मशक्कत झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जयप्रकाश वर्मा ने इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी (ईओ) को कई बार लिखित प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में प्रशासनिक उदासीनता को लेकर नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का सवाल है कि जब प्रतिदिन हजारों लोगों के आवागमन वाले सरकारी पशु चिकित्सालय की यह दुर्दशा है, तो नगर पंचायत के अन्य विकास कार्यों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने जलभराव को तत्काल समाप्त करने, परिसर का समतलीकरण कराने और जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही तय करने की मांग की है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जिम्मेदार अधिकारी इस बदहाल व्यवस्था को सुधारते हैं या फिर 'आदर्श नगर पंचायत' का दावा केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

### जर्जर सड़क पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

छह साल से बदहाल मार्ग की मरम्मत की मांग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** फखरपुर विकास खंड में कोदही से कनेरा बाजार को जोड़ने वाला करीब दो किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग पिछले छह वर्षों से बदहाल है। इसी बदहाली के विरोध में रविवार दोपहर करीब दो बजे बारिश के बीच ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और मार्ग को शीघ्र सही कराने की मांग की। कोदही-कनेरा संपर्क मार्ग पर जलभराव और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है।

# आवास के इंतजार में उजड़ा आशियाना, मजबूर हुई महिला

- तेज बारिश के चलते भरभराकर गिरा कच्चा मकान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शिवपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत चंदेला कला में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के चलते एक गरीब महिला का कच्चा मकान देर रात भरभराकर गिर गया। घटना में महिला ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, हालांकि उसका आशियाना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गांव निवासी प्रभावती पत्नी खेलावन लोधी ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार



हो रही तेज बारिश के कारण देर रात उनका मिट्टी का मकान अचानक ढह गया। उस समय वह घर के अंदर मौजूद थीं। मकान गिरते ही उन्होंने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद उनका परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। प्रभावती का आरोप है कि आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के बावजूद उन्हें आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका, जबकि गांव में उनसे अधिक संपन्न लोगों को योजना का लाभ मिल चुका है। उन्होंने प्रशासन से आवास उपलब्ध कराने और आर्थिक सहायता देने की मांग की है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने राजस्व विभाग को दी।लेखपाल नरेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर नुकसान का निरीक्षण किया गया। जांच रिपोर्ट तैयार कर तहसील प्रशासन को भेज दी गई है, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत और सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### स्कूल और अस्पताल का रास्ता बना जोखिम भरा, जिम्मेदार बेखबर

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** नगर में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की समुचित मरम्मत न किए जाने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बलरामपुर मार्ग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला जाने वाला मार्ग तथा पुष्पांजलि होटल से एच.आर.ए. इंटर कॉलेज तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। बरसात के मौसम में इन मार्गों की स्थिति और भी दयनीय हो गई है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों और राहगीरों के लिए आवागमन जोखिम भरा बन गया है।

# भाला मारकर गौवंश को किया घायल, ग्रामीणों में आक्रोश



- मौके पर पहुंची पुलिस ने गौवंश के शरीर से निकलवाया भाला, डाक्टर बुलाकर कराया इलाज
- पुलिस ने दो समुदाय विशेष पर दर्ज किया मुकदमा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलामकन गांव में एक गौवंश को भाला मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। भाला गौवंश के शरीर में काफी देर तक धसा रहा। दर्द से व्याकुल गौवंश इधर उधर भटकता रहा। काफी देर बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर गौवंश को पकड़वाया। और चिकित्सक को बुलाकर गौवंश के शरीर से भाला निकलवाया। फिर उपचार हुआ। भाला मारने का आरोप गांव निवासी समुदाय विशेष के दो लोगों पर लगा। गांव निवासी विनीत सिंह सहित दर्जनों लोगों ने नाराजगी जताई। घटना की गंभीरता को समझते हुए प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। और जांच शुरू की। सोमवार सुबह करीब नौ बजे प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि गांव निवासी अली मर्दन और अनीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# आप पदक जीतिए, हम नौकरी में प्राथमिकता देंगे : योगी

**पारिवारिक विवाद घर में सुलझाएं, बाहरियों की दखलंदाजी ठीक नहीं**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में सभी लोगों से एक-एक कर मुलाकात की। उनका हालचाल जाना, पीड़ा पूछी, प्रार्थना पत्र लिया और उचित निराकरण का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री योगी ने राजस्व, पुलिस से जुड़े मामलों में हीलाहवाली की शिकायत पर सख्ती भी दिखाई। अभिभावकों के साथ आए नन्हे-मुन्नों को योगी ने चॉकलेट दी और बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा।



'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री से मिलने कई खिलाड़ी भी पहुंचे। सभी ने अपनी बातें रखीं। योगी ने भी खेलों के लिए उनकी तैयारी और पदकों के बारे में भी जानकारी ली। सकारात्मक उत्तर न मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी खूब परिश्रम कीजिए। उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की निरंतर सीधी भर्ती कर रही है। कई खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार समेत कई पदों पर नियुक्ति दी गई है। आप भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाइए, सरकार पुरस्कार राशि के साथ ही नौकरी भी देगी। इसके लिए खूब पसीना भी बहाना होगा। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को खेलकर खिलने का भी आशीर्वाद दिया।

'जनता दर्शन' में पारिवारिक विवाद से भी जुड़े मामले आए। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रकरण के बारे में विस्तृत जानकारी ली। फिर शिकायती पत्र लेकर आए लोगों की काउंसिलिंग की और इसके दुष्परिणाम को लेकर चेताया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले बच्चों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, इसलिए घर के बड़े-बुजुर्गों के सामने बैठकर इसे सुलझाएं। निजी मामलों में बाहरियों को न शामिल करें।

**मुख्यमंत्री योगी ने हीलाहवाली पर दिखाई सख्ती**

मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े मामले भी आए। इस पर उन्होंने प्रकरण की जानकारी ली। पूछा कि कितने दिन पहले पुलिस या राजस्व कर्मी से शिकायत की थी। समय अधिक होने पर मुख्यमंत्री ने सख्ती दिखाई और कहा कि यह हीलाहवाली नहीं चलेगी। समय सीमा के भीतर निस्तारण न करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी।
'जनता दर्शन' में कुछ अभिभावकों के साथ बच्चे भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उनसे नाम और क्लास पूछा। उन्हें दुलारा-पुचकारा, फिर चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कुछ सवाल भी किए, फिर मन लगाकर पढ़ाई करने और खूब नाम कमाने का आशीर्वाद भी दिया।

# उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की बड़ी पहल : प्रदेश के छह जनपदों में महापुरूषों की प्रतिमाएं स्थापित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के महापुरूषों, नायकों, भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले साहित्यकारों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियां स्थापित करायी गयी है। इसमें से सूर्यकुंड अयोध्या में भगवान सूर्य नारायण की 06 फीट खड़ी सैंड स्टोन की मूर्ति, गणेश कुंड अयोध्या में भगवान गणेश की 10 फीट खड़ी सैंड स्टोन की मूर्ति, अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी की 06 फीट बैठी हुई कांस्य मूर्ति, कासगंज रेलवे पुल के पास शहीद स्थल एटा में बाबू कल्याण सिंह की 12.5 फीट खड़ी कांस्य मूर्ति तथा महमूदाबाद



सीतापुर में महंत अवैद्यनाथ की 12.5 फीट खड़ी कांस्य मूर्ति, प्रयागराज में कमला बहुगुणा की 06 फीट कांस्य मूर्ति तथा जनपद फरुखाबाद के जहानगंज रोड क्षत्रीयभवन में महाराणा प्रताप की 12.5 फीट अश्वारोही मूर्ति स्थापित कर दी गयी है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि देश के नागरिकों, साहित्यकारों तथा महापुरूषों के योगदान को जीवंत बनाए रखने के लिए उनकी प्रतिमाएं स्थापित करने का कार्य संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में अवंतीबाई की 12.5 फीट अश्वारोही कांस्य प्रतिमा, कालों कुआं चौराहा, बांदा में स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस मूर्ति निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार बाबू कल्याण सिंह की 12.5 फीट खड़ी कांस्य मूर्ति, कासगंज एटा का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारोही 12.5 फीट खड़ी कांस्य प्रतिमा तींदवारी रोड बड़ा चौराहा, बांदा में स्थापित कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

## खबरें एक नजर में

### जौहर यूनिवर्सिटी भवन को ध्वस्त करने से बाज आये राज्य सरकार : भाकपा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने आरोप लगाया है कि आरएसएस नियंत्रित डबल इंजन वाली भाजपा सरकारें अपने निहित चुनावी हितों को पूरा करने के लिये आम लोगों को शिक्षा से वंचित करने के षड्यंत्रों में लगी हैं। इन सरकारों ने हजारों विद्यालयों को बंद कर दिया, शिक्षा को निजी क्षेत्र के हाथों सौंप उसे आम और गरीब छात्रो के लिये असंभव बना दिया, पेपरलीक जैसे दूषित माध्यमों के जरिये मेधावी छात्रों को किनारे लगा संघ समर्थित बौडमों को मौका देने का षड्यंत्र रचा है और अब रामपुर के जौहर विश्वविद्यालय पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। जौहर विश्वविद्यालय पर बुलडोजर चला कर 3 हजार से अधिक छात्रों का भविष्यअन्धकारमय बनाने का प्रयास है, वहीं जनाधार गँवा चुकी मोदी–योगी डबल इंजन सरकार इस कारगुजारी के जरिये आगामी विधान सभा चुनावों से पहले ध्रुवीकरण कराने की साजिश रच रही है।भाकपा सरकार के इस प्रयास की कड़े शब्दों में निंदा करती है। उत्तर प्रदेश का छात्र– युवा और आम आदमी बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है। भाकपा के राष्ट्रीय सचिव डा.गिरीश ने कहा कि भाजपा सरकार अपने संकीर्ण राजनेतिक स्वार्थों के लिये कानूनी पेचीदगियां निकाल कर उन भवनों को भी ध्वस्त करती रही है जिनका जनहित में उपयोग हो सकता है, अथवा हो रहा है। इन भवनों के निर्माण में राष्ट्र के प्राकृतिक और सार्वजनिक संसाधनों का उपयोग हुआ है, अतएव निर्मित इन भवनों को मनमाने ढंग से ध्वस्त करने का औचित्य नहीं है।

### मांगों को लेकर पंचायत सहायकों का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वेतन वृद्धि व अन्य मांगों को लेकर पंचायत साहयकों का प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन इको गार्डन में चल रहा है। यहां पूरे प्रदेश से लगभग 5000 पंचायत सहायक मौजूद हैं। प्रदर्शनकारी जोरदार नारेबाजी कर रहे हैं। अभी भी पंचायत सहायकों का आना जारी है यह संख्या बड़ी भी हो सकती है। पंचायत सहायक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद चाँद पंचायत सहायक संगठन उत्तर प्रदेश व शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की पूरे प्रदेश से पंचायत सहायको को सोमवार को इको गार्डन पहुंचने का आह्वान किया गया था, जिसके तहत यहां सभी उपस्थित हो रहे हैं। बताया कि उनकी कुल 5 मांग है जिसको लेकर वह प्रदर्शन कर रहे हैं। अनुबंध प्रक्रिया समाप्त करें और हमें ग–श्रेणी के राज्य कर्मचारी के रूप में स्थाई किया जाए और वेतन वृद्धि की जाय। पंचायतीराज विभाग में 50: प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। नगर पंचायत में समायोजन, पंचायतों में पद के समकक्ष पंचायत सहायक को कार्य दिया जाए एवं पंचायत सहायक की इच्छा अनुसार स्थानांतरण किया जाए। महिला पंचायत सहायक की शादी होने पर वर्तमान पद के समकक्ष अन्य विभाग में ससुराल के नजदीक समायोजन किया जाए। पंचायत सहायक के सेवानिवृत होने पर सेवानिवृत पेंशन की व्यवस्था बनाई जाये।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलएम प्रवेश परीक्षा के दौरान हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के सेकेंड कैंपस में सोमवार को एलएलएम प्रवेश परीक्षा के दौरान जमकर हंगामा हो गया। परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्र पर नकल को लेकर सवाल उठाते हुए विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान एडमिशन सेल के कर्मचारियों और मौजूद प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों के साथ अभ्यर्थियों की बहस हो गई। देखते ही देखते बहस के साथ धक्का–मुक्की भी होने लगी। माहौल बिगड़ गया। अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा कक्ष में कुछ लोग मोबाइल फोन लेकर परीक्षा दे रहे हैं। ऐसे में नकलविहीन परीक्षा कैसे कराई जा सकती है। अभ्यर्थियों ने परीक्षा की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की। दरअसल, रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के सेकेंड कैंपस में एलएलबी प्रवेश परीक्षा के दौरान भी नकल के दो मामले सामने आए थे। निगरानी के दौरान एक अभ्यर्थी को मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया था, जबकि दूसरे को स्मार्ट चश्मे के जरिए नकल करते हुए पकड़ा गया था।

### जौहर यूनिवर्सिटी कार्रवाई के विरोध में सपा यूथ ब्रिगेड का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जौहर यूनिवर्सिटी को गिराने के आदेश के विरोध में समाजवादी पार्टी (सपा) यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के बाहर पहुंचकर कार्रवाई के खिलाफनारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस पहले से तैनात रही। जैसे ही प्रदर्शनकारी विधानसभा के बाहर पहुंचे, पुलिस ने उन्हें रोकने की कार्रवाई की और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने जौहर यूनिवर्सिटी के खिलाफकी जा रही कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग उठाई। इस दौरान विधानसभा के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।

# जेलों को आधुनिक सुरक्षित एवं सुधारोन्मुख बनाया जा रहा : दारा सिंह चौहान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की योगी सरकार कारागारों की सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए है। जेलों को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुधारोन्मुख बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा। जेलों में बंद कैदियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने और उनमें सकारात्मक सुधार लाने की दिशा में ठोस कार्यवाही की जा रही है।

कारागार मंत्री सोमवार को कारागार मुख्यालय के डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में आयोजित कारागार अधिकारी संवर्ग (123वाँ सत्र) एवं जेल वार्डर संवर्ग (179वाँ सत्र) के पासिंग आउट परेड के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कारागार मंत्री ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास के साथ उनमें नैतिक मूल्यों




को बढ़ाने व व्यवसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देने पर भी ध्यान दिया जा रहा, जिससे वे एक जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज के लिए उपयोगी बन सकें।

दारा सिंह चौहान ने सर्वप्रथम उन्होंने परेड वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। परेड में कुल 91 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ के 06 अधीक्षक एवं 03 सहायक अधीक्षक तथा प्रदेश के 03 डिप्टी जेलर सहित कुल 12 अधिकारी तथा प्रदेश के 79 जेल वार्डर शामिल रहे। इस अवसर पर कारागार मंत्री ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त सभी अधिकारी एवं जेल वार्डर कर्तव्यनिष्ठ होकर ईमानदारी एवं सेवाभाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 31 प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया। नई जिम्मेदारी हेतु प्रशिक्षण प्राप्त सभी अधिकारियों एवं जेल वार्डर को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई।

अधिकारी संवर्ग में छत्तीसगढ़ के जेल अधीक्षक प्रसून गुप्ता, सुधीर ठाकुर, टामन, निर्मल सिंह, समीक्षा साहू, लोकेश्वरी, सहायक अधीक्षक छत्तीसगढ़ संदीप कुमार, महेंद्र कुमार, अनुप्रिया लाकड़ा एवं डिप्टी जेलर उत्तर प्रदेश अनुपम मिश्रा, दिशा, तेजस्वी तिवारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं जेल वार्डर संवर्ग में उत्तर प्रदेश के 79 प्रशिक्षु जेल वार्डर सम्मिलित रहे। दीक्षांत समारोह में अधिकारी संवर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का पुरस्कार छत्तीसगढ़, जिला कारागार गरियाबंद के जेल अधीक्षक टामन को तथा जेल वार्डर संवर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का पुरस्कार उत्तर प्रदेश, जिला कारागार बागपत के अतुल यादव को प्रदान किया गया।

# पेराई सत्र से पहले मंत्री ने चीनी मिल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**प्लांट से सड़क तक हर व्यवस्था होगी दुरुस्त**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आगामी पेराई सत्र के दृष्टिगत घोसी सहकारी चीनी मिल का निरीक्षण कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिल परिसर का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी पेराई सत्र सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। श्री शर्मा ने चीनी मिल के प्लांट, मशीनरी, मैनपॉवर, संविदाकर्मियों की उपलब्धता, आंतरिक सड़कों तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक बिंदु की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि मिल के संचालन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। चीनी मिल के महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि मिल के आधुनिकीकरण, मरम्मत, मशीनों के उन्नयन, मानव संसाधन की आवश्यकता, संविदाकर्मियों की व्यवस्था तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से संबंधित विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर शासन को उपलब्ध कराया जाए, ताकि आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा सके। सरकार का उद्देश्य सहकारी चीनी मिलों को अधिक सक्षम, आधुनिक और तकनीक आधारित बनाना है, जिससे पेराई क्षमता में वृद्धि हो, संचालन अधिक प्रभावी बने तथा किसानों को समय पर उनकी उपज का लाभ मिल सके।

# आत्मनिर्भर बन रहे कौशल विकास विभाग से प्रशिक्षित युवा : कपिल देव अग्रवाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योगी की पाती पर गर्व व्यक्त किया है।

मंत्री अग्रवाल ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कौशल विकास विभाग से प्रशिक्षित युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं और प्रदेश के विकास का आधार बन रहे हैं। यह पत्र उन्हें और अधिक परिश्रम करने तथा युवाओं को लगन से प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योगी की पाती के माध्यम बताया कि प्रदेश की युवा शक्ति कौशल से जुड़कर विकसित उत्तर प्रदेश और वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कर्म और कौशल को सर्वोच्च स्थान देने वाली सनातन संस्कृति के मूल्यों को इस विश्वास का कारण बताया, जिसका उदाहरण रामायण में रामसेतु का निर्माण है। उन्होंने सोनभद्र की हेमा का उदाहरण दिया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से 20 हजार से शुरू किया गया अपना फर्नीचर व्यवसाय लाखों के टर्नओवर में बदल दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि योगी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में पारंपरिक कौशल और आधुनिक तकनीक के समन्वय से उत्तर प्रदेश को कौशल प्रदेश में बदला है। कौशल सेतु एवं कौशल



सारथी का शुभारंभ इसी संकल्प का प्रतीक है। प्रदेश आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं एआई हब के रूप में स्थापित हो रहा है, और एक जनपद, एक उत्पाद योजना से पारंपरिक हुनर को वैश्विक पहचान मिली है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि टेक युवा-समर्थ युवा पहल नई पीढ़ी को भविष्य की तकनीकों से जोड़ रही है, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कौशल को स्वरोजगार एवं उद्यमिता की शक्ति में बदल रहा है। प्रोजेक्ट प्रवीण के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित शिक्षा के साथ निःशुल्क व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण मिल रहा है, और स्किल फॉर जीरो पॉवर्टी पहल के अंतर्गत गरीब परिवारों के एक सदस्य को कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अकेले एमएसएमई सेक्टर से लगभग 4 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने युवाओं से कम से कम एक कौशल सीखकर समाज और प्रदेश की प्रगति में सक्रिय भागीदारी करने और लाभान्वित हुए युवाओं से अन्य साथियों को भी जानकारी देने का आग्रह किया।

# मेडिकल परीक्षा धांधली व पेपर लीक पर मायावती ने मोदी सरकार को दी खुली चेतावनी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद के मानसून सत्र की शुरुआत पर केंद्र सरकार से जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग करते हुए कहा कि देश में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बीच संसद से लेकर सड़कों तक टकराव की स्थिति से बचना चाहिए।

सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में मायावती ने कहा कि मेडिकल समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रियाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं में भारी निराशा और असंतोष है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार को तुरंत प्रभावी कदम उठाने चाहिए तथा दोषियों के साथ-साथ परीक्षा प्रणाली से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

बसपा प्रमुख ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव के कारण निजी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता बढ़ रही है, जिससे आम परिवारों पर अतिरिक्त



आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उन्होंने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और छात्रों-छात्राओं को आगे बढ़ाने में बाधक तत्वों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता बताई। मायावती ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि वे अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने शिक्षा के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान करने और उसकी गुणवत्ता सुधारने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि यदि इन मुद्दों पर समय रहते गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया तो युवाओं में असंतोष बढ़ेगा और विभिन्न स्थानों पर आंदोलन तेज हो सकते हैं। सरकार को संवेदनशीलता के साथ इन समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

# जन भवन के अधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों ने ऐशबाग रेलवे स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जन भवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों द्वारा सोमवार को ऐशबाग रेलवे स्टेशन लखनऊ में विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया गया।

इस अवसर पर जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर तथा रेलवे ट्रैक के आसपास फैली गंदगी की सफाई की और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। अभियान के दौरान लगभग 25 टन कचरा एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया। श्रमदान के माध्यम से यह संदेश



दिया गया कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग, संस्था या निकाय की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। स्वच्छ परिवेश स्वस्थ जीवन का आधार है और स्वच्छता के लक्ष्य को जनभागीदारी के माध्यम से ही प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। स्वच्छ स्टेशन, स्वस्थ भारत' के संदेश के साथ आयोजित आज इस स्वच्छता अभियान ने स्वच्छ परिवेश, स्वस्थ जीवन और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जनसहभागिता का आह्वान किया।

### एनसीसी एयर विंग कैडेट के तौर पर लड़के व लड़कियों का एनरोलमेंट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एनसीसी एयर विंग में कैडेट के तौर पर शामिल होने के लिए दी गई निम्नलिखित योग्यता शर्तों को पूरा करने वाले 24 साल और उससे कम उम्र के इच्छुक छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक लखनऊ यूनिवर्सिटी/यूपीटीयू (लखनऊ क्षेत्र) से जुड़े किसी भी कॉलेज में ग्रेजुएशन/ 3 साल के डिप्लोमा/ बी.टेक के पहले साल में या 4 साल/ 5 साल वाले ग्रेजुएशन कोर्स के दूसरे साल में पढ़ रहे हों। इंटरमीडिएट स्तर पर साइंस स्ट्रीम के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 30 जुलाई 2026 है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म 20 जुलाई 2026 से किसी भी कामकाजी दिन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच सीधे 5 यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, C–896/E, महानगर एक्सटेंशन, पुराने आरटीओ ऑफिस के पास, लखनऊ (फ़ोन– 0522–4081222) से लिए जा सकते हैं। एनसीसी कैडेट को तीन साल तक सामान्य और मिलिट्री से जुड़े विषयों पर ट्रेनिंग दी जाती है। ट्रेनिंग के दूसरे और तीसरे साल के आखिर में होने वाली परीक्षाओं में पास होने पर उन्हें क्रमशः B और C सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। एनसीसी के सिलेबस में माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट उड़ाना, एयरो मॉडलिंग, ड्रिल और हथियारों की ट्रेनिंग (छोटे हथियारों से फायरिंग सहित), एडवेंचर एक्टिविटीज़, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, समाज सेवा की गतिविधियां और बहुत कुछ शामिल है। काबिल कैडेट को यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के दौरान विदेशों में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिलता है। C सर्टिफिकेट परीक्षा में A/B ग्रेडिंग पाने वाले और ग्रेजुएशन/ बी.टेक में कुल मिलाकर कम से कम 50% (एयर फ़ोर्स के लिए 60%) अंक पाने वाले कैडेट, भारतीय सशस्त्र बलों में ऑफिसर कैडर में शानदार करियर बनाने के लिए यूपीएससी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा दिए बिना सीधे एसएसबी इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। एनसीसी सर्टिफिकेट धारकों को कई यूनिवर्सिटी/कॉलेज एडमिशन/ पढ़ाई में बोनस मार्क्स/ छूट देते हैं और राज्य सरकार/केंद्र सरकार नौकरी के लिए उन्हें उचित वेटेज देती है। इसके अलावा, काबिल और होनहार छात्रों को सहारा ग्रुप/उ. प्र. सरकार और एनसीसी संगठन की ओर से स्कॉलरशिप भी दी जा जायेगी।

**पहल** | **सड़क सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान, निजी-सरकारी वाहन किए गए स्क्रैप**

# प्रदेश में रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी सेंटर शुरू

**1.95 लाख पुराने वाहन चलन से बाहर**


लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है।

पॉलिसी लागू होने के बाद 30 जून तक प्रदेश में 1.85 लाख से अधिक निजी और 10 हजार से अधिक सरकारी वाहनों को अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों के माध्यम से स्क्रैप किया जा चुका है। प्रदेश में अब तक1.95 लाख से अधिक पुराने व अनुपयोगी वाहनों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने वाहन स्क्रैपिंग की पूरी प्रक्रिया को तकनीक आधारित, पारदर्शी और आसान बनाया है। प्रदेश में वर्तमान समय में 101 रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी का पंजीकरण किया जा चुका है, जिनमें से 50 केंद्र पूरी तरह संचालित हैं।

इन केंद्रों के माध्यम से पुराने और अनुपयोगी वाहनों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। परिवहन विभाग के मुताबिक प्रदेश सरकार व विभाग का उद्देश्य केवल पुराने वाहनों को हटाना नहीं बल्कि सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है।

इस पॉलिसी से सड़क दुर्घटनाओं



में कमी आएगी, वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन घटेगा, ईंधन दक्षता बढ़ेगी। स्क्रैप धातु एवं अन्य सामग्रियों का वैज्ञानिक पुनर्चक्रण संभव होगा।

निवेश को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की भी उम्मीद है। पुराने और प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है, जो निर्धारित तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते। वाहनों की फिटनेस जांच आधुनिक ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन में अत्याधुनिक कम्प्यूटरीकृत मशीनों से मानवीय हस्तक्षेप के बिना की जाती है। यदि कोई वाहन निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता, तो उसे पहले अनफिट घोषित किया जाता है और पुनः परीक्षण में भी असफल रहने पर उसे एंड ऑफ लाइफ व्हीकल घोषित कर स्क्रैपिंग की प्रक्रिया में शामिल किया जाता है। प्रदेश सरकार स्क्रैपिंग नेटवर्क का तेजी से विस्तार भी कर रही है। जिन जिलों में अभी तक स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित नहीं हुए हैं, वहां निजी निवेश के माध्यम से नए केंद्र खोलने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में 30 नए स्क्रैपिंग केंद्रों के प्रस्ताव व आवेदन प्रक्रियाधीन हैं, जिससे आने वाले समय में यह सुविधा प्रदेश के ज्यादातर जिलों तक पहुंच जाएगी। अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर वाहन जमा करने के बाद सर्टिफिकेट ऑफडिपॉजिट जारी किया जाता है। इस प्रमाणपत्र के आधार पर नया वाहन खरीदने पर व्यावसायिक वाहनों के लिए रोड टैक्स में 10 प्रतिशत तक व निजी वाहनों के लिए 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। वाहन मालिक को स्क्रैप किए गए वाहन का मूल्य भी प्राप्त होता है। इस नीति से सिर्फ पर्यावरण संरक्षण व सड़क सुरक्षा को ही मजबूती नहीं मिलेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल, स्टील, एल्युमिनियम, तांबा, प्लास्टिक और रबर रीसाइक्लिंग उद्योगों को भी बेहतर कच्चा माल उपलब्ध हो पा रहा है।

# दिल्ली में सांसद डिंपल यादव को हिरासत में लिए जाने पर भड़के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में सोमवार को सपा कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन। समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता हजरतगंज चौराहे पर पहुंचे और सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी हंगामा करने लगे। दिल्ली जंतर मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन को समर्थन देते हुए सपाईयों ने सरकार पर छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। दिल्ली में डिंपल यादव और सपा सांसदों की गिरफ्तारी का विरोध किया। नगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी समेत सपा नगर यूनिट के तमाम पदाधिकारी और सदस्य इसमें शामिल हुए। फाखिर ने कहा कि दिल्ली में जिस तरह से छात्रों के ऊपर बर्बरता से लाठी बरसाई गई यह सीधे तौर पर लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। पहले यह सरकार पेपर लीक करवा के छात्रों का



भविष्य बर्बाद करती है। उसके बाद न्याय मांगने पर उनके ऊपर लाठियां बरसाती है। प्रदर्शन कर रहे हैं सपाइयों ने कहा कि डिंपल यादव को हिरासत में लेना बेहद शर्मनाक है। वह एक चुनी हुई संसद और जनप्रतिनिधि हैं आम जनता की आवाज बनना उनका कर्तव्य है। मगर आज जिस तरह से तमाम विपक्षी सांसदों की आवाज दवाई जा रही है या आवाज दबने वाली नहीं। समाजवादी पार्टी सदन से लेकर सड़क तक छात्रों के , किसानों के और आम जनता के मुद्दों पर लड़ेगी। दिल्ली में हमारे नेता डिंपल यादव और तमाम सांसद लड़ रहे हैं लखनऊ में हम लोग सड़कों पर उतरे हैं।

## खबरें एक नजर में

### बहुजन आर्मी बहुजन एकता मिशन ने सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** बहुजन आर्मी बहुजन एकता मिशन के जिलाध्यक्ष रोहित कनौजिया के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में बताया दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे आंदोलन के माध्यम से देशभर के छात्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था, पेपर लीक की घटनाओं पर रोक तथा युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की मांग कर रहे है। बार-बार होने वाली परीक्षा अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों विद्यार्थियों के विश्वास को गभीर रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने मांग कि प्रतियोगी परीक्षाओं को पूर्णत: निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित परीक्षा प्रणाली लागू की जाए, पेपर लीक एवं परीक्षा धांधली के मामलों की निष्पक्ष जांचकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, जिन अभ्यर्थियों का भविष्य पेपर लीक अथवा परीक्षा अनियमितताओं से प्रभावित हुआ है उनके हितों की रक्षा हेतु प्रभावी व्यवस्था किए जाने की मांग की है। इस दौरान अजीत कुमार, अशीष चैधरी, खुशीराम, आशिक अली, अतुल कुमार, सुमित कनौजिया, सूरज गौतम आदि मौजूद रहे।

### भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में पुलिस ने किया नजरबंद



**पुवायां, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के तहसील महासचिव सचिन मिश्रा को सोमवार को उनके गांव सतवां बुजुर्ग स्थित आवास पर नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया गया। यह कार्रवाई भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में की गई। संगठन का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें 21 जुलाई को दिल्ली के किसान घाट पर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए यह कदम उठाया है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील से किसानों, खाद्य पदार्थों के व्यापार और स्थानीय कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसी मुद्दे पर संगठन ने कार्यकर्ताओं से दिल्ली पहुंचकर विरोध दर्ज कराने की अपील की थी। तहसील महासचिव सचिन मिश्रा ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस रवैये से लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और संगठन किसानों के हितों की लड़ाई जारी रखेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के इस कथित तानाशाही रवैये को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि, इस मामले में पुलिस की ओर से देर शाम तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

### सर्राफा दुकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपये की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**बंडा,शाहजहांपुर।** बंडा क्षेत्र के अंतर्गत बिलसंडा मार्ग पर स्थित एक सर्राफा दुकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। आरोप है कि चोर दुकान का ताला और दरवाजा तोड़कर रैक में रखे डेढ़ लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए जबकि सोना चांदी को छुआ तक नहीं। घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब पीड़ित के ड्राइवर ने दुकान का टूटा हुआ ताला देखा। बंडा गांव निवासी हरिओम सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बिलसंडा मार्ग पर श्राज ज्वैलर्सश् नाम से सर्राफा की दुकान है। रोज की तरह वह अपनी दुकान बंद करके घर गए थे। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पास स्थित गैलरी के दरवाजे का ताला काटा और फिर दुकान का मेन दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। चोरों ने दुकान की रैक खंगाली और वहां रखी डेढ़ लाख रुपये की नकदी समेटकर रफूचक्कर हो गए ।घटना का खुलासा सोमवार सुबह करीब 6रू00 बजे हुआ, जब पीड़ित हरिओम सिंह का ड्राइवर राहुल सिंह दुकान की तरफ से गुजर रहा था। दुकान का ताला और दरवाजा टूटा देख उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत इसकी सूचना दुकान स्वामी हरिओम सिंह को दी। मौके पर पहुंचे पीड़ित ने जब दुकान के अंदर का नजारा देखा, तो चोरी की बात सामने आई। लेकिन वहीं चोरों ने दुकान में रखे सोने चांदी के जेवर को हाथ तक नहीं लगाया जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पीड़ित हरिओम सिंह ने इस संबंध में थाना बंडा के प्रभारी निरीक्षक को लिखित तहरीर देकर मामले की रिपोर्ट दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, फिर भी फॉरेसिंक टीम के द्वारा मामले को गहराई से जांचा जा रहा है, जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### स्कूल गई नाबालिग छात्रा हुई लापता, रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** तीन दिन पूर्व स्कूल गई नाबालिग छात्रा के लापता हो जाने की पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी बीती 18 जुलाई को सुबह सात बजे गांव डडिया बाजार स्थित स्कूल पढ़ने गई थी। छुट्टी होने के बाद घर न लौटने पर उसकी तलाश की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर लापता छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

### खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए पशुपालक नि:शुल्क करेंगे टीकाकरण

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत 22 जुलाई से 4 सितम्बर 2026 तक 45 दिवसीय कार्यक्रम संचालित किया गया है। जानकारी देते हुए सीवीओ डा.राजेंद्र प्रताप ने बताया कि एफएमडी टीकाकरण के लिए जनपद को वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है। वैक्सीन को जनपद के विकास खण्डों को आवंटित की जा चुकी है। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत जनपद के महिषवंशीय एवं गोवंशीय पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग के बाचव को टीकाकरण कराया जाएगा। टीकाकरण के लिए जनपद के विकास खण्ड स्तर पर टीमों का गठन किया जा चुका है, जोकि पशुपालक द्वार पर जाकर नि:शुल्क टीकाकरण करेगें। टीकाकरण करने हेतु गोवंशीय एवं महिषवंशीय गोवंशों को ईयर टैगिंग किया जाएगा तथा रिकार्ड भारत पशुधन एप पर रजिस्टर्ड किया जाएगा। सीवीओ ने पशुपालकों से अपील की कि वह अपने-अपने गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में एफएमडी टीकाकरण अवश्य कराएं एवं पशुओं में ईयर टैगिंग भी अवश्य कराएं। जिससे रिकार्ड भारत पशुधन एप पर सुरक्षित कराया जा सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने पी फिनायल, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर -शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फिनायल पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां से गंभीरावस्था में उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सोमवार को नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी अजय कुमार की पत्नी खुशबू 28 ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखी फिनायल पी ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजन आनन फानन में सीएचसी तिलहर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर प्राथमिक उपचार देकर जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीएचसी से घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम कंपाउंड परिसर स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयरहाउस का बाह्य मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में ईवीएम को सुरक्षित रखने से संबंधित सभी सुरक्षात्मक बिंदुओं की गहन जानकारी की। वेयरहाउस के फायर व्यवस्था, गार्ड व्यवस्था, आदि का जायजा लेते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्निशमन यंत्र समुचित रूप से क्रियाशील रहें। यह किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सांप के डसने से किशोर की मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** रात में चारपाई से उतरते ही एक किशोर को तहसील क्षेत्र के गांव समधाना निवासी एक युवक की सांप के काटने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात ग्राम समधाना निवासी 16 वर्षीय सूरज पुत्र गुड्डू चारपाई से उठकर नीचे उतरा, तभी उसे सांप ने डस लिया। सांप के काटते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलने पर परिजन आनन फानन में सीएचसी तिलहर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान सूरज की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## मन्नान उल्ला बनेंगे एमबीबीएस



शाहजहांपुर। शहर के मोहल्ला हाथी थान जलालनगर निवासी मन्नान उल्ला खान पुत्र मोहम्मद इरफान उल्ला खान ने हाल ही में नीट के घोषित रिजल्ट में 626 अंक प्राप्त कर 4000 वीं रैंक प्राप्त की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और गुरुजनों माता-पिता चाचा फुरकानुल्ला खान के सहयोग को दिया है। बच्चों की सफलता पर परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बिजली हादसे से अनाथ हुए 5 बच्चों के लिए उम्मीद बने समाजसेवी अभिषेक डैनियल



**शाहजहांपुर।** परशुरामपुरी क्षेत्र के ग्राम कसारी में गत दिनों हुए दर्दनाक हादसे में बिजली का करंट लगने से अमर सिंह भोजवाल एवं उनकी पत्नी कुसुमा की मृत्यु हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना के बाद उनके पांच मासूम बच्चे अनाथ हो गए और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की जानकारी मिलने पर पहल ग्रुप के निदेशक अभिषेक डैनियल ने बच्चों के घर पहुँचकर परिवार से मुलाकात की तथा संवेदना व्यक्त की। इस दौरान बच्चों की आवश्यक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए गेहूं, आटा, चावल सहित अन्य आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई, ताकि परिवार को तत्काल राहत मिल सके। पहल ग्रुप के निदेशक अभिषेक डैनियल ने कहा कि ऐसे कठिन समय में समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति आगे आकर जरूरतमंद परिवारों का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि मानवता की सच्ची सेवा वही है, जो संकट की घड़ी में किसी के काम आए। पहल ग्रुप इन पाँच मासूम बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए यथासंभव सहयोग जारी रखेगा। जिससे उन्हें शिक्षा, भोजन और आवश्यक सुविधाएँ प्राप्त हो सकें।

# सपा छात्र सभा के पदाधिकारियों को पुलिस ने किया नजरबंद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विगत कई दिनों से नई दिल्ली जंतर मंतर में चल रहे नीट और अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच, परीक्षा प्रणाली में सुधार और पारदर्शिता, शिक्षा मंत्रालय के स्तर पर जवाब देही तय करना तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे आदि प्रमुख मांगों को लेकर देशव्यापी धरना प्रदर्शन एवं सांसद के लिए पैदल मार्च में सम्मिलित होने न देने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस द्वारा आज प्रातः काल में समाजवादी छात्र सभा शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया को घर में नजर बंद किया गया। समाजवादी छात्र सभा के जिला महासचिव सौमित्र यादव, समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष सुबहान खान सहित कई प्रमुख पदाधिकारियों के घर स्थानीय पुलिस द्वारा नजर बंद करने की सूचना प्राप्त हुई। जिलाध्यक्ष प्रसून कनौजिया ने कहा समाजवादी लोग छात्र हितों एवं उनके हक अधिकारों के लिए इस तानाशाही सरकार से लड़ते रहेंगे और आने वाले समय में इस सरकार की ईट से ईट बजाने का काम करेंगे।

## हाइवे पर काल बनकर घूम रहे आवारा पशु, प्रशासन बना मूकदर्शक

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सभी हाइवे पर आवारा पशुओं का झुंड काल बनकर घूम रहा है। सड़क पर इनके जहां तहां बैठने से आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है। वहीं पशुओं की भी मौते हो रही है। दिन हो या रात आवारा पशुओं के हाइवे पर झुंडों ने राहगीरों की मुसीबतें बढ़ा दी है। यह हाल सड़कों के अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी है। जिसकी जानकारी प्रशासन को भी है। लेकिन प्रशासन इस मामले की चुप्पी साधे है। पिछले कई वर्षों से

**आए दिन होते हादसे, जिम्मेदारों की कान पर नहीं रेंगती जूं**

आवारा पशुओं का आतंक देखने को मिल रहा है। क्योंकि किसानों ने अपनी गायों और सांडो को आवारा छोड़ दिया। अब ये आवारा पशु शाम होते ही हाइवे पर जुटने लगते है। मौसम ठंडा होने पर यह सड़क पर जहां तहां झुंड में बैठ जाते है। ऐसे में राहगीरों को अपने वाहन निकलने में परेशानी होती हैं। कई बार आवारा पशु जाम का कारण भी बनते है। पिछले कुछ दिनों में पशुओं के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है। और वहीं ट्रकों की चपेट में आने से पशुओं की भी मौत हो जाती है। इस बात को गम्भीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के आला अधिकारियों को आवारा पशुओं को पकड़बाकर गौशालाओं में भिजबाने का आदेश दिया गया है लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन इन्हें पकड़ने के लिए कोई कदम नही उठा रहा है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला स्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय

**पल्लवी बनी जिला उपाध्यक्ष और हेमंत कुमार को जिला कार्यकारिणी सदस्य बने**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला स्तरीय बैठक में संगठन के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला कार्यकारिणी के विस्तार का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में पल्लवी गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष तथा हेमंत कुमार सक्सेना को जिला कार्यकारिणी सदस्य के दायित्व पर मनोनीत किया गया।

इसके अतिरिक्त संगठन को विकासखंड स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से ददरौल विकासखंड इकाई में गौरव सक्सेना एवं महेंद्र पाल को संगठनात्मक कार्यों में सहयोग का दायित्व सौंपा गया। उनके विशिष्ट दायित्वों की घोषणा ददरौल विकासखंड अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वारा पृथक रूप से की जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित होती है। आज जिन साथियों को दायित्व सौंपे गए हैं, उनसे अपेक्षा है कि वे संगठन की विचारधारा, अनुशासन एवं गरिमा के अनुरूप कार्य करते हुए शिक्षक हितों की आवाज को और अधिक प्रभावी बनाएँगे। जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सदैव कार्यकर्ता आधारित संगठन रहा है। संगठन का विस्तार, सक्रिय इकाइयों और समर्पित कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही संभव है। हमें विश्वास है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करेंगे। जिला संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी विमुक्त ने कहा कि संगठन केवल पदों से नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता, संवाद और सेवा-भाव से मजबूत होता है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक विकासखंड एवं प्रत्येक विद्यालय तक संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाना है। नवनियुक्त साथियों से अपेक्षा है कि वे संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा शिक्षक हितों से जुड़े प्रत्येक अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएँगे। बैठक के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं दायित्वधारियों का अभिनंदन किया गया तथा उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ व्यक्त की गईं। इस अवसर पर जिला संरक्षक वीरबहादुर, उपाध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता, श्रेयश चंद्र सक्सेना अंबिका श्रीवास्तव, रंजना, वीरपाल सिंह, गौरव सिंह, नवनीत सक्सेना, आदित्य मिश्रा, आदित्य सिंह, नरेश कुमार, कुलदीप गुप्ता, जनार्दन, अमित भटनागर, राम दयाल तिवारी, संतोष सिंह, भुवनेश गंगवार, पंकज कुमार पाठक, कर्मवीर आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## प्लग लगाते समय करंट लगने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव उल्हिया में रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, गांव उल्हिया निवासी नवाब पाल का पुत्र सर्वेश (32) रात के समय इनवर्टर का प्लग बिजली बोर्ड में लगा रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने तत्काल उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सर्वेश की असमय मौत से पत्नी रुचि देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे डेढ़ वर्ष का एक मासूम बच्चा छोड़ गया है। परिवार के सामने अब गहरा दुख और आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद गांव के लोग भी बड़ी संख्या में मृतक के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। परिजनों का कहना है कि यह हादसा इनवर्टर का प्लग लगाते समय अचानक करंट आने से हुआ। सर्वेश की मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है और हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध है।

# 12वीं विशाल बाइक जलाभिषेक यात्रा 23 अगस्त की सार्वजनिक बैठक संपन्न: गौरव राघव

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वृंदावन लॉन में 12वीं विशाल जिला बाइक जलाभिषेक यात्रा की सार्वजनिक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व वर्षों की भव्य एवं दिव्य यात्रा की सफलता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष की यात्रा की रूपरेखा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12वीं विशाल बाइक जलाभिषेक यात्रा का आयोजन 23 अगस्त 2026 (रविवार) को किया जाएगा। सभी श्रद्धालु एवं सहभागी प्रातः 7रू30 बजे काकोरी शहीद इंटर कॉलेज, परशुरामपुरी (जलालाबाद) के मैदान में एकत्र होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी सहभागी अपनी-अपनी बाइक पर भगवा ध्वज, गंगाजल तथा भगवा कुर्ता-पायजामा अथवा अन्य सादे भगवा वस्त्र धारण कर यात्रा में सम्मिलित होंगे। यात्रा पूरी तरह अनुशासित एवं धार्मिक गरिमा के अनुरूप निकाली जाएगी। किसी भी प्रकार का हुड़दंग या अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं होगी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यात्रा श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ संपन्न होगी। एकत्रीकरण स्थल पर ही गंगाजल की व्यवस्था रहेगी तथा यात्रा से संबंधित अन्य आवश्यक निर्देश वहीं प्रदान किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित प्रमुख बंधुरूअरुण कुमार सिंह (डैनी), गौरव राघव, वीर गुप्ता (बिट्टू), केशव मिश्रा, संदीप भारद्वाज, सोनू भैया, सभासद कौशल दीक्षित, सभासद मोहित श्रीवास्तव, मुनिराज सिंह, विपिन सिंह (छोटू), अजय चंदेल, झब्बू सिंह, नरेश शर्मा, शक्ति सिंह, संदीप राठौर, सचिन कुमार, आदित्य प्रताप सिंह, सुरजीत सिंह तोमर, निखिल सिंह चंदेल, सत्यम कुशवाहा, लीलाधर वर्मा, विवेक सक्सेना, मानवेंद्र सिंह, अमित सिंह, राजकुमार सिंह, सरबजीत सिंह, अभिजीत सिंह, सर्वेश सक्सेना, भोजवाल, कृष्ण गोस्वामी, एडवोकेट हर्षित धाकड़, डॉ. राजन तिवारी, गोपाल कुशवाहा, संजीव गुप्ता, अनीश सक्सेना, राजा ठाकुर, अनुराग यादव, बृजेश वर्मा, अभिषेक सिंह एवं सौरभ गुप्ता सहित अनेक सम्मानित बंधु उपस्थित रहे।

# शिक्षक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा वरिष्ठ प्रो. अनुराग अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित शिक्षक अभिमुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रबंध विभाग के प्रो. नागेंद्र यादव ने शिक्षकों को संबोधित किया। इससे पूर्व वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अपर्णा त्रिपाठी ने चंदन तिलक कर व अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. कमलेश गौतम ने पुष्प कलिका भेटकर स्वागत किया। प्रो. नागेंद्र यादव ने इस मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शिक्षक को निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, शोध, नवाचार और तकनीकी दक्षता को अपनाना होगा। एक शिक्षक केवल ज्ञान का संप्रेषक ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का मार्गदर्शक होता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुसंधान एवं नैतिक मूल्यों के समन्वय से ही उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभिमुखीकरण कार्यक्रम शिक्षकों को नवीन शैक्षणिक दृष्टिकोण, शोध की गुणवत्ता तथा आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण हित में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपक श्रीवास्तव ने किया एवं अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन व्यावसायिक प्रबंधन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अभिजीत मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. अंकित अवस्थी, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. अभिजीत मिश्रा, बृजलाली चैबे, डॉ. अपर्णा त्रिपाठी, सुमित सक्सेना, डॉ. मोहनी शंकर, डॉ. पोथीराम, अखंड प्रताप सिंह, डॉ बलवीर शर्मा, डॉ मृदुल पटेल, डॉ संदीप, डॉ दुर्ग विजय, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ सुजीत कुमार वर्मा, डॉ राजीव कुमार सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# बाढ़ से निपटने के इंतजामों पर रहेगा फोकस: एसडीएम

**कलान में नवागत एसडीएम आशुतोष कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कलान तहसील में एसडीएम पद कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सबसे पहले हमारी प्राथमिकता यह रहेगी कि कलान क्षेत्र में आने वाली बाढ़ से निपटने के इंतजाम ससमय पूर्ण कर लिए जाए और किसी भी आमजन को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उक्त बातें नवागत एसडीएम आशुतोष कुमार सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि वह 2022 बैच के पीसीएस अधिकारी है, इससे पहले वो अलीगढ़ जनपद में तैनात थे। गृह जनपद औरैय्या है। एसडीएम ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी जन दरबार में आने वाली शिकायतों का ससमय निस्तारण हो और किसी भी फरियादी को इधर उधर न भटकना पड़े। साथ ही साथ क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्या को ससमय निस्तारण कराना और लोगों को संतुष्ट करना प्राथमिकता में रहेगा। बता दें कि कलान में एसडीएम रहे अभिषेक प्रताप सिंह का इटावा स्थानांतरण होने के बाद यहां पर अलीगढ़ से स्थानांतरित होकर आए आशुतोष कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# प्रत्येक योजना का संक्षिप्त वीडियो बनाकर प्रसारित किया जाए: डीएम

**▸ सरकारी-निजी निर्माण कार्य लागत का 1 प्रतिशत उपकर जमा करना अनिवार्य**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में श्रम विभाग की जिला श्रम बन्धु, जनपद स्तरीय कार्यान्वयन समिति, जिला टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक श्रमायुक्त केके गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सरकारी या निजी निर्माण कार्य की कुल लागत का 1 प्रतिशत उपकर जमा किया जाना अनिवार्य है और उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। डीएम ने कहा कि प्रत्येक योजना के बारे में संक्षिप्त वीडियो बनाकर प्रसारित किया जाए, जिससे योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके। साथ ही सहायक श्रमायुक्त द्वारा विभाग को पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के अवशेष फैमिली आईडी एवं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शासन द्वारा दिये निर्देश के अनुक्रम में डीएम द्वारा निर्देश दिया गया कि उसकी सॉफ्ट कॉपी सीडीओ को उपलब्ध कराये, जिससे फैमिली आईडी एवं आयुष्मान कार्ड का कार्य शत-प्रतिशत पूरा किया जा सके। सहायक श्रमायुक्त द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक बाल श्रम चिन्हांकन का प्रदेश स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।सभी सेवायोजक से अपील है कि अपने दुकानों और बाजारों में इस बात का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे सरकार के 2027 तक बाल श्रम मुक्त प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।डीएम द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं एनपीएस ट्रेडर्स की प्रगति की समीक्षा की गई जिस पर उनके द्वारा सम्बन्धित विभिन्न विभागों एवं व्यापार मण्डल से मिलकर एक रणनीति बनाकर पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उत्कर्ष द्विवेदी, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, बाल कल्याण समिति के सदस्य मुनीश सिंह परिहार, इण्टक जिलाध्यक्ष पवन सिंह सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं श्रम संघों, व्यापार मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

## रोडवेज के पास जलभराव, स्थलीय निरीक्षण को पहुंचा निगम



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर आयुक्त सौम्या गूरुरानी द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सदर बाजार में रोडवेज के पास गांधी कालोनी में जलभराव के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता-सिविल, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण में पाया गया कि रोडवेज से महिला थाना तक प्राकृतिक जलबहाव क्षेत्र रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया है तथा रोडवेज द्वारा दांहिनी ओर अपनी भूमि से पानी न छोडे जाने के कारण गाँधी कालोनी में जलभराव हो रहा है। उक्त के संबंध में मुख्य अभियन्ता ने बताया कि सीवरेज एवं जलनिकासी योजना अन्तर्गत उक्त स्थल पर नाला निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुका है। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर एलाइनमेंट में आने वाले विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर, वायर आदि को अपनी देखरेख में हटवा, शिफ्ट करवा दें तथा निर्माण कार्य के समय उपस्थित रहने हेतु विद्युत विभाग से एक कर्मचारी को भी तैनात कर दें, जिससे कार्य के समय कोई असुविधा न हो। क्षेत्रीय पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि गोंधी कालोनी के भीतरी भाग के जलनिकासी की योजना उक्त प्रस्ताव में सम्मिलित नहीं है जिस पर नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य की अलग से डीपीआर बनाकर स्वीकृति हेतु प्रेषित की जाए।

## बटाइदारों को आवश्यकता पर उर्वरक उपलब्ध कराई जाए: जिलाधिकारी

**▸ जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के अन्नदाताओं को उर्वरक, खाद की दिक्कत न हो, इसके लिए खुद डीएम निरंतर मानीटरिंग कर रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा रोजाना कृषि विभाग से संबधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी खाद,उर्वरक की उपलब्धता को लेकर की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा दिए गयेन निर्देशों के क्रम में जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता की संयुक्त रूप से सोमवार को कलेक्ट्रेट में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की गयी।

जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि जनपद में उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर यूरिया 36128 मीट्रिक टन एवं फास्फेटिक उर्वरक 18690 मीट्रिक टन की उपलब्धता है। जनपद में निजी बिक्री केन्द्रों में यूरिया 3210 मीट्रिक टन एवं फास्फेटिक उर्वरक 16313 मीट्रिक टन उपलब्ध है। खरीफ 2026 में निजी बिक्री केन्द्रों पर यूरिया 41742 मीट्रिक टन एवं फास्फेटिक 5354 मीट्रिक टन की वितरण किया जा चुका है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि सहकारी क्षेत्र में उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर यूरिया 4024 मीट्रिक टन एवं फास्फेटिक उर्वरक 2377 मीट्रिक टन की उपलब्धता है, खरीफ 2026 में यूरिया 29531 मीट्रिक टन एवं फास्फेटिक 5274 मीट्रिक टन की वितरण किया जा चुका है। सहकारी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर वर्तमान में 4400 मीट्रिक टन यूरिया, 2800 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक वितरण को उपलब्ध है।

**7 बोरी प्रति हेक्टेयर की दर से यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराई जाए:** डीएम ने निर्देशित किया है कि कृषकों की मांग के अनुरूप निर्धारित मात्रा 7 बोरी प्रति हेक्टेयर की दर से यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराया जाना है तथा यह भी सुनिश्चित करना है कि बफर गोदाम से समतियों पर बिक्री के लिए उर्वरकों का अधिक से अधिक प्रेषण किया जाए। बटाईदारों को खेत में डालने के लिए उर्वरक की आवश्यकता हो तो उन्हें ओटीपी प्राप्त करके नियमानुसार उर्वरक उपलब्ध कराई जाए। इसी के साथ-साथ निर्देश दिये गये कि समस्त सोसाइटी पर सचिव को रोस्टर बैनर के माध्यम से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा जिसमें सप्ताह के किस-किस दिन सोसाइटी खुलेगी, उसका विवरण, सोसाइटी पर उपलब्ध स्टॉक व रेट प्रदर्शित करना होगा। जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की लगातार रैक जनपद को प्राप्त हो रही है, जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है।

**समस्या समाधान को यहां करें संपर्क:** जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि उर्वरक सम्बन्धी समस्या के निराकरण के लिए जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम नम्बर 8429400522 व 8429400585 पर सुबह 10 बजे से शाम 5बजे तक राहुल कुमार, प्रभारी कन्ट्रोल रूम कार्यालय जिला कृषि अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### नवागत एसडीएम कलान ने बरसात को देखते हुए बाढ़ क्षेत्र में बनी बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारियों को एलर्ट किया

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** कलान तहसील में नवागत एसडीएम आशुतोष कुमार सिंह ने गंगा रामगंगा की बाढ़ से प्रभावित विभिन्न गांवों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्थापित की गई बाढ़ चौकियों में तैनात किए गए कर्मचारियों को एलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। तहसील क्षेत्र ग्राम कुंडरिया,परौर,बेहटा जंगल,सनाय, जूनियर हाई स्कूल जरियनपुर, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर, जूनियर हाई स्कूल ढाई, कंपोजिट विद्यालय कीलापुर प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर,समेत जहां भी बाढ चौकिया की स्थापना की गई है,वहां तैनात कर्मचारियों को अलर्ट कर लगातार बाढ़ परिस्थितियों पर नजर रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने क्षेत्र में बाढ़ जैसी समस्या उत्पन्न होने पर बाढ़ चौकियों पर ही बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिक स्तर की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं। उन्होंने बाढ़ चौकियों पर तैनात किए गए कर्मचारियों से स्पष्ट कहा है कि बाढ़ पीड़ितों को दी जाने वाली प्राथमिक स्तर की सुविधाओं में कोई कमी नहीं आनी चाहिए।

### नकली दवाइयों पर रोकथाम को व्यापारियों के साथ बैठक संपन्न



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश शासन तथा कमिश्नर, राज्यकर लखनऊ द्वारा व्यापारियों के साथ व्यापारी संवाद हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद में नकली दवाइयों पर रोकथाम के संबंध में व्यापारियों के साथ बैठक की गई। राज्य कर भवन मोहम्मदी रोड पर जनपद के संबंधित व्यापारियों की मौजूदगी रही। बैठक में राज्य कर विभाग की ओर से प्रवेश तोमर, उपायुक्त/नोडल अधिकारी, खण्ड-4, राज्य कर, श्यामाकान्त यादव, उपायुक्त, राज्य कर, खण्ड-2, प्रदीप कुमार, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-1, प्रशान्त सिंह, सहायक आयुक्त, खण्ड-2, योगेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-3, मोहित कुमार भारद्वाज, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-4 उपस्थित रहे। उपस्थित व्यापारियों में मो. अहदम, सुधीर कुमार सिंह, विकास गुप्ता, सुहेल हसन, संजय गुप्ता, विशाल गुप्ता, राहुल सिंह, अच्युत शुक्ला, अक्षय मिश्रा, अंशुल अग्रवाल, सुशील गुप्ता, कुलदीप दीक्षित, हिमांशु त्रिवेदी, अतुल दीक्षित आदि व्यापारी उपस्थित रहे। जनपद में लगभग 600 दवा-सर्जिकल व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत हैं। महामंत्री द्वारा बताया गया कि अकाउंटेंट की ईमेल आईडी व नंबर फीड होने के कारण नोटिस मिलने,जानकारी में समस्या आती है। विकास गुप्ता द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन मार्केटिंग से आने वाली दवाइयों पे कोई रेगुलेशन नहीं है। कुछ व्यापारियों द्वारा बीना वास्तविक सप्लाई किए बिक्री दिखा दी जाती है। नोडल अधिकारी/उपायुक्त, राज्य कर, प्रवेश तोमर द्वारा व्यापारियों को मीटिंग के दौरान अवगत कराया गया कि नकली दवाइयों पर रोकथाम लगाएं व ऐसे माल की खरीद बिक्री न करें। श्यामाकान्त यादव, उपायुक्त राज्य कर, खण्ड-2 द्वारा व्यापारियों को मीटिंग के दौरान अवगत कराया गया कि व्यापारी समय से रिटर्न फाइल करें तथा सभी व्यापारी अपने नंबर व ईमेल आईडी अपडेट कर लें। व्यापारियों जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने के निर्देश दिये गये।

## तीन युवकों पर जानलेवा हमला मामले में तीन नामजद, तीन-चार अज्ञात पर रिपोर्ट

**तिलहर - शाहजहांपुर।** ई-रिक्शा से गौवंश को टक्कर मारने का उलाहना देने पर हुए विवाद में जानलेवा हमला में गंभीर घायल रंजीत की ओर से तीन नामजद व तीन चार अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला व एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गौर तलब है कि बीती 18 जुलाई की रात करीब नौ बजे चीनीमिल कॉलोनी निवासी रंजीत उर्फ रिंकू पुत्र गुलाब प्रसाद , गांव जनयूरी निवासी राहुल पुत्र राम विलास व ब्रजेश पुत्र हरिश्चंद्र ने निगोही रोड पर गांव जन्यूरी के पर ई रिक्शा से गौवंश को टक्कर मारने को लेकर ई रिक्शा सवार नगर के मोहल्ला नई हिमांशु पुत्र लालाराम , दिव्यांशु पुत्र जगतपाल वी जीजीआईसी के निकट निवासी गुलाबी के लड़के तथा तीन चार अज्ञात युवकों से उलाहना दिया। आरोप है कि ई रिक्शा सवार उक्त युवकों ने बाईपास चौराहे पर पहुंचते ही उनपर डंडो व धारदार हथियार से जान लेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## राज्य सेक्टर की योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**शाहजहांपुर।** सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 मे मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की निम्नलिखित योजना के अंतर्गत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल 16 जुलाई से 31 जुलाई तक पुनः खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना, उत्तर प्रदेश मंत्स्य पालक कल्याण कोष-मोपेड विद आंइस बॉक्स परियोजना, उत्तर प्रदेश में मोती संबर्धन योजना एवं विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना शामिल है। योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विवरण को विभागीय वेवसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त योजना मे यदि भविष्य मे कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्रविधान लागू होंगे। योजना मे पूर्व के वर्षों में निरस्त व प्रतीक्षारत आवेदन वाले आवेदक पुनः आवेदन कर सकते है। इसके अतिरिक्त योजना के सम्बन्ध मे मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य विकास भवन के कक्ष संख्या 201 में किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण घायल



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** रविवार शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण सुखलाल घायल हो गए। यह हादसा जलालाबाद रोड पर शाम करीब 7 बजे हुआ। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल सुखलाल को देखा। उन्होंने तुरंत एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कर दिया है। घायल सुखलाल मदनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदा निवासी ढाकनलाल के पुत्र हैं। जानकारी के अनुसार, सुखलाल किसी आवश्यक कार्य से कटरा आए थे और वापस लौटते समय यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना सुखलाल के परिजनों को दे दी है। डॉक्टरों ने बताया कि अब सुखलाल की हालत स्थिर है और उन्हें आवश्यक दवाएं दी गई हैं।

## बारिश भी नहीं डिगा सकी आस्था, लालता देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



लगातार हो रही बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं सकी। रौसर गांव स्थित प्रसिद्ध लालता देवी मंदिर में सोमवार को परंपरागत रूप से विशेष पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे माता रानी के दर्शन करने पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालु पूड़ी, बताशे और अन्य प्रसाद लेकर मंदिर पहुंचे। विधि-विधान से भोग लगाने के बाद भंडारे में शामिल हुए। हालांकि बारिश के चलते मेले की रौनक कुछ फीकी रही, फिर भी मंदिर परिसर में कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजाईं और श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।लगातार वर्षा को देखते हुए इस बार भंडारे की व्यवस्था मंदिर परिसर के बजाय प्राथमिक विद्यालय परिसर में की गई। यहां सदर विधायक अरविंद सिंह ने माता के दर्शन किए और भंडारे में प्रसाद वितरण कर सेवा की। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, चंद्रशेखर खन्ना 'धीरू', ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, अवधेश दीक्षित, किशोर गुप्ता, पत्रकार सर्वेश मिश्रा और अजय अवस्थी सहित अन्य अतिथियों का महामंत्री श्याम बाबू दीक्षित ने स्वागत किया। कार्यक्रम में अजीत सिंह, वेदप्रकाश मौर्य, हरि सुमिरन दीक्षित, सत्यम शर्मा, फूलचंद, संजीव राठौर, सुशील सक्सेना, विनोद कनौजिया, पत्रकार शिवकुमार, शिशांत शुक्ला, राम मिश्रा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के हिम्मत सिंह सदस्य नामित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शासनादेश के क्रम में जनपद में एक जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद का गठन डीएम द्वारा की गई है। जिसमें तेरह सरकारी व बारह गैर सरकारी सदस्य नामित किए गए हैं। इसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं। उपभोक्ता संरक्षण परिषद समय समय पर उपभोक्ताओं की समस्याओं पर बैठक कर रणनीति बनाएगें। परिषद में पुवायां के डाक बंगला रोड निवासी किसान हिम्मत सिंह को भी सदस्य नामित किया गया है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। इस दौरान सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने पीलीभीत शाहजहांपुर रेल खंड के किमी 58/6-7 पर अंडरपास मानव रहित रेलवे फाटक निर्माण कराए जाने के संबंध में पत्र भी दिया। पत्र के माध्यम से रेल मंत्री को अवगत कराया की नोडल जनपद शाहजहांपुर क्षेत्र से संबंधित विधायक 133 तिलहर विधानसभा सलोना कुशवाहा द्वारा रेलखंड के किमी 58/6-7 पर अंडरपास अथवा उपयुक्त वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराए जाने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में अवगत कराया गया है कि पूर्व में भी इस संबंध में पत्राचार किया गया था किंतु लगभग 600 मीटर की दूरी का आधार बताते हुए प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया था। जबकि इसी रेलखंड पर ग्राम जिंदपुरा एवं उदारा में लगभग 300-300 मीटर की दूरी पर अंडर पास निर्मित किये जा चुके हैं। वर्तमान स्थिति के कारण स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं कृषको को आवागमन हेतु लगभग 4 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे उन्हें अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने रेल मंत्री वैष्णव से स्थानीय आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त स्थल का पुनः तकनीकी सर्वे करा कर अंडरपास अथवा रेलवे के मानकों के अनुरूप अन्य उपयुक्त सुरक्षित आवागमन व्यवस्था उपलब्ध कराने की माँग की है।

**सूचना**

मैं आर्मी नं.-4279546F रैंक-HAV, IRAPPA MADIWALAR के सत्य दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम PRAGATI MADWALAR गलत अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक सही नाम PRAGATI IRAPPA MADIWALAR है। IRAPPA MADIWALAR, VILE-KODAGANUR, post-CHILZERE, TQ- GAJENDR-GAD, DIST- GADAG, St -KANRNATAK, PIN-582114

# खुदागंज मुख्य चौराहे पर सड़क तक फैला अतिक्रमण, राहगीरों व वाहन चालकों को हो रही परेशानी

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



खुदागंज कस्बे के व्यस्त मुख्य चौराहे पर फल विक्रेता द्वारा फल की पेटियां एवं तिरपाल सड़क तक फैला देने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। सड़क का हिस्सा घिर जाने के कारण राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त समय में यहां यातायात की रफ्तार धीमी पड़ जाती है और कई बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य चौराहा होने के कारण यहां दिनभर वाहनों और पैदल राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सड़क तक फैली फल की पेटियां और तिरपाल दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार समझाने और प्रशासन द्वारा निर्देश दिए जाने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इस संबंध में नगर पंचायत खुदागंज की अधिशासी अधिकारी नूरजहाँ ने बताया कि जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सड़कों और चौराहों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी सड़क पर अतिक्रमण न करें और प्रशासन का सहयोग करें। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सड़क तक फैलाई गई फल की पेटियां और तिरपाल हटवाकर अतिक्रमण समाप्त कराया जाए तथा नियमित निगरानी की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## दहेज हत्या का आरोपी पति, सास व ससुर गए जेल

**▸ गांव पीपरोली में फांसी पर लटक गई थी ढाई माह की नव विवाहिता**



**तिलहर-शाहजहांपुर।** फांसी पर लटकने से हुई नवविवाहिता की मौत मामले में मृतका के पिता द्वारा दहेज हत्या में पति सास व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराये जाने पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गौर तलब है कि शुक्रवार पूर्वान्ह करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव पिपरोली में ढाई माह की नव विवाहिता ऊषा पत्नी शक्ति सिंह उर्फ गोलू के फांसी पर लटकने से मौत हो गई थी। उनकी मामले में मृतका के पिता गांव अजमाबाद निवासी राजीव सिंह ने उसके पति शक्ति सिंह , ससुर भोजराज सिंह व सास सुधा के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शव का राजीव सिंह ने अजमाबाद लेजाकर अंतिम संस्कार किया। पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

**सार्वजनिक चेतावनी (PUBLIC CAUTION NOTICE)**

यह जनसाधारण, समस्त वितरकों, डीलरों, विक्रेताओं एवं ग्राहकों के हित में जारी की जा रही महत्वपूर्ण सूचना है। INDIAN CHEMICALS FERTILIZERS INDUSTRIES वर्ष 2014 से पौधों के लिए Micro Nutrients, Plant Growth Promoters एवं अन्य कृषि उत्पादों के निर्माण एवं विपणन के व्यवसाय में संलग्न है तथा वर्षों से किसानों एवं व्यापारियों का विश्वास अर्जित करती आ रही है। हमारे संज्ञान में यह आया है कि 'INDIAN CHEMICAL & FERTILIZERS' नाम से एक अन्य संस्था/कम्पनी बाजार में हमारे ब्रांड से मिलते-जुलते एवं कथित रूप से हमारे ब्रांड की नकल (Duplicate/Look-alike) वाले उत्पाद बेच रही है, जिससे ग्राहकों एवं व्यापारियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

अतः सभी डीलरों, वितरकों, विक्रेताओं एवं ग्राहकों को सावधान किया जाता है कि वे उक्त संस्था से कोई भी उत्पाद खरीदने से पूर्व उसकी वास्तविकता एवं प्रमाणिकता की पूर्ण जांच अवश्य कर लें। कृपया केवल INDIAN CHEMICALS FERTILIZERS INDUSTRIES के अधिकृत डीलरों एवं वितरकों से ही मूल (Original) उत्पाद खरीदें। किसी भी प्रकार के भ्रम, नकली अथवा संदिग्ध उत्पाद की सूचना तत्काल हमें दें। नकली अथवा हमारे ब्रांड की नकल करने वाले उत्पादों के संबंध में कंपनी किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करेगी। यह सूचना जनहित एवं व्यापारिक हितों की सुरक्षा हेतु जारी की जा रही है।

**INDIAN CHEMICALS FERTILIZERS INDUSTRIES**
**(Management)**

# विश्वसनीय हो स्क्रैपिंग

हरियाणा में पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के लिये सरकार ने जिन प्रोत्साहन स्कीमों की घोषणा की है, वह समय की जरूरत है। हरियाणा सरकार ने वैज्ञानिक तरीके से गाड़ियों को स्क्रैप करने के लिये पांच प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करने का फैसला किया है। जो पुरानी गाड़ियों को देखने के नजरिये में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती हैं। दरअसल, पुरानी हो चुकी गाड़ियों को सिर्फ कबाड़ नहीं माना जाना चाहिए, यदि उनका कायदे से निस्तारण हो तो आर्थिक लाभ के साथ पर्यावरण की रक्षा भी की जा सकती है। कुछ लोग अपने वाहन की देखभाल इतने कायदे से करते हैं कि उसे कबाड़ कहना, उनकी भावना को ठेस पहुंचाने जैसा है। दरअसल, अब राज्य सरकार की नई पॉलिसी इन वाहनों को कबाड़ मानने के बजाय, उन्हें रीसाइकिल होने वाले मेटीरियल, ग्रीन जॉब्स प्रदाता और साफ हवा के स्रोत के रूप में दर्शाती है।

निःसंदेह, यह कदम अर्थव्यवस्था में योगदान की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है। दरअसल, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, भारत में 3.4 करोड़ से अधिक पुराने वाहन हैं। जिनमें दो करोड़ दो पहिया और 1.2 करोड़ चार-पहिया वाहन शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में वाहन अभी सड़कों में चलाए जा रहे हैं। दरअसल, पुरानी गाड़ियां नये मॉडल की तुलना में काफी अधिक मात्रा में पार्टिकुलेट मैटर, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड छोड़ती हैं। जिससे एक ओर वायु प्रदूषण बढ़ता है, वहीं लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

दरअसल, वैज्ञानिक स्क्रैपिंग से कीमती स्टील, एल्युमीनियम, तांबा और प्लास्टिक को दोबारा से हासिल किया जा सकता है। जिससे नये कच्चे माल पर निर्भरता कम हो सकती है। साथ ही उत्पादन में ऊर्जा की खपत भी घटती है। दरअसल, हरियाणा सरकार की प्रोत्साहन योजनाएं - कैपिटल सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी की वापसी, एसजीएसटी रिफंड, ब्याज में मदद और स्किल डेवलपमेंट-अधिकृत स्क्रैपिंग और रीसाइक्लिंग सुविधाओं में निवेश को आकर्षित करने के लिये बनायी गई है। लेकिन इस पॉलिसी की सफलता सिर्फ इंडस्ट्री की भागीदारी पर ही निर्भर नहीं करेगी। गाड़ी मालिकों को भी स्वेच्छा से इसमें शामिल करने के लिये प्रोत्साहित करना होगा। तमाम परिवारों के लिये, पुरानी गाड़ी सिर्फ घटती कीमत वाली संपत्ति नहीं है, बल्कि रोजी-रोटी का जरिया भी होती है। जब तक उन्हें उचित मुआवजा, आसान प्रक्रियाएं और अधिकृत स्क्रैपिंग सेंटर्स तक सुविधाजनक पहुंच नहीं मिलेगी, तब तक कई लोग अनौपचारिक सेक्टर पर ही निर्भर रहेंगे। ऐसे में गैर-कानूनी तौर पर गाड़ियों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। वहीं लोगों को जागरूक बनाने और स्वेच्छा से स्क्रैपिंग के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है। निःसंदेह, सिर्फ नियम बनाने से हवा को साफ नहीं किया जा सकता। इसके लिये ऐसी नीतियां बनें, जो आर्थिक रूप से व्यावहारिक, पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक रूप से निष्पक्ष हों। यदि हरियाणा सरकार की पहल लक्ष्यों के बीच संतुलन बना पाती है तो यह टिकाऊ गतिशीलता के लिये एक राष्ट्रीय मॉडल बन सकता है। फिर बीते कल की गाड़ियां आने वाले कल के लिये संसाधन बन सकती हैं।

# विकसित भारत के निर्माण में कदम बढ़ाती बागपत की युवा शक्ति

*सी. एल. सिंह*

भारत को वर्ष 2047 तक एक पूर्ण विकसित, आत्मनिर्भर और ज्ञान-आधारित वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में देश की युवा आबादी को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना केंद्र व प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत युवाओं को आधुनिक कौशल, उन्नत तकनीक और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर पहल की जा रही है। 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए देश के शैक्षणिक व कौशल ढांचे को उद्योग जगत की भावी जरूरतों के अनुकूल ढाला जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कौशल विकास अभियानों के एकीकृत समन्वय से युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य केवल पारंपरिक प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं में डिजिटल साक्षरता और तकनीकी दक्षता को इस स्तर तक बढ़ाना है कि वे वैश्विक पटल पर प्रतिस्पर्धी बन सकें। देश के दूरदराज के क्षेत्रों तक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पहुँचाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और आधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का तेजी से कायाकल्प किया जा रहा है।

विकसित भारत के लक्ष्य को जमीनी स्तर पर उतारने की दिशा में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा जिला स्तरीय कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट संचालित किए जा रहे हैं। इस राष्ट्रीय पहल के तहत उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद का चयन एक ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। देश के केवल दो चुनिंदा जनपदों में बागपत का चयन होना यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यहाँ की युवा क्षमता, सामाजिक ऊर्जा और विकास की अपार संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर गंभीरता से स्वीकार किया गया है।

बागपत जनपद में लगभग 4 लाख 70 हजार युवाओं की विशाल आबादी निवास करती है, जो इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जनसांख्यिकी शक्ति है। यहाँ के युवा कृषि, खेल, नवाचार, सामाजिक क्षेत्र और स्वरोजगार के क्षेत्र में निरंतर नई पहचान बना रहे हैं। इस पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से बागपत के युवाओं को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़कर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यहाँ विकसित होने वाला कौशल आधारित विकास मॉडल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नई दिशा तय करेगा।



**युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर 'रोजगार प्रदाता' बनाने के दृष्टिकोण से 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्टैंडअप इंडिया' जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से सीधे एकीकृत किया जा रहा है। इसके माध्यम से नवोन्मेषी विचारों वाले युवाओं को वित्तीय सहायता, मेंटरशिप और इन्क्यूबेशन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे बागपत में नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो सके। स्थानीय स्तर पर योजनाओं की जानकारी अंतिम युवा तक पहुँचाने के लिए 'यूथ कैटलिस्ट' के रूप में ऊर्जावान युवाओं की पहचान की जा रही है। गांवों, कस्बों, कॉलेजों, स्वयंसेवी संगठनों और युवा समूहों के माध्यम से युवाओं को इस मिशन मोड अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है। विकसित भारत मिशन के अंतर्गत युवाओं की भूमिका केवल किसी योजना के लाभार्थी तक सीमित न रखकर उन्हें विकास प्रक्रिया का नेतृत्वकर्ता और परिवर्तन वाहक बनाया जा रहा है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी (पीपीपी मॉडल) को बढ़ावा देते हुए औद्योगिक संस्थानों, तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के दिग्गजों को एक मंच पर लाया जा रहा है। इससे युवाओं के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और इंटर्नशिप के नए मार्ग प्रशस्त हो रहे हैं। यह रणनीतिक तालमेल युवाओं के अकादमिक ज्ञान और उद्योग जगत की वास्तविक व्यावहारिक जरूरतों के बीच मौजूद अंतर को पूरी तरह समाप्त करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।**

वर्तमान समय में सबसे बड़ी व्यावहारिक चुनौती सूचना और अवसरों के बीच का अंतर है। बड़ी संख्या में युवाओं को यह जानकारी ही नहीं हो पाती कि उनके लिए कौन-कौन सी योजनाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, डिजिटल अवसर और रोजगार आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस इन्फॉर्मेशन गैप को समाप्त करने तथा युवाओं तक एकीकृत रूप से जानकारी पहुँचाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। जिला प्रशासन, कौशल विकास, शिक्षा, उद्योग, युवा कल्याण, सेवायोजन और माय भारत जैसे सभी संबंधित प्लेटफार्म्स की एकीकृत कार्ययोजना क्रियान्वित की जा रही है।

आज का युग केवल पारंपरिक डिग्री आधारित शिक्षा का नहीं, बल्कि डिमांड ड्रिवन स्किलिंग यानी मांग आधारित कौशल विकास का है। युवाओं को वही प्रशिक्षण प्रदान किया जाना आवश्यक है जिसकी वास्तविक आवश्यकता उद्योगों और आधुनिक रोजगार बाजार में है। इसके लिए बागपत जनपद में संचालित उद्योगों, कंपनियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उभरते रोजगार क्षेत्रों की जरूरतों का विस्तृत सर्वे और वैज्ञानिक आकलन कर उसी के अनुरूप नए पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जा रहे हैं।

बागपत एक समृद्ध कृषि प्रधान क्षेत्र होने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से भी सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। इस भौगोलिक और रणनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनपद में फूड प्रोसेसिंग, डिजिटल टेक्नोलॉजी, एग्री बिजनेस, तकनीकी सेवाएं, ई-कॉमर्स और स्वरोजगार आधारित कौशल विकास की व्यापक संभावनाएं चिन्हित की गई हैं। इन उभरते क्षेत्रों में युवाओं को व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित कर उन्हें न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ा जा रहा है, बल्कि स्व-उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

वर्तमान समय में शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ती दूरी को समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर स्किल मैपिंग की जा रही है। इसके तहत युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल प्लेटफॉर्म, डेटा एनालिटिक्स और नई तकनीकों के दौर में फ्यूचर रेडी बनाया जा रहा है। ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर वैश्विक पटल पर प्रतिस्पर्धी बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। इस पूरी प्रक्रिया में निपुण भारत मिशन और अपार कार्ड जैसी राष्ट्रीय पहलों को भी आधारभूत संबल के रूप में जोड़ा जा रहा है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार प्रदाता बनाने के दृष्टिकोण से स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से सीधे एकीकृत किया जा रहा है। इसके माध्यम से नवोन्मेषी विचारों वाले युवाओं को वित्तीय सहायता, मेंटरशिप और इन्क्यूबेशन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे बागपत में नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो सके।

स्थानीय स्तर पर योजनाओं की जानकारी अंतिम युवा तक पहुँचाने के लिए यूथ कैटलिस्ट के रूप में ऊर्जावान युवाओं की पहचान की जा रही है। गांवों, कस्बों, कॉलेजों, स्वयंसेवी संगठनों और युवा समूहों के माध्यम से युवाओं को इस मिशन मोड अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है। विकसित भारत मिशन के अंतर्गत युवाओं की भूमिका केवल किसी योजना के लाभार्थी तक सीमित न रखकर उन्हें विकास प्रक्रिया का नेतृत्वकर्ता और परिवर्तन वाहक बनाया जा रहा है।

सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी (पीपीपी मॉडल) को बढ़ावा देते हुए औद्योगिक संस्थानों, तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के दिग्गजों को एक मंच पर लाया जा रहा है। इससे युवाओं के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और इंटर्नशिप के नए मार्ग प्रशस्त हो रहे हैं। यह रणनीतिक तालमेल युवाओं के अकादमिक ज्ञान और उद्योग जगत की वास्तविक व्यावहारिक जरूरतों के बीच मौजूद अंतर को पूरी तरह समाप्त करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

बागपत में क्रियान्वित किया जा रहा यह पायलट प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्तर पर एक अनुकरणीय और प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करेगा। जनभागीदारी पर आधारित इस अभियान से हजारों युवा सीधे तौर पर लाभान्वित होकर विभिन्न आर्थिक व सामाजिक क्षेत्रों में अपना योगदान देंगे। बागपत में विकसित होने वाला यह सफल मॉडल भविष्य में देश के अन्य जनपदों में भी लागू किया जा सकेगा। कौशलयुक्त, डिजिटल रूप से साक्षर और तकनीकी रूप से निपुण युवा ही वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर महाशक्ति बनाने की सबसे मजबूत नींव साबित होंगे।

## विचार

# नई आबकारी निर्यात नीति से उ. प्र. बनेगा वैश्विक स्तर पर निर्यात हब

किसी भी राज्य की आर्थिक प्रगति केवल उत्पादन बढ़ाने से नहीं, बल्कि उसके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की क्षमता से निर्धारित होती है। आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के इस प्रतिस्पर्धी दौर में वही राज्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिन्होंने उद्योग, कृषि, निवेश और निर्यात को एकीकृत विकास मॉडल के रूप में अपनाया है।

उत्तर प्रदेश भी इसी दिशा में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास, निवेश और निर्यात को नई गति देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक तीन वर्षों के लिए पृथक आबकारी निर्यात नीति लागू करने का फैसला किया है। इस दूरदर्शी पहल के साथ उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने पहली बार तीन वर्षीय अलग आबकारी निर्यात नीति लागू की है।

यह नीति केवल आबकारी उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि कृषि, उद्योग, निवेश, रोजगार और वैश्विक व्यापार को एक साझा विकास दृष्टि से जोड़ने वाली व्यापक आर्थिक रणनीति है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार करना, निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी वातावरण उपलब्ध कराना तथा प्रदेश को वैश्विक निर्यात मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाना है। उत्तर प्रदेश अब अल्पकालिक प्रशासनिक उपायों से आगे बढ़कर दीर्घकालिक आर्थिक नियोजन की दिशा में प्रभावी कदम उठा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। बेहतर कानून-व्यवस्था, निवेशक-अनुकूल नीतियां, विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, आधुनिक लॉजिस्टिक्स, सिंगल विंडो प्रणाली तथा 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार ने प्रदेश को निवेश का पसंदीदा गंतव्य बनाया है। अब सरकार का लक्ष्य इन औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाना है। नई आबकारी निर्यात नीति इसी व्यापक सोच का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को एक मजबूत विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यह नीति कृषि और उद्योग के बीच एक सशक्त आर्थिक सेतु का कार्य करेगी। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है। इसके साथ ही प्रदेश में बड़े पैमाने पर अनाज, फल एवं अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन होता है। इन कृषि संसाधनों पर आधारित डिस्टिलरी, एथेनॉल एवं संबंधित उद्योगों को नई नीति से विशेष लाभ मिलेगा। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का अधिक उपयोग होने से किसानों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलेगा, कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन होगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्राप्त होगी। यह नीति केवल उद्योगों को ही नहीं, बल्कि लाखों किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

इस नीति के तहत निर्यात को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण रियायतें प्रदान की हैं। नई नीति के अंतर्गत निर्धारित उत्पादन क्षमता के 25 प्रतिशत तक के समतुल्य निर्यात के लिए उपयोग करने वाले निर्यातकों हेतु बोतल भराई शुल्क, निर्यात पास शुल्क, फ्रेंचाइजी शुल्क तथा स्पेशल फीस की दरों को न्यूनतम स्तर तक कम कर दिया है। इससे निर्यात लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। साथ ही ब्रांड पंजीकरण एवं लेबल अनुमोदन की प्रक्रिया को भी सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे उद्योगों का समय और लागत दोनों बचेंगे तथा व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

नई आबकारी निर्यात नीति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रावधान शीरा आधारित एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (म्छ।) के अंतर्राज्यीय निर्यात से संबंधित है। प्रदेश सरकार ने इस पर लगने वाले शुल्क को घटाकर मात्र 50 पैसे प्रति बल्क लीटर तक कम कर दिया है। यह निर्णय प्रदेश की डिस्टिलरी इकाइयों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा। इससे उत्तर प्रदेश में निर्मित ईएनए अन्य राज्यों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उपलब्ध होगा और राज्य की औद्योगिक इकाइयों की बाजार हिस्सेदारी बढ़ने की संभावनाएं और अधिक मजबूत होंगी।

सरकार ने इस नीति में केवल निर्यात बढ़ाने पर ही ध्यान केंद्रित नहीं किया है, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय पहचान को भी वैश्विक मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया है। नीति के अंतर्गत हेरिटेज मदिरा के निर्माण, टेस्टिंग टैवर्न तथा फुटकर बिक्री की अनुमति का प्रावधान किया गया है। यह पहल प्रदेश की पारंपरिक उत्पाद संस्कृति को नई पहचान प्रदान करेगी। विश्व के अनेक देशों में स्थानीय पेय उत्पाद वहां की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन का महत्वपूर्ण आकर्षण होते हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश भी अपनी ऐतिहासिक विरासत और स्थानीय उत्पादों को आर्थिक अवसरों में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है।

नई आबकारी निर्यात नीति का प्रभाव केवल डिस्टिलरी उद्योग तक सीमित नहीं रहेगा। जैसे-जैसे निर्यात गतिविधियां बढ़ेंगी, वैसे-वैसे पैकेजिंग उद्योग, परिवहन सेवाएं, वेयरहाउसिंग, कोल्ड चेन, कंटेनर लॉजिस्टिक्स, निर्यात आपूर्ति श्रृंखला तथा अन्य सहायक उद्योगों में भी निवेश बढ़ेगा। इससे प्रदेश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी तथा पलायन में भी कमी आएगी।

यह नीति निवेशकों के लिए भी दीर्घकालिक स्थिरता का संदेश देती है। तीन वर्षों की स्पष्ट नीति व्यवस्था उद्योगों को भविष्य की योजनाएं बनाने, निवेश बढ़ाने और वैश्विक बाजारों में अपनी रणनीति तैयार करने का पर्याप्त अवसर प्रदान करेगी। स्थिर नीति वातावरण निवेशकों का विश्वास मजबूत करता है और प्रदेश में दीर्घकालिक औद्योगिक विकास का आधार तैयार करता है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।

आज उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। आधुनिक औद्योगिक विकास, कृषि आधारित मूल्य संवर्धन, निर्यात संवर्धन और रोजगार सृजन की यह समन्वित रणनीति प्रदेश को देश की आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। आने वाले वर्षों में यह नीति उत्तर प्रदेश को केवल भारत का अग्रणी औद्योगिक राज्य ही नहीं, बल्कि वैश्विक निर्यात मानचित्र पर भी एक सशक्त, विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## साहित्य



### पी. वी. सिंधु की स्वर्णिम उड़ान...!

**संजय एम तराणेकर**

रैकेट में था साहस, आँखों में विश्वास,
हर स्मैश में गूँजा भारत का उल्लास।
जापान की धरा पे ऐसा कमाल किया,
सिंधु ने देश का मस्तक ऊँचा किया।

हर कदम संघर्षों की लौ जलती रही,
मेहनत की कथा चुपचाप पलती रही।
हाँ, विश्व विजेता भी उनके सामने आई,
यूं सिंधु की दृढ़ता हर चुनौती पर छाई।

हर अंक में धैर्य, प्रत्येक प्रहार में जान,
तिरंगे की शान बनी हैं उनकी पहचान।
इतिहास के पन्नों पे स्वर्णाक्षर लिख गए,
देश के सपनों को पुनः से सच कर गए।

बेटियों की शक्ति का ये अनुपम सम्मान,
देश को तुम पर है सदा-सदा अभिमान।
यूँ ही बढ़ती रहो, छूती रहो हरेक शिखर,
पी. वी. सिंधु, तुमसे रोशन है यह सफर।





# राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्तवपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# पारिवारिक विवाद में योगी ने दी मर्यादा और संवाद की सीख



*संजय सक्सेना*

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण और उसमें होने वाली बातचीत अक्सर प्रदेश की सामाजिक नब्ज को समझने का एक बड़ा माध्यम बन जाती है। 20 जुलाई को आयोजित जनता दर्शन में भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब दर्जनों फरियादी अपनी समस्याओं की गठरी लेकर लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। इन फरियादियों में से एक बड़ा वर्ग उन लोगों का था, जो पारिवारिक कलह, संपत्ति के विवाद या रिश्तों की तल्खी से जूझ रहे थे।

दरअसल, आमतौर पर जब हम किसी सत्ता के केंद्र की ओर रुख करते हैं, तो उम्मीद यही होती है कि वहां से कोई कड़ा आदेश निकलेगा या कोई प्रशासनिक कार्रवाई होगी, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने इस बार जिस तरह से इन पारिवारिक उलझनों को संबोधित किया, वह किसी भी सरकारी आदेश से कहीं अधिक प्रभावी और मानवीय था। उन्होंने जो नसीहत दी, वह केवल एक मुख्यमंत्री की सलाह नहीं थी, बल्कि एक अभिभावक की वह चिंता थी, जो समाज की सबसे छोटी और महत्वपूर्ण इकाई, यानी परिवार, को बिखरने से बचाने के लिए जरूरी है।

पारिवारिक विवाद लेकर अपने आवास पहुंचे परिवार को सीएम ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा कि पारिवारिक विवादों को सड़कों पर या सरकारी दफ्तरों की फाइलों में घसीटने से मामला सुलझने के बजाय और अधिक उलझ जाता है। जब कोई व्यक्ति अपने घर की चारदीवारी के अंदर की बात को बाहर लाता है, तो वह अनजाने में उन लोगों को भी उस विवाद का हिस्सा बना लेता है, जिनका उस रिश्ते या उस संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं होता। बहरहाल, योगी की यह बात बहुत गहराई रखती है कि निजी मामलों में बाहरी लोगों की दखलंदाजी अक्सर आग में घी का काम करती है। समाज में कई बार ऐसे तत्व होते हैं, जो अनजाने या स्वार्थवश विवादों को सुलझाने के बजाय उन्हें हवा देते हैं, जिससे परिवार के सदस्यों के बीच अहंकार की दीवार और ऊंची हो जाती है। योगी ने उन लोगों को आईना दिखाते हुए कहा कि जो विवाद घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ बैठकर हल किए जा सकते थे, उन्हें पुलिस थानों या कचहरी की चौखट तक ले जाना वक्त, पैसा और मानसिक शांति को गंवाना है। गौरतलब हो, संपत्ति के बंटवारे के विवाद आजकल पारिवारिक कलह की सबसे बड़ी जड़ बने हुए हैं। अक्सर देखा जाता है कि भाई-भाई या पिता-पुत्र के बीच जमीन या मकान को लेकर हुआ मामूली मतभेद देखते ही देखते एक बड़ी कानूनी लड़ाई में तब्दील हो जाता है। मुख्यमंत्री ने ऐसे मामलों में संवाद की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संपत्ति तो आती-जाती रहती है, लेकिन खून के रिश्ते एक बार बिखर जाएं, तो उन्हें जोड़ना नामुमकिन हो जाता है। योगी ने फरियादियों से कहा कि वे एक बार ठंडे दिमाग से अपने परिवार के बड़ों को बैठाएं, क्योंकि बड़ों का अनुभव और उनकी मध्यस्थता कई बार उस समस्या का हल निकाल लेती है, जो सालों की कानूनी कार्यवाही भी नहीं कर पाती। उनका यह दृष्टिकोण समाज के उन लोगों के लिए एक सबक है, जो छोटी-छोटी बातों पर मान-मर्यादा भूलकर कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटते हैं। यह नसीहत न केवल परिवारों को टूटने से बचा सकती है, बल्कि समाज में सद्भाव की एक नई संस्कृति को भी जन्म दे सकती है, जहां विवाद समाधान के लिए नहीं, बल्कि आपसी सहमति की तलाश के लिए चर्चा की जाती है। योगी आदित्यनाथ ने जो सबसे महत्वपूर्ण बात कही, वह आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ी है। उन्होंने बहुत संवेदनशीलता के साथ रेखांकित किया कि परिवार के भीतर का क्लेश केवल उन दो व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, जो लड़ रहे हैं, बल्कि उसका सीधा और गहरा असर घर के बच्चों पर पड़ता है। जिस घर में दिन-रात कलह हो, वहां बच्चों के कोमल मन पर जो नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, उसकी भरपाई किसी भी धन-संपत्ति से नहीं हो सकती। बच्चों के मानसिक विकास, उनकी पढ़ाई और उनके आत्मविश्वास पर इसका जो दुष्प्रभाव पड़ता है, वह उन्हें जीवन भर के लिए पीछे धकेल सकता है। योगी की यह चिंता दर्शाती है कि वे केवल एक राजनेता की भूमिका में नहीं, बल्कि एक समाज सुधारक की भूमिका में बात कर रहे थे। उन्होंने यह संदेश दिया कि अगर हम वास्तव में अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना करते हैं, तो हमें अपने व्यक्तिगत अहंकार को त्यागकर शांति और संवाद का मार्ग अपनाना होगा। धैर्य का अर्थ हार मान लेना नहीं, बल्कि रिश्तों को सहेजने के लिए दी गई एक और कोशिश है। लब्बोलुआब यह है कि मुख्यमंत्री की इन बातों का समाज पर व्यापक असर हो सकता है, बशर्ते लोग इसे गंभीरता से लें।

आज के भागदौड़ भरे दौर में सहनशीलता और धैर्य की कमी ने परिवारों को कमजोर कर दिया है। सोशल मीडिया और बाहरी दुनिया के प्रभाव में आकर लोग अपने घर की बातें सार्वजनिक करने में संकोच नहीं करते, जिससे गोपनीयता खत्म हो जाती है और विवाद सार्वजनिक संपत्ति बन जाते हैं। योगी की यह नसीहत लोगों को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती है। यदि लोग यह समझने लगें कि घर के मसले घर में ही रहकर बातचीत से सुलझाए जा सकते हैं, तो न केवल अदालतों का बोझ कम होगा, बल्कि परिवारों में भी प्रेम और विश्वास की वापसी होगी। यह एक प्रकार का सामाजिक सुधार है, जो कानून के डंडे से नहीं, बल्कि समझदारी और मानवीय संवेदनाओं के मेल से ही संभव है। मुख्यमंत्री का यह जनता दर्शन कार्यक्रम न केवल फरियाद सुनने का केंद्र बना, बल्कि यह लोगों को एक साथ जीने और एक-दूसरे को समझने का अनमोल पाठ भी पढ़ा गया। अंततः, एक स्वस्थ समाज का निर्माण स्वस्थ परिवारों से ही होता है, और योगी जी की यह पहल उसी स्वस्थ समाज की दिशा में एक साहसी और दूरदर्शी कदम है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**फतेहपुर।** लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी ने कहा की उत्तर प्रदेश में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास अलग-अलग जनपदों में दलित चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर रही है जिसके तहत अलग-अलग जनपदों में जाकर आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में लोजपा रामविलास 403 सीटों पर अकेले दम पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और लोग जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में 2027 में सरकार बनाने का काम करेगी। उन्होंने कहा दलित चौपाल के माध्यम से समाज के लोगों को संगठित किया जा रहा है। जिस तरीके से सपा के द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों को लक्ष्य बना कर परेशान किया जा रहा है आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में दलित चौपाल के माध्यम से दलित समाज के लोगों को संगठित किया जा रहा है जो लोजपा रामविलास के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करेंगे और लोजपा रामविलास के प्रत्याशियों को जिताएंगे इस अवसर पर प्रदेश सचिव कमलाकान्त तिवारी, जिला अध्यक्ष राजू पासवान, कमलेश मिश्रा, रमेश पासवान, शिव बहादुर,आजाद, सतीश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### थाना अजनर पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्रों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष अजनर सुभाषचन्द्र द्वारा गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गयी। बताया है कि उ.नि. ऋषी शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम महुआबाँध से आनन्दपुरा मार्ग पर सरदारपुर जाने वाले मोड़ के पास, बहद ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा से 1 नफर अभियुक्त सोनू राजपूत पुत्र नन्दू राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 1 अदद कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मुअसं 129/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।


### नाबालिगों के फर्जी जॉब कार्ड बनवाकर जीरामजी योजना की निकाली जा रही धनराशि



**कोंच(जालौन)।** भारत सरकार द्वारा राम जी राम योजना के माध्यम से ग्रामों में रोजगार गारंटी उपलब्ध करवाई जाती है जिससे मजदूर वर्ग के लोगों को काम मिल सके लेकिन ग्राम घुसिया में सरकार की मंशा को पलीता लगाते हुए मजदूरों के हक को छीना जा रहा है। उक्त के संबंध में ग्राम घोसिया निवासी प्रद्युम्न पटेरिया पुत्र राज किशोर ने दिन सोमवार को उप जिला अधिकारी अभिनव कुमार को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि ग्राम में प्रधान द्वारा नाबालिकों के नाम से जॉब कार्ड बनवाकर रामजी राम योजना के तहत फर्जी तरीके से भुगतान आहरित किया जा रहा है वही जेसीबी मशीन द्वारा तालाब की अवैध खुदाई करके लाखों रुपए की मिट्टी विक्रय की गई है जॉब कार्ड धारक रिया पुत्री मुनेश कुशवाहा जन्म तिथि 17 अक्टूबर 2008 जो 17 वर्ष 10 माह व तान्या पुत्र मुनेश जन्म तिथि 1जनवरी 2011 उम्र 15 वर्ष जो आधार कार्ड के अनुसार जन्म तिथि है ऐसे जॉब कार्ड बना कर सरकारी धन का दुरुपयोग ग्राम प्रधान द्वारा किया जा रहा है जिसकी शिकायत पूर्व में एस डी एम को दी गई लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी प्रद्युम्न ने एस डी एम से लगाये गए आरोपों की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की मांग की है।

### बीएड परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू, पहले दिन 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**सीसीटीवी निगरानी में हुई परीक्षा, 301 में 274 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा**



**कालपी(जालौन)।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा सोमवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कालपी कॉलेज में शुरू हो गई। पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन माहौल में संपन्न हुई। निर्धारित 301 परीक्षार्थियों में से 274 ने परीक्षा में हिस्सा लिया, जबकि 27 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कालपी कॉलेज को चार महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां लक्ष्मी देवी महाविद्यालय मदारीपुर, पंडित गंगाधर पांडेय श्रवण कुमार महाविद्यालय, परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय जगम्मनपुर तथा स्वर्गीय गफूर खान महाविद्यालय बबीना के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य मधु प्रभा त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा कक्षों की सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है, जबकि प्रत्येक कक्ष में कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा संचालन में डॉ. राधारानी श्रीवास्तव, सोम चौहान, डॉ. कुमार, डॉ. शैलेंद्र शेखर, वशिष्ठ पंकज द्विवेदी, डॉ. अरुण बाजपेयी, डॉ. भारती, रवि मिश्रा निगम सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी पूरे समय मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहे।

# निजी अस्पताल में डाक्टर की लापरवाही से मरीज की मौत, विधवा ने डीएम से की शिकायत

- डीएम ने सीएमओ को जांच कर कार्रवाई के दिए निर्देश
- कम पैसों में अच्छा इलाज का झांसा देकर भर्ती किया मरीज, चली गई जान



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

खागा के एक निजी अस्पताल के प्रबंधक और डॉक्टर पर लापरवाही और ठगी का आरोप लगा है। पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। डीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश सीएमओ को दिए हैं। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बल्दी का पुरवा मजरिया हरदो निवासी सरोज देवी ने बताया कि 4 जुलाई को पति की तबीयत खराब होने पर वह उन्हें अस्पताल ले जा रही थी। रास्ते में रवि नाम का एक व्यक्ति मिला, जिसने खुद को लाइफकेयर हॉस्पिटल का प्रबंधक बताते हुए कहा मेरा खुद का अस्पताल है, कम पैसे में अच्छा इलाज होगा। आरोप लगाया कि झांसे में आकर पति अमर सिंह को उक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया। भर्ती के समय 70 हजार और दो दिन बाद खून चढ़ाने के नाम पर 28 हजार रुपये नगद जमा कराए गए। खून चढ़ाने के बाद मरीज की हालत बिगड़ गई! सरोज देवी का आरोप है कि इसके बाद बिना बताए मरीज को ऑक्सीजन लगाकर कानपुर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया और वेंटिलेटर पर डाल दिया गया। कुछ घंटे बाद अस्पताल संचालक ने जवाब दे दिया। वह पति को स्वरूपरानी अस्पताल ले जाने लगी रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर संचालक ने धमकी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कोई भी शिकायत आती है तो उसे पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## रानी दुर्गा वती शाखा का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**फतेहपुर।** राष्ट्र सेविका समिति रानी दुर्गावती शाखा का तृतीय वार्षिकोत्सव शाखा स्थल हनुमान मंदिर पक्का तालाब में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया, शाखा कार्यवाहिका अंजू त्रिपाठी ने बताया कि तीन वर्ष पहले 10 बच्चियों से शाखा की शुरुआत किया आज शाखा में 30 बेटियां है, रामचरित मानस की चौपाई, वीरांगनाओं की कहानी, योग, हाई जम्प, रस्सी कूद, प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चियों को मोमेंटो और मैडल से पुरस्कृत किया गया, मुख्य अतिथि बाल कल्याण रामकृष्ण पांडे सीडब्ल्यूसी, अपर्णा पांडे, मनीषा गुप्ता एडवोकेट, केशव राम त्रिपाठी, संध्या त्रिपाठी, सुनिधि तिवारी, संगीता द्विवेदी, वंदना दुबे योगा, सैलजा लोधी, सुनीता अवस्थी, जया, लक्ष्मी, अंकित, शिवांक आदि रहे।

## नहाते समय अर्जुन सहायक परियोजना नहर में डूबा युवक

- घटना स्थल पर लगी ग्रामीणों की भारी भीड़, सूचना पर पहुँची पुलिस व गोताखोर खोजने में जुटे



**पनवाड़ी /महोबा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़ियां के अर्जुन सहायक परियोजना नहर में एक युवक नहाते समय तेज बहाव में डूबने का मामला सामने आया है, सूचना पर पहुंची थाना पुलिस व गोताखोरों की मदद से खोजबीन का काम जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़ियां में युवक आरिफ मंसूरी अपने दोस्तों के साथ अर्जुन सहायक परियोजना नहर में नहाते समय पानी के तेज बहाव डूब गया।

सूचना पर पहुंची थाना पुलिस और गोताखोरों की मदद से खोजने का काम किया गया लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी समाचार लिखे जाने तक उसका कोई पता नहीं चल सका है, घटना स्थल पर आसपास गाँव के ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई। युवक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी से जानकारी करने का फोन से प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी है।

## फर्जी नामांतरण का आरोप, पीड़ितों ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद फतेहपुर पर फर्जी तरीके से दुकान का नामांतरण किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में चाँदबाबू पुत्र स्वर्गीय सदाकत हुसैन तथा लियाकत हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन ने बताया कि छोटी बाजार चौक स्थित उनकी पुश्तैनी दुकान नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज है। प्रार्थी ने बताया कि वह शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और दुकान को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शिकायत के अनुसार, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) फतेहपुर की अदालत में वाद संख्या 294/18 लंबित होने के कारण न्यायालय के निर्णय तक किसी प्रकार के नामांतरण या दाखिल-खारिज की कार्रवाई न किए जाने के निर्देश दिए गए थे। नगर पालिका की ओर से वर्ष 2019 में भी इस संबंध में पत्र जारी किया गया था। इसके बावजूद आरोप है कि नगर पालिका ने कथित रूप से अभिलेखों में प्रार्थियों का नाम काटकर मोहम्मद उस्मान पुत्र मोहम्मद अली तथा मोहम्मद हुसैन पुत्र मोहम्मद इब्राहिम के नाम दुकान का नामांतरण कर दिया। प्रार्थियों का आरोप है कि यह कार्रवाई नियमों के विपरीत और सांठगांठ कर की गई, जिसके बाद संबंधित संपत्ति का विक्रय भी कर दिया गया। इस मामले में पहले से सूचना रिपोर्ट दर्ज होने का भी दावा किया गया है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि वर्ष 1993 के असिसमेंट रजिस्टर के अनुसार उनके नाम पुनः दर्ज कराए जाएं तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायत के साथ वर्ष 1993 के असिसमेंट रजिस्टर की प्रति और नगर पालिका द्वारा जारी सूचना पत्र भी संलग्न किया गया है। वही पीड़ितों ने बताया कि इस मामले को लेकर 4 जुलाई को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर 8 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।तहरीर के अनुसार न्यायालय के आदेश का अवहेलना करते हुए फर्जी तथ्य के आधार पर दुकान का असिस्टेंट को सगीर अहमद,शिव बहादुर, दिलशाद अहमद खान ने एक करोड़ रुपए में एग्रीमेंट कर 30 लाख रुपए भी ले लिया था।जिसके बाद अब भू माफिया उक्त जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इस मामले में नगर पालिका परिषद के ईओ रविंद्र कुमार ने कहा कि मामला न्यायालय में होने के कारण जबतक न्यायालय से फैसला नही होता है वह कुछ नही कर सकते हैं, न्यायालय का फैसला आने के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

# पशुओं को मिलेगी आधार की तर्ज पर यूनिक आईडी

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक
- डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को सभी पशुओं की टैगिंग कराने के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन के सुचारु संचालन और क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी नें बताया कि पशुधन का डिजिटलीकरण और आधार की तर्ज पर यूनिक पहचान (UID) मिलेगी। जिलाधिकारी नें सभी पशुओं की ईयर टैगिंग कर 'भारत पशुधन पोर्टल' पर डिजिटल डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए। ग्राम स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत सहायक पंचायत नोडल अधिकारी बनेंगे? बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के भीतर पशुधन का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया जाए। आधार कार्ड की तर्ज पर प्रत्येक पशु के लिए एक यूनिक आईडी जारी की जाएगी, जिससे हर पशु की अपनी एक अलग पहचान स्थापित हो सकेगी। इसके लिए सभी पशुओं के कान में सुरक्षित ईयर टैग लगाना और उनका विस्तृत डिजिटल डेटाबेस तैयार करना अनिवार्य है। इस डेटाबेस में पशु की उम्र, नस्ल और उसके टीकाकरण का पूरा इतिहास दर्ज रहेगा।

### भारत पशुधन पोर्टल से पारदर्शी प्रबंधन

जिलाधिकारी ने बताया कि एनडीएलएम योजना के अंतर्गत डेटा प्रविष्टि, मॉनिटरिंग और चिकित्सा सेवाओं जैसे कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण के प्रबंधन के लिए 'भारत पशुधन पोर्टल' का अनिवार्य उपयोग किया जाएगा। कहा कि डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से बिचौलियों का हस्तक्षेप खत्म होगा, व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और समय पर उपचार मिलने से पशुओं की मृत्यु दर में कमी आएगी, जिससे अंततः पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी। पोर्टल पर डेटा एंट्री के कार्य को गति देने के लिए ग्राम्य विकास, पंचायती राज और नगर विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण स्तर पर इस योजना को प्रभावी बनाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत सहायक को पंचायत नोडल अधिकारी नामित किया जा रहा है। पीएनओ जमीनी स्तर पर पशुपालकों का आधार और मोबाइल नंबर के साथ पंजीकरण करेंगे, पशुओं के जन्म-मृत्यु या खरीद-बिक्री का डेटा अपडेट करेंगे और क्षेत्र में किसी भी संक्रामक बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करेंगे। जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट नोडल अधिकारी और ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक नोडल अधिकारी पूरी प्रक्रिया की निरंतर निगरानी करेंगे। जिलाधिकारी ने ब्लॉक स्तरीय क्रियान्वयन समिति उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी आदि को भी अपने-अपने विकास खंडों में कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा कराने की हिदायत दी है। इस बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सभी सदस्य, जिनमें मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सदस्य/सचिव) शामिल रहे।

## पट्टे की जमीन पर भू माफिया कर रहे हैं कब्जा




**कोंच(जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़ौदा खुर्द निवासी अवधेश कुमार अहिरवार पुत्र परमाई ने दिन सोमवार को उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गाटा संख्या 177 क्षेत्रफल 65/50 यानि 3250 वर्गफुट का पट्टा राम जानकी पत्नी परमाई राम जानकी पत्नी परमाई अहिरवार को दिनांक 16 अप्रैल 1976 को एसडीएम के द्वारा दिया गया था जिसमें पिलर बने हैं एवं ईटा रखे हुए हैं और मैं निर्माण करना चाहता हूं लेकिन ग्राम के भू माफिया रमाकांत रजनीकांत शशिकांत पुत्र गण श्याम चरण तिवारी प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं मेरी मां राम जानकी की मृत्यु 13 में 2016 को हो चुकी है और मैं विरासत मालिक काबिज हूं लेखपाल की भूमिका भी संदिग्ध है और वह भू माफिआओं से मिला है अवधेश कुमार ने एसडीएम से उपरोक्त पट्टे का शांतिपूर्ण कब्जा तथा उपरोक्त भूमाफिआओं को अवैध कब्जा करने से रोके जाने की मांग की है।

## गो-आश्रय स्थलों में सुनिश्चित की जायें मूलभूत सुविधाएं: जिलाधिकारी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गज़ल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गोवंश संरक्षण, अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में बिभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी गो-आश्रय स्थलों पर मानक के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल, छाया एवं चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। साथ ही, भरण-पोषण से संबंधित भुगतान समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि छोटे गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को आवश्यकतानुसार बड़े गो-संरक्षण केंद्रों में स्थानांतरित कर बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए गोवंश संरक्षण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में बलराम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), डॉ. रंजन सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायज राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# आईएएस रिंकू सिंह राही के पांच पन्नों के पत्र ने मचाई हलचल

- आधी तनख्वाह और प्रतिनियुक्ति तक की माँग

**उरई(जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जालौन जिले में एक तरह से लूप लाइन में पड़े उत्तर प्रदेश कैडर के 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही का शासन को लिखा गया एक पाँच पन्नों का पत्र प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। वर्तमान में एसडीएम (न्यायिक) के पद पर तैनात राही ने इस पत्र में न केवल अपनी कार्यप्रणाली और पोस्टिंग पर गंभीर सवाल उठाए हैं, बल्कि चौंकाने वाला सुझाव भी दिया हैकृयदि सरकार उन्हें पूरे दिन का काम नहीं दे पा रही है, तो वे आधी तनख्वाह लेने को तैयार हैं, बशर्ते उन्हें ऐसा दायित्व सौंपा जाए जहाँ वे कानून और जनहित के अनुसार पूरी क्षमता से कार्य कर सकें।

**दिन भर में मात्र चार घंटे का काम:** राही ने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को भेजे अपने पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा है कि उन्हें वर्तमान पद पर प्रतिदिन औसतन केवल चार घंटे ही कार्य मिल पाता है। एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में वे अपनी योग्यता और ऊर्जा का सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि यदि उनके लिए पूर्णकालिक दायित्व उपलब्ध नहीं है, तो उनका वेतन आधा कर दिया जाए और उन्हें ऐसे क्षेत्र में तैनात किया जाए, जहाँ वे नियमों एवं जनहित में प्रभावी योगदान दे सकें।

**प्रदेश में नहीं तो दूसरे राज्य में भेजें:** राही ने पत्र में यहाँ तक कहा है कि यदि उत्तर प्रदेश में उनके लिए कोई उपयुक्त तैनाती संभव नहीं है, जहाँ वे स्वतंत्र एवं पारदर्शी रूप से कार्य कर सकें, तो उन्हें प्रतिनियुक्ति पर किसी अन्य राज्य में भेजने पर विचार किया जाए। यह अनुरोध प्रशासनिक मंडलियों में असामान्य माना जा रहा है, क्योंकि एक आईएएस अधिकारी द्वारा स्वयं प्रतिनियुक्ति की माँग करना अत्यंत दुर्लभ है।

**मंत्री और विधायक के नाम का जिक्र:** अपने पत्र में राही ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह तथा भाजपा विधायक गौरी शंकर वर्मा का भी उल्लेख किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जालौन में एसडीएम रहते हुए उन्हें अवैध कब्जों और अतिक्रमण से जुड़े मामलों में कार्रवाई न करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जाँच बाधित करने के प्रयासों का भी जिक्र किया है। गौरतलब है कि ये आरोप अधिकारी की ओर से लगाए गए हैं; इनकी आधिकारिक पुष्टि या खंडन संबंधित विभागों की जाँच एवं प्रतिक्रिया के बाद ही संभव होगा।

**कोल्ड स्टोरेज जाँच के बाद हुआ तबादला:** राही ने अपने स्थानांतरण के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण दावा किया है। उन्होंने लिखा कि लखनऊ अग्निकांड के बाद, जालौन में एसडीएम रहते हुए उन्होंने एक कोल्ड स्टोरेज की सुरक्षा व्यवस्था की मॉक ड्रिल कराई थी। जाँच में आग बुझाने के पर्याप्त साधन नहीं मिले और आवश्यक संचालन दस्तावेज भी अनुपलब्ध थे। उनका कहना है कि इस मामले में गठित जाँच समिति की रिपोर्ट आने से पहले ही उनका तबादला एसडीएम (न्यायिक) के पद पर कर दिया गया, जिसे वे प्रशासनिक दबाव का परिणाम मानते हैं।

**जनता दर्शन को बताया मात्र औपचारिकता:** पत्र में राही ने जालौन प्रशासन की कार्यशैली पर भी कटु टिप्पणी की है। उनके अनुसार, जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों का स्थायी समाधान किए बिना केवल औपचारिक निस्तारण कर दिया जाता है, जिससे आम जन की वास्तविक समस्याएँ अनसुलझी रह जाती हैं। उन्होंने इस व्यवस्था को सुधारने की आवश्यकता पर बल दिया है।

**बिना दबाव के काम करने का अवसर चाहिए:** पत्र के अंत में आईएएस अधिकारी ने सरकार से अनुरोध किया है कि उन्हें जालौन की किसी अन्य तहसील, दूसरे जिले, या किसी ऐसे पद पर तैनात किया जाए, जहाँ वे बिना किसी बाहरी दबाव के, पूरी निष्ठा एवं कानूनानुसार कार्य कर सकें। यदि यह उत्तर प्रदेश में संभव न हो, तो उन्हें दूसरे राज्य में प्रतिनियुक्ति पर भेजने का विकल्प भी सुझाया गया है।

**रिंकू सिंह के पत्र के जबाव में सरकारी सन्नाटा:** रिंकू सिंह राही का यह पत्र सामने आने के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएँ गरमा गई हैं। अब सभी की निगाहें उत्तर प्रदेश सरकार और नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की ओर टिकी हैं। अभी तक संबंधित विभागों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में पत्र में लगाए गए सभी आरोपों की सत्यता का निर्धारण विभागीय जाँच और आधिकारिक पक्ष के सामने आने के बाद ही संभव हो सकेगा। फिलहाल, यह पत्र प्रशासनिक ईमानदारी और कार्यप्रणाली पर एक बड़े बहस का कारण बना हुआ है।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

पत्रांकः 187/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 — दिनांक-20.07.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY) नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 21.07.2026 से 27.07.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 28.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

संजीव कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत, कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत, कुलपहाड़
जनपद- महोबा

# मुख्यमंत्री ने लोधेश्वर महादेव का दर्शन-पूजन कर किया अभिषेक

## सीएम ने बच्चों का कराया अन्नप्राशन, दिव्यांगों को दी ट्राइसाइकिल



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोधेश्वर धाम में दर्शन-पूजन कर महादेव का अभिषेक किया। सीएम ने बाबा भोलेनाथ की आरती भी उतारी और ईश्वर से सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मंदिर परिसर में डमरू वादन संग उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय कलाकारों की हौसलाअफजाई की। मुख्यमंत्री ने दर्शन-पूजन के उपरांत निर्माणाधीन कॉरिडोर का अवलोकन भी किया और कार्यों के निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

**सीएम ने किया बच्चों का अन्नप्राशन, दिव्यांगों को दी ट्राइसाइकिल**-दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री लोधेश्वर महादेव मंदिर के पीछे स्थित प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने यहां बच्चों का अन्नप्राशन किया और उन्हें खिलौने देकर दुलारा-पुचकारा। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों से उनके मॉडल के बारे में जानकारी ली। साथ ही बच्चों को चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल प्रदान की। बाराबंकी के विकास को लेकर लघु फिल्म भी दिखाई गई।

**जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित**-मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया। सीएम के हाथों इन्हें मिला सम्मान, शिवशंकर वर्मा- कृषि यंत्र के तहत चाबी, प्रमाण पत्र व 4 लाख का चेक छाया देवी- कृषि यंत्र के तहत चाबी, प्रमाण पत्र व 4 लाख का चेक मोहसिन मतीन- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के तहत 10 लाख का चेक मुकेश कुमार- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के तहत 3.10 लाख का चेक शांति देवी- विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत सिलाई का टूल किट नितेश वर्मा- सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 5 लाख का चेक मो. आलम- ओडीओपी के तहत 21 लाख का चेक हेमकरण माथुर- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 3.90 करोड़ से अधिक का चेक हर्षिता वर्मा- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत को 15 लाख का चेक प्रमेंद्र विक्रम सिंह- मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 11.80 लाख से अधिक का चेक आरती देवी- मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का स्वीकृति पत्र गायत्री देवी- मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का स्वीकृति पत्र आरती का स्वीकृति पत्र आरती व अशोक कुमारी सिंह- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में सामुदायिक निवेश निधि के लिए 3.19 करोड़ से अधिक का चेक।

# उपज की प्रदेश कार्यकारिणी में बाराबंकी के दिलीप श्रीवास्तव शामिल

**स्थापना दिवस पर चार वरिष्ठ पत्रकारों को मिली नई जिम्मेदारी, जिले के पत्रकारों में खुशी की लहर**



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए चार वरिष्ठ पत्रकारों एवं संगठन के सक्रिय सदस्यों को प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। नवमनोनीत सदस्यों में श्री रामसेवक अडजरिया (झांसी), श्री अनिल शर्मा (उरई, जालौन), श्रीमती सुनीता उपाध्याय (गाजियाबाद) तथा श्री दिलीप श्रीवास्तव (बाराबंकी) शामिल हैं। बाराबंकी के वरिष्ठ पत्रकार एवं उपज के जिला संयोजक दिलीप श्रीवास्तव को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर जनपद के पत्रकारों में हर्ष का वातावरण है। संगठन के पदाधिकारियों ने इसे बाराबंकी इकाई के लिए सम्मानजनक उपलब्धि बताते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

उपज के जिलाध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव ने कहा कि दिलीप श्रीवास्तव लंबे समय से संगठन की गतिविधियों में सक्रिय एवं समर्पित भूमिका निभाते रहे हैं। उनका अनुभव और संगठन के प्रति निष्ठा प्रदेश स्तर पर भी संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने नवदायित्व के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिला महामंत्री रत्नेश कुमार ने भी दिलीप श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान की पहचान है, बल्कि बाराबंकी के पत्रकार समाज के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने से संगठन और अधिक सशक्त होगा।

इस अवसर पर उपज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा नवमनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों के उज्ज्वल

# खेत देखने गई महिला को सर्प ने डसा, सीएचसी में कराया गया भर्ती

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खेत देखने गई एक महिला को सांप ने डस लिया, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैदरगढ़ लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अच्छई निवासी सुनीता (43) पत्नी तेज नारायण रविवार शाम करीब चार बजे अपना खेत देखने गई थीं। बताया जाता है कि खेत की मेड़ पर छिपे बैठे एक सर्प ने उनके पैर में काट लिया। सर्पदंश के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और महिला को तत्काल सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आए।

# घर में घुसकर महिला और बेटी से मारपीट का आरोप, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के बनकोट मजरे अमरवल किरसिया गांव की एक महिला ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट करने, गाली-गलौज करने, सामान तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बनकोट निवासी गुड्डा पत्नी देवनारायण ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 31 मई 2026 को वह अपने घर के सहन में मिट्टी की पटाई कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के बाबूलाल पुत्र सुकई, रामरती पत्नी दिनेश और जगपता पुत्री बदलू ने मिट्टी डालने का विरोध किया। विरोध करने पर सभी आरोपी एक राय होकर गाली-गलौज करने लगे और लाठी-डंडों तथा लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि जान बचाने के लिए वह घर के अंदर चली गई, लेकिन आरोपी घर में घुस आए और उसकी पुत्री राधा के साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने घर का सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। महिला ने बताया कि घटना में उसे गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसने जिला अस्पताल बाराबंकी में अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया। आरोप है कि शिकायत के बावजूद थाना स्तर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# मंदिर में पूजा करने गई महिला से मारपीट का आरोप

**एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के हरचंदपुर गांव में मंदिर पर पूजा करने गई एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा उसके पुत्र के साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम हरचंदपुर निवासी संत दुलारी रावत पत्नी राजबहादुर रावत ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 19 जुलाई 2026 को सुबह करीब नौ बजे अपने घर के पास स्थित मंदिर में पूजा करने गई थी।
आरोप है कि इसी दौरान गांव के राघव राम मिश्रा, राज्यराम मिश्रा, अवधराम मिश्रा, शाहदरा मिश्रा पुत्रगण रामशंकर मिश्रा तथा मनसा देवी मिश्रा पुत्री रामशंकर मिश्रा वहां पहुंचे और मंदिर के पास रखी उनकी सामग्री को हटाने लगे।

# जयपुरिया इंस्टीट्यूट में शिक्षकों की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**बाल-केंद्रित शिक्षण पर दिया गया जोर**



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गोमती नगर की सामाजिक दायित्व (एसआरसी) समिति की चेयरपर्सन डॉ. रीना अग्रवाल के निर्देशन में बाराबंकी जनपद के चार विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संयोजन बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा किया गया। कार्यशाला में चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल, ग्राम छंदवल, आनंद विहार कॉन्वेंट इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग एवं मसौली शाखा तथा रामदीन कलावती शिक्षण संस्थान, सनौली के लगभग 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। प्रथम सत्र में एसआरसी के समन्वयक एवं प्रबंधन के छात्र सौरभ तथा उनकी टीम ने शिक्षकों को आधुनिक कंप्यूटर तकनीक के माध्यम से शिक्षण को उपयोगी विधियों से परिचित कराया। इस दौरान कंप्यूटर हार्डवेयर की मूलभूत जानकारी, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार करना, ई-मेल का उपयोग, एमएस पेंट तथा कंप्यूटर आधारित परीक्षा परिणाम तैयार करने जैसी व्यावहारिक जानकारियां प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में डॉ. रीना अग्रवाल ने बाल-केंद्रित एवं आनंददायी शिक्षण पद्धति पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि कक्षा का प्रारंभ प्रार्थना एवं आइस ब्रेकिंग गतिविधियों से होना चाहिए, जिससे बच्चों में आत्मीयता एवं सीखने के प्रति उत्साह विकसित हो। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों की छोटी-छोटी उपलब्धियों और सकारात्मक व्यवहार को अभिभावकों के साथ साझा करें तथा अनावश्यक रूप से उनकी कमियों को प्रमुखता देने से बचें। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि विद्यार्थियों को छोटे-छोटे प्रोत्साहन संदेश, ग्रीटिंग कार्ड अथवा प्रशंसा के माध्यम से निरंतर उत्साहित किया जाए। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कई प्रतिष्ठित विद्यालयों में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति होने पर शिक्षक स्वयं अभिभावकों से संपर्क कर कारण जानने एवं समाधान करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से स्लो लर्नर बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ऐसे बच्चों की सीखने की गति प्रशंसा, प्रोत्साहन और व्यक्तिगत सहयोग से बढ़ाई जा सकती है। आवश्यकता पड़ने पर स्पेशल एजुकेटर का सहयोग भी लिया जाना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने सप्ताह में कम से कम एक दिन शिक्षणेत्तर गतिविधियों के आयोजन, क्विज के माध्यम से कक्षा प्रारंभ करने, पौधरोपण जैसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को विद्यालयी जीवन का हिस्सा बनाने तथा प्रत्येक विद्यार्थी को मंच पर बोलने का अवसर देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक की सहभागिता से आयोजित इनडोर एवं आउटडोर खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला के समापन पर शिक्षकों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान करते हुए शिक्षण कार्य में आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार, आनंद विहार कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के प्रबंधक शैलेंद्र सिंह, रामदीन कलावती शिक्षण संस्थान के राजेश रावत, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, अंशिका मिश्रा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं एसआरसी टीम के सदस्यों सहित लगभग 70 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

## खबरें एक नजर में

### पैसों के लिए बेटे ने माँ पर चाकू से किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिठौली गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक बेटे ने अपनी ही मां पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि महिला किसी काम से बैंक से 40 हजार रुपये निकालकर घर लौटी थी। बड़े बेटे को इसकी जानकारी थी। वह घर पहुंचा और मां से रुपये मांगने लगा। जब मां ने रुपये देने से इनकार कर दिया तो दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। इसी दौरान महिला रसोई में खाना बना रही थी, तभी गुस्से में बेटे ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों को आता देख आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। घटना के बाद महिला के छोटे बेटे ने स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो से अपनी घायल मां को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

### करदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए लगाया गया शिकायत निवारण शिविर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** आयकर अधिकारी आनन्द कुमार मिश्र ने बताया कि आयकर विभाग अमेठी प्रभार में करदाताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 15 जुलाई से एक विशेष बकाया मांग एवं शिकायत निवारण कैंप की शुरुआत की गई है, यह विशेष अभियान 31 जुलाई तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान मुख्य आयकर आयुक्त, इलाहाबाद प्रभार के अधीनस्थ प्रधान आयकर आयुक्त प्रभारों के अंतर्गत आने वाले सभी 48 स्टेशनों पर संचालित किया जा रहा है तथा इस कैंप में कर संबंधी मामलों को सुलझाने के लिए विभिन्न प्रकार की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाएगा जिसके क्रम में बकाया मांग का समाधान के तहत करदाताओं के खातों में प्रदर्शित पुरानी या त्रुटिपूर्ण मांगों का सूक्ष्म मिलान और तत्काल सुधार एवं त्वरित शिकायत निवारण के तहत रिफंड में विलंब, लंबित रेक्टिफिकेशन आवेदन तथा पैन संबंधी तकनीकी समस्याओं का प्रभावी समाधान व विविध सेवाएँ के तहत चालान करेक्शन, टीडीएस मिसमैच, सीपीग्राम एवं ई-निवारण, 'विवाद से विश्वास 2024' से संबंधित मामले, तथा अपील प्रभाव से जुड़े लंबित प्रकरणों का निपटारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले के 7 उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान किया जा चुका है। आयकर विभाग सभी सम्मानित करदाताओं एवं टैक्स प्रैक्टिशनरों से आग्रह करता है कि वे इस कैंप का अधिकतम लाभ उठाएं तथा विभाग की ओर से यह सुनिश्चित करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है कि लंबित मामलों को शून्य पर लाया जाए।

### दरवाजा तोड़कर घर में घुसे चोर, 18 लाख के जेवर और नकदी लेकर फरार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत महोना गांव स्थित पूरे सारी का पुरवा में अज्ञात चोरों ने एक घर का दरवाजा तोड़कर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार नसीर अहमद के घर में देर रात अज्ञात चोर घुस गए और घर में रखे करीब 18 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात तथा 12 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए।

# पैतृक जमीन विवाद ने लिया खूनी रूप, भाई और भतीजे पर आरोप



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के भद्दौर गांव में रविवार देर रात पैतृक जमीन के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। खेत से घर लौट रहे किसान रामकरण उम्र 40 वर्ष की धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, रामकरण रविवार रात करीब 10:30 बजे खेत में धान की बेरन लगाकर घर लौट रहे थे। घर से करीब 500 मीटर पहले घात लगाए हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई रामचंद्र ने अपने बड़े भाई गयाप्रसाद और उनके बेटे दीपक पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। गयाप्रसाद जमीन में हिस्सा देने से इनकार कर रहे थे। बताया जाता है कि रविवार को रामकरण द्वारा विवादित खेत जोतकर धान की बेरन लगाने के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिजली विभाग के मुकदमे पर बवाल, रीता सिंह ने घेरा एसपी कार्यालय



**पुलिस से तीखी नोकझोंक**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जन कल्याण समिति अध्यक्ष रीता सिंह व बिजली विभाग के कर्मचारी के साथ हुई कथित नोकझोंक और मारपीट के बाद दर्ज मुकदमे को लेकर विवाद गहरा गया है। मुकदमे से नाराज किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता और महिलाएं जन कल्याण समिति अध्यक्ष रीता सिंह की अध्यक्षता में गौरीगंज स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने पहुंचीं। एसपी कार्यालय पहुंचने से पहले पुलिस ने किसान नेता रीता सिंह समेत महिला प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और महिलाओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस द्वारा रोके जाने से नाराज प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे को वापस लेने की मांग की। एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। स्थिति को देखते हुए मौके पर क्षेत्राधिकारी समेत भारी पुलिस बल तैनात किया गया। समाचार संकलित किए जाने तक एसपी कार्यालय के बाहर किसान यूनियन का प्रदर्शन जारी था।

### 22 जुलाई से शुरू होगा एफएमडी टीकाकरण अभियान का 8वां चरण: सीवीओ

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला ने पशुपालकों एवं किसानो से अपील करते हुए बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुंहपका एफएमडी टीकाकरण अभियान-2026 का 8वां चरण 22 जुलाई से 4 सितम्बर तक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान जिले के सभी गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका एक अत्यंत संक्रामक वायरल रोग है, जो गाय, भैंस, बकरी, भेड़ एवं अन्य खुरदार पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग के कारण पशुओं के मुंह, जीभ, होंठ तथा खुरों में छाले एवं घाव हो जाते हैं, जिससे पशु चारा कम खाने लगते हैं, दूध उत्पादन में कमी आती है तथा पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने कहा कि प्रदेश एवं देश को एफएमडी मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी पशुपालकों का सहयोग आवश्यक है।

# कांवरियों के पैरों में चुभेंगे कंकड़, उबड़-खाबड़ रास्तों से होकर गुजरेगी कांवड़ यात्रा

**सड़क पर फैले कंकड़ और बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना का सबब बने हुए है**



**डलमऊ रायबरेली।** श्रावण मास के आरंभ होने में मात्र कुछ दिन ही शेष बचे हैं यात्रा को लेकर शिव भक्तों में उत्साह का माहौल है। सनातन धर्म में कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति आस्था, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। प्रति वर्ष सावन माह के आरंभ के साथ भारी संख्या में शिव भक्त गंगा तट डलमऊ में जल भरने आते हैं और पवित्र गंगाजल लेकर अपने आराध्य महादेव का जलाभिषेक करते हैं। लेकिन डलमऊ क्षेत्र की कई प्रमुख सड़कों की बदहाल स्थिति कांवरियों की राह में बड़ी बाधा बन सकती है। डलमऊ गंगा तट के किनारे बसा हुआ धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगर है। जहां जनपद के विभिन्न हिस्सों से हजारों की संख्या में शिव भक्त जल भरने के लिए डलमऊ के गंगा तट पहुंचाते हैं। डलमऊ रायबरेली मार्ग कावड़ यात्रा का प्रमुख मार्ग है इस मार्ग की स्थिति बहुत ही दयनिय है। बीते कुछ माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के लिए क्षेत्र के 14 मील से मुराई बाग तक सड़क की दोनों पटरियों की खुदाई कराई गई थी जिसमें गिट्टियां डालकर भराई कर दी गई थी लेकिन तारकोल नहीं डाला गया। इस मार्ग की स्थिति पहले से ही अत्यधिक खराब है जिसमें जगह-जगह सड़क की गिट्टियां उखड़ चुकी हैं और कंकड़ बिखरे पड़े हैं, ऐसी स्थिति में नंगे पैर चलने वाले शिवभक्तों के पैरों में कंकड़ चुभेंगे। ऐसे दुर्गम रास्तों से गुजरने वाले कांवरियों के पैर जख्मी होंगे और उनकी यात्रा कठिनाइयों से भरी होगी। वही जनपद फतेहपुर से आने वाले कांवरियों को जान हथेली पर रखकर यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। डलमऊ फतेहपुर मार्ग काफी लंबे समय से बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। सड़क पर हुए गड्ढे तालाब में परिवर्तित हो चुके हैं। जिसमें आए दिन भारी वाहन फंस जाते हैं जिसके चलते कस्बे में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो कई घंटे तक लगा रहता है। सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड भारी वाहन कावड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ओवरलोड वाहनों की वजह से कस्बे के सभी प्रमुख मार्गो की स्थिति वद से बदतर हो चुकी हैं। सड़क पर फैले कंकड़ और बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना का सबब बने हुए हैं। ऐसी स्थिति में शिव भक्तों की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर बड़ी चिंता बनी हुई है। यदि समय रहते इन मार्गो की मरम्मत नहीं कराई गई तो नंगे पैर यात्रा करने वाले कांवरियों के लिए यह मुख्य मार्ग काफी कष्टदायक साबित होगा।

# सरेनी में चुनावी सरगर्मियां तेज, पूर्व विधायक अशोक सिंह ने किया जनसंपर्क



**समृद्धि न्यूज़, सरेनी, रायबरेली।** सरेनी विधानसभा में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होती नजर आ रही हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक अशोक सिंह विकासखंड सरेनी के हरीपुर गांव पहुंचे, जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उनकी समस्याएं सुनीं और संवाद किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अशोक सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें दोबारा सेवा का अवसर देती है तो क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों से जुड़ी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। कांग्रेस के पूर्व विधायक ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र का समग्र विकास और आम जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान करना है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ विकास कार्य कराए जाएंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम में हरीपुर सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से पूर्व विधायक को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया। फिलहाल, विधानसभा चुनाव से पहले शुरू हुआ यह जनसंपर्क अभियान सरेनी की राजनीतिक हलचल को और तेज करता दिखाई दे रहा है।

# डीएम व एसपी ने कांवड़ यात्रा को लेकर की बैठक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सावन मास/कांवड़ यात्रा, गंगा घाटों पर स्नान, शिव मंदिरों में जलाभिषेक, पूजा-अर्चना एवं श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सावन मास/कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद में आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रमुख गंगा घाटों एवं शिव मंदिरों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाए। भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्गों की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी तथा सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर निकायों को निर्देश दिए कि घाटों, मंदिर परिसरों एवं कांवड़ मार्गों पर नियमित साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, अस्थायी शौचालय, कूड़ादान तथा स्वच्छता संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने एवं खुले अथवा जर्जर विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस, आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन विभाग एवं आपदा प्रबंधन की टीमें आवश्यक उपकरणों सहित सतर्क रहें तथा गंगा घाटों पर गोताखोरों एवं जल पुलिस की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यकतानुसार डायवर्जन प्लान लागू करने, पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन करने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि सावन मास के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कावंड़ यात्रा आस्था के साथ उत्साह का आयोजन है। परम्परागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत इसका हिस्सा रहे हैं। इसके लिए डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो और इसमें केवल धार्मिक गीत व भजन ही बजाए जाएं। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाए। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ कठोर कार्यवाही की जाये। धार्मिक परम्परा/आस्था को सम्मान दें, पर्वो व त्योहारों में कोई नई परंपरा न शुरू हो। अमन चैन के साथ सभी पर्व व त्योहारों को मनाया जाए।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद-सीतापुर**

पत्रांकः-न-86/2026 | दिनांक- जुलाईः 20, 2026

**नीलामी सूचना**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | टेण्डर की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | रिजर्व पुलिस लाइन्स, सीतापुर के प्रांगण में निष्प्रयोज्य राजकीय सम्पत्ति, कम्प्यूटर एवं सहवर्ती उपकरण, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक्स उपकरण, दंगा निरोधक उपकरण तथा स्पोर्ट सामान आदि की सार्वजनिक नीलामी हेतु दिनांक 02.08.2026 को समय प्रातः 10:00 नियत की गयी है। इच्छुक ठेकेदार नियत समय पर रिजर्व रिजर्व पुलिस लाइन्स, सीतापुर प्रांगण में पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। | 02.08.2026 |

पुलिस अधीक्षक
सीतापुर

# 99.30 प्रतिशत पाने वाली सिद्धि मिश्रा का हुआ सम्मान



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

वीरेन्द्र पब्लिक स्कूल, देवबरमपुर परिसर में विद्यालय की मेधावी पूर्व छात्रा सिद्धि मिश्रा द्वारा नीट यूजी-2026 परीक्षा में 99.30 परसेंटाइल प्राप्त करने पर आयोजित भव्य सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार ने सिद्धि मिश्रा एवं उनके माता-पिता शैलेश कुमार मिश्रा व रश्मि मिश्रा का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

विद्यालय के प्रबंधक विमलेश कुमार दुबे ने सिद्धि मिश्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि उनकी यह अभूतपूर्व उपलब्धि विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों से सिद्धि के समर्पण, अनुशासन एवं कठिन परिश्रम से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य मो. आसिम मंसूर ने सिद्धि मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। सिद्धि मिश्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय को दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर सिद्धि मिश्रा के माता-पिता शैलेश कुमार मिश्रा एवं रश्मि मिश्रा ने विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वीरेन्द्र पब्लिक स्कूल ने उनकी पुत्री को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, उचित मार्गदर्शन एवं नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण शिक्षा प्रदान की, जिसके परिणामस्वरूप उसने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों पर विश्वास रखें, उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करें तथा अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, धैर्य और शिक्षकों के मार्गदर्शन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सिद्धि मिश्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाएँ, कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## गृह कलह से आहत युवक ने फांसी लगाने का किया प्रयास

छिबरामऊ, कन्नौज। गृह कलह से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने समय रहते उसे फंदे से उतार लिया और गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक की पहचान महेश (30) पुत्र भोगीराम, निवासी बेहटा रामपुर थाना सौरिख के रूप में हुई है। बताया गया कि घरेलू विवाद के चलते उसने यह कदम उठाया। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल युवक के संबंध में जानकारी जुटाई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि घरेलू तनाव केकारण वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सुभाष अकादमी के छात्र अपूर्व ने जनपद में पाया दूसरा स्थान

- सीबीएसई द्वारा घोषित दूसरी बोर्ड परीक्षा का आया परिणाम



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सीबीएसई द्वारा घोषित दूसरी बोर्ड परीक्षा परिणाम मे सुभाष अकादमी के छात्र अपूर्व सिंह राठौर ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर नगर ही नहीं बल्कि जिले का भी नाम रोशन कर दिया। उसने पूरे जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

मोहल्ला बनवारी नगर निवासी प्रतापभान सिंह एवं ज्योति सिंह प्राथमिक विद्यालय मे अध्यापक के पद पर कार्यरत है। उनके पुत्र अपूर्व सिंह राठौर ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अध्यापकों एवं अपने माता पिता को दिया जिनके मार्गदर्शन मे उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राजेश सक्सेना ने छात्र अपूर्व को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय छात्रों को अच्छी से अच्छी शिक्षा के लिए निरंतर प्रयास जारी रखेगा ताकि बच्चे अपने साथ साथ विद्यालय एवं नगर का भी नाम रोशन कर सकें। सीईओ कार्तिकेय सक्सेना ने छात्र अपूर्व की सफलता पर उनके अभिवावक एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए भविष्य मे छात्र अपूर्व से और अच्छे प्रदर्शन की कामना की। प्रधानाचार्य प्रवीण यादव ने कहा अपूर्व की सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अध्यापकों का उचित मार्गदर्शन एवं अभिवावक की निगरानी का परिणाम है। इस अवसर पर धीरज सिंह, सपन पाण्डेय, रश्मि पाण्डेय, रश्मि तिवारी, रामभक्त शर्मा, शोभित दुबे,दिनेश कुमार, अतुल सिंह, प्रदीप यादव, पवन कुमार एवं अंशुमान सिंह चौहान आदि शिक्षकों ने छात्र को मिष्ठान खिलाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लंबित विवेचनाएं जल्द निपटाएं,अपराधियों पर करें सख्त कार्रवाई : एसपी



- क्राइम मीटिंग में हत्या, लूट, साइबर अपराध व कानून-व्यवस्था की समीक्षा
- थाना प्रभारियों को दिए गए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी कर जिले की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने समीक्षा की।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म, पॉक्सो, चोरी, गो-तस्करी समेत अन्य गंभीर अपराधों की समीक्षा करते हुए वांछित आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

उन्होंने तीन दिन से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। शिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस, एनसीआर, गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू), प्रस्तावित गैंगस्टर कार्रवाई, साइबर अपराध, ई-साक्ष्य, यक्ष ऐप तथा चल रहे विशेष अभियानों की भी समीक्षा की गई। यातायात व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए।

एसपी ने थाना प्रभारियों से कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतते हुए उच्च मनोबल के साथ ड्यूटी करने और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय बैठक की तैयारी पर किया विचार विमर्श



छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज। मोहल्ला कटरा स्थित जिला उपाध्यक्ष रामानंद वर्मा के आवास पर हुई अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में 22 जुलाई दिन बुधवार को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी अनिल गुप्ता ने बताया कानपुर बुंदेलखंड की क्षेत्रीय बैठक गंगोत्री गेस्ट हाउस में 22 जुलाई, बुधवार को 10 बजे से होगी। इसमें मुख्य अतिथि के संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल सहित प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, महामंत्री शोभित टंडन, प्रदेश अध्यक्ष (महिला) अनीता जायसवाल व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा अतुल गुप्ता आदि प्रदेश पदाधिकारियों का आगमन हो रहा है। आप सभी व्यापारी बंधुओं से निवेदन है कि व्यापार संबंधित समस्याओं का निदान व व्यापारी हित संबंधी बातों को सुनकर अपनें व्यापार को लाभान्वित करें। जय व्यापारी ,जय अखिल भारतीय व्यापार मंडल बैठक में प्रदेश पदाधिकारी व जिला महामंत्री राजीव दुबे, जिला उपाध्यक्ष नरेश वर्मा, सुरेश वर्मा, राजेश सक्सेना, दिलीप गुप्ता, नवनीत वर्मा, विनीत वर्मा सिंपल, पीयूष गुप्ता, मामन गुप्ता व जिला उपाध्यक्ष रामानंद वर्मा उपस्थित रहे।

## एससी-एसटी वर्ग के पात्रों तक हर योजना का लाभ पहुंचाना प्राथमिकताः आयोग सदस्य

कन्नौज। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने सोमवार को सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों तक शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए तथा कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। बैठक में उन्होंने एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि पीड़ितों को नियमानुसार आर्थिक सहायता, सुरक्षा और अन्य सुविधाएं बिना विलंब उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने ऐसे मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई पर विशेष जोर दिया। आयोग सदस्य ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने और जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर नि:शुल्क उपचार मिल सके।

# जन्मदिवस पर गौसेवा कर दिया सेवा और समर्पण का संदेश

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



जन्मदिवस को सेवा और समाजहित से जोड़ते हुए गौ सेवक कृष्णा पांडेय ने ग्रामसभा लड़ैता स्थित गौशाला में पहुंचकर गौमाताओं को गुड़, हरा चारा और अन्य खाद्य सामग्री खिलाकर गौसेवा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन्मदिन केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज और जीवों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का भी दिन होना चाहिए। इस दौरान उनके पिता एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना के गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडेय ने गौसंरक्षण को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताते हुए सभी से गौसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आचार्य नरेंद्र शुक्ला, पवन दुबे, अंशुल राठौर, विशेष मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने गौमाताओं की सेवा कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया और लोगों से अपील की कि जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों को गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के कार्यों से जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश दें।

# खबरें एक नजर में

## बच्चों के विवाद में घायल हुई विवाहिता की मौत



छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के खबरिया गांव निवासी 30 वर्षीय मोहिनी की बच्चों के विवाद में घायल होने के सात दिन बाद सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार शाम शव गांव पहुंचते ही मायके पक्ष के लोगों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए विशुनगढ़, छिबरामऊ, सौरिख और सकरावा थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। बताया गया कि 13 जुलाई को मोहल्ले के बच्चों के बीच हुए विवाद को शांत कराने पहुंची मोहिनी के सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया गया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पहले उन्हें सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सात दिन तक उपचार के बाद उनकी मौत हो गई। शव गांव पहुंचने पर तनाव की स्थिति बन गई, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक से 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन को निकले शिवभक्त



श्रद्धालुओं को माला पहनाकर यात्रा के लिए रवाना करते लोग

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। कस्बा जसोदा से सोमवार को चार शिवभक्त मोटरसाइकिल से देश के 12 ज्योतिर्लिंगों की तीर्थयात्रा पर रवाना हुए। यात्रा शुरू होने से पहले श्रद्धालुओं ने शिवभक्ति गीतों के साथ कस्बे के प्रमुख मंदिरों में पूजा- अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। यात्रा पर निकले अजय कुशवाहा, प्रशांत गुप्ता, सोम कुशवाहा और अभिलाष पाल को कस्वा के गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर और तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालु इस यात्रा के दौरान सोमनाथ (गुजरात), मल्लिकार्जुन (आंध्र प्रदेश), महाकालेश्वर (उज्जैन, मध्य प्रदेश), ओंकारेश्वर (मध्य प्रदेश), केदारनाथ (उत्तराखंड), भीमाशंकर (महाराष्ट्र), काशी विश्वनाथ (उत्तर प्रदेश), त्र्यंबकेश्वर (महाराष्ट्र), वैद्यनाथ (झारखंड), नागेश्वर (गुजरात), रामेश्वरम (तमिलनाडु) और घृष्णेश्वर (महाराष्ट्र) ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा लगभग 10 से 12 हजार किलोमीटर की होगी, जिसे वे करीब एक से डेढ़ माह में पूरा करने का लक्ष्य लेकर निकले हैं। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के सतेंद्र कटियार, उदय कटियार और ज्ञान प्रकाश ने यात्रियों को पटुका पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

## राजकीय हाईस्कूल में सेंध, टीवी व उपकरण चोरी

सौरिख/कन्नौज। सौरिख थाना क्षेत्र के किसई गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल में रविवार रात चोरों ने पांच स्मार्ट क्लास के ताले तोड़कर स्मार्ट टीवी समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद शातिर स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए, जिससे उनकी पहचान न हो सके। सोमवार सुबह विद्यालय खुलने पर कमरों के ताले टूटे मिले और सामान गायब था। सूचना मिलते ही सौरिख थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर विद्यालय के कर्मचारियों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। फोरेंसिक टीम बुलाने की भी तैयारी की गई। ग्रामीणों ने बताया कि इसी विद्यालय में पहले भी चोरी हो चुकी है, लेकिन उसका अब तक खुलासा नहीं हो सका। दूसरी बार हुई घटना से ग्रामीणों और अभिभावकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए और चोरी का जल्द खुलासा किया जाए।

# अपना दल के प्रदेश उपाध्यक्ष ने मुबीन का जाना हालचाल

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



अपना दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे ने सोमवार को छिबरामऊ पहुंचकर विभिन्न स्थानों का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले हीरालाल बीएन इंटर कॉलेज तथा नगर पालिका परिषद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद वह मोहल्ला सैय्यदबाड़ा स्थित मुबीन उर्फ राजू के आवास पहुंचे, यहां उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। रमेश चंद्र कुंडे ने बताया कि मुबीन के पुत्र दानिश अपना दल के सक्रिय सदस्य रहे हैं। संगठन से उनके जुड़ाव और योगदान को देखते हुए वह परिवार से मिलने तथा उनका कुशलक्षेम जानने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों के सुख-दुख में सदैव साथ खड़ी रहती है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र कटियार, जिला महासचिव शिव प्रकाश कटियार, फईमुद्दीन, खुशनूर अहमद, जिला उपाध्यक्ष मखबूल तथा नगर अध्यक्ष कयामुद्दीन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भू-गर्भ जल सप्ताह-2026 के तहत हुई कार्यशाला

तिर्वा/कन्नौज। भू-गर्भ जल सप्ताह-2026 के तहत रविवार को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में जिला प्रशासन के तत्वावधान में भू-गर्भ जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी सुश्री वैशाली ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। वर्षा जल संचयन और प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सहायक अभियंता लघु सिंचाई रामजी पटेल ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए वर्षा जल संचयन को भू-जल संरक्षण का सबसे प्रभावी उपाय बताया। भू-गर्भ जल विभाग के अधिकारियों ने भू-जल की स्थिति, भू-गर्भ जल अधिनियम-2019 और जल पुनर्भरण संरचनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

# भाकियू भूमिपुत्र की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

- प्रदेश अध्यक्ष ने किया टोल प्लाजा मैनेजर का स्वागत
- प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने टोल मैनेजर अमरीश गौतम से की शिष्टाचार भेंट



गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र के प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने जसोदा टोल प्लाजा पहुंचकर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान किसानों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से वार्ता की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष में टोल प्लाजा मैनेजर को माला से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। बैठक में जिला अध्यक्ष वकील, प्रदेश प्रमुख महासचिव मुकेश शर्मा, दीपू शर्मा, जिला प्रमुख महासचिव अभय ठाकुर, नगर अध्यक्ष रिंकू सागर, जिला सचिव अनिल, जिला उपाध्यक्ष अनुरोध यादव, जिला महासचिव युवराज, जिला महासचिव आसिफ, युवा जिला अध्यक्ष राशिद, प्रदेश महासचिव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने टोल मैनेजर अमरीश गौतम से शिष्टाचार भेंट की और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

किसानों की प्रमुख समस्याएं-

1. टोल प्लाजा पर किसानों के वाहनों से अवैध वसूली की शिकायतें

2. कृषि उपकरण और अनाज ले जाने वाले वाहनों को छूट न मिलना

3. टोल कर्मियों द्वारा किसानों से अभद्र व्यवहार

4. स्थानीय किसानों को पास जारी करने में हो रही देरी प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है। टोल प्लाजा पर किसानों के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। कृषि कार्य से जुड़े वाहनों को नियमानुसार छूट मिलनी चाहिए। यदि किसानों की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। हमने टोल मैनेजर से वार्ता कर मांग पत्र सौंपा है। किसान हित में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों की आवाज को हर मंच पर उठाएगा और उनके हक की लड़ाई लड़ता रहेगा।

# सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ संपन्न होंगे सभी पर्व : डीएम

- शांति समिति की बैठक में श्रावण, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस व बारावफात की तैयारियों की समीक्षा
- गंगा में डूबते ट्रक से दो लोगों की जान बचाने वाले गोताखोर वीरेंद्र सम्मानित



कन्नौज,समृद्धि न्यूज।

आगामी श्रावण मास, गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और बारावफात के मद्देनजर सोमवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि सभी पर्व सौहार्द, सुरक्षा और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से समय रहते तैयारियां पूरी करें। बैठक के दौरान 12 जुलाई को मेहंदी घाट पर गंगा में गिरे ट्रक से दो लोगों की जान बचाने वाले गोताखोर वीरेंद्र को 11 हजार रुपये का प्रोत्साहन चेक देकर सम्मानित किया गया। वहीं मेहंदी घाट और जलेश्वर घाट पर तैनात 10 अन्य गोताखोरों को भी 1100-1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

डीएम ने थाना प्रभारियों को कांवड़ यात्रा आयोजकों और डीजे संचालकों के साथ बैठक कर शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने धार्मिक आयोजनों में आपत्तिजनक गीतों के प्रसारण पर रोक, सोशल मीडिया की निगरानी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम को मजबूत करने के निर्देश दिए। नगर निकायों को कांवड़ मार्गों, मंदिरों और मेला स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस और चिकित्सकों की तैनाती, खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों की जांच तथा विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पार्किंग, यातायात और भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था रहेगी। अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रिमझिम बारिश से बाजार में पसरा सन्नाटा



छिबरामऊ, कन्नौज। सुबह से शाम तक लगातार होती रही रिमझिम बारिश का असर नगर के प्रमुख बाजारों में साफ दिखाई दिया। बारिश के कारण बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही न के बराबर रही, जिससे अधिकांश दुकानें दिनभर सूनी पड़ी रहीं। ग्राहक न आने से दुकानदार खाली बैठकर मोबाइल फोन चलाकर समय बिताने को मजबूर नजर आए। सामान्य दिनों में जहां बाजारों में चहल-पहल रहती है, वहीं सोमवार को सन्नाटा पसरा रहा। कपड़ा, जूता, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी बिक्री न के बराबर रही। व्यापारियों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकले, जिससे कारोबार पर सीधा असर पड़ा है। कई दुकानदारों ने उम्मीद जताई कि मौसम साफ होने के बाद बाजारों में फिर से रौनक लौटेगी और व्यापार सामान्य होगा। हालांकि बारिश से गर्मी का असर कम हुआ साथ ही बारिश से किसानों को भी राहत मिली है। लेकिन व्यापारियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

# स्कूलों में होगा वार्षिक कला उत्सव कलान्तर-2026 का आयोजन

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज। कलान्तर कला फाउण्डेशन द्वारा आयोजित वार्षिक कला उत्सव कलान्तर 2026 के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्त विहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। इस उत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें चित्रकला, मिट्टी कला, सृजनात्मक लेखन, गायन, नृत्य, नाटक और नुक्कड़ नाटक शामिल हैं। प्रतियोगिता का विवरण 1. चित्रकला - 10 से 14 आयु वर्ग का विषय- माता पिता द्वारा दिए गए संस्कार, 14 से 18 आयु वर्ग का विषय- जल के बिना पृथ्वी 2. मिट्टी कला - 10 से 14 आयु वर्ग का विषय- प्राचीन भारत, 14 से 18 आयु वर्ग का विषय प्रेम और देखभाल 3. सृजनात्मक लेखन - 14 से 18 आयु वर्ग, विषय- हिंदी कहानी या कविता किसी भी विषय पर 4. गायन - 18 वर्ष से कम, कोई भी विषय 5. नृत्य - 18 वर्ष से कम, कोई भी विषय 6. अभिनय - नाटक/नुक्कड़ नाटक - 18 वर्ष से कम, कोई भी विषय उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित वेबसाइट पर 01 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक पंजीकरण करना होगा ।विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि अपने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें और की गई कार्यवाही से अवगत कराये।

# भूजल सप्ताह के अंतर्गत पालिका ने की समन्वय बैठक

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



शासन द्वारा चलाए जा रहे भूजल सप्ताह के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा समन्वय बैठक और कार्यशाला का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने बैठक में जल की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल को संरक्षित करने और बचाने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने वर्षा के जल को संचित करने पर भी जोर दिया और कहा कि जल ही जीवन है। इसे व्यर्थ न करें। इसमें पानी की शुद्धता की जांच के लिए विभिन्न परीक्षण किए गए और उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। परीक्षण के बारे में दी गई जानकारी: क्लोरीन परीक्षण, पानी में क्लोरीन की मात्रा की जांच, जीवाणु परीक्षण - पानी में बैक्टीरिया की प्रारंभिक जांच,अम्ल-क्षार परीक्षण - पानी की अम्लीयता और क्षारीयता की जांच, कुल घुलनशील ठोस परीक्षण - पानी में घुले हुए लवणों और पदार्थों के स्तर की जांच अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने कहा कि भूजल का स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यदि अभी से हम सचेत नहीं हुए तो आने वाले समय में पीने के पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। हर घर में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था की जाए और पानी का उपयोग सोच-समझकर किया जाए। नल से पानी व्यर्थ न बहाएं। छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम जल को बचा सकते हैं। पालिका द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविर लगाए जाएंगे ताकि आमजन को शुद्ध पेयजल के महत्व की जानकारी मिल सके। इस मौके पर लेखाकार आकाश सक्सेना जनार्दन मिश्रा मनोज तिवारी प्रसनजीत मिश्रा जगदीश चंद्र यादव अनिल प्रजापति राजेश वर्मा राजन बाबू वर्मा अशोक कुमार सहित् पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# शीला दीक्षित की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और कन्नौज की पूर्व लोकप्रिय सांसद शीला दीक्षित की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर की मोहल्ला रामगंज स्थित शिविर कार्यालय में कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने उनके चित्र पर फूलमाला अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजीव दुबे उर्फ मुन्ना, पूर्व नगर अध्यक्ष जुगल पाठक, दिलीप शुक्ला, शिवकुमार वर्मा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य राजेश द्विवेदी, पूर्व जोनल प्रवक्ता विवेक नारायण मिश्र, जिला उपाध्यक्ष एहसानुल हक, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, सर्वेश यादव, महेश पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष इमरान अली, लियाकत अली, आकाश कटियार, जितेंद्र सिंह, रमाकांत कटियार, मेराज सिद्दीकी, आदिल अंसारी, पंकज गुप्ता, आमिर अंसारी, कलीम खान, वीनू तिवारी, अजय मिश्र, राशिद, उज्जाम अहमद, विनय कुमार सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा कि शीला दीक्षित जी जनसेवा की मिसाल थीं। उन्होंने दिल्ली को आधुनिक और सुंदर बनाने में अहम भूमिका निभाई। कन्नौज की सांसद रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर काम किया। उनका सरल स्वभाव और विकास के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। आज हम सभी कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलकर जनसेवा का संकल्प लेते हैं।

## सूचना

मैंने अपने पुत्रों पंकज एवं विकास निवासीगण मोहल्ला किदईनगर, थाना गुरसहायगंज, जिला कन्नौज को गलत चाल-चलन के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के किसी कृत्य अथवा लेन-देन का मैं व मेरी पत्नी राममूर्ति जिम्मेदार नहीं।

**केशव चन्द्र पुत्र भजन लाल निवासी मोहल्ला किदवईनगर, गुरसहागंज, जिला-कन्नौज।**

# पीडीए समाज एकजुटता के साथ प्रचण्ड बहुमत की अपनी सरकार बनाएगाः रामआसरे विश्वकर्मा

▸ युवा बेरोजगार, किसान खाद बीज और बिजली को तरस रहाः डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा चुनाव के नजदीक आते हैं राजनैतिक सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं, समाजवादी पार्टी पूरी मुस्तैदी के साथ पीडीए की एकजुटता पर बल देने का काम कर रही है। डॉ. राम मनोहर लोहिया की कर्मभूमि कहे जाने वाले जनपद में कायमगंज एवं जहानगंज में आयोजित हुई पीडीए जन-पंचायतों में समाजवादी पार्टी के नेता राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने वर्तमान सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि आज पूरे प्रदेश में पीडीए समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है, झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं। विश्वकर्मा समाज समय आने पर गाजीपुर की निशा विश्वकर्मा की हत्या और बलात्कार का बदला जरूर लेगा। भाजपा सरकार तुम्हारा आरक्षण और अधिकार खत्म कर रही है। प्रदेश में समाजवादी सरकार जब भी बनी हमेशा विश्वकर्मा समाज को हिस्सेदारी मिली और नेताजी ने हमें एमएलसी बनाकर सरकार में मंत्री बनाया। हिंदुत्व के ठेकेदार आज चढ़ावा चोरी पर बोलने को तैयार नहीं हैं। आज की ये निरंकुश सरकार इस देश के 85 प्रतिशत लोगों के हक और अधिकार लूटने का काम कर रही है, तमाम बेइमानियां तो कोर्ट में उजागर हो चुकी हैं और सरकार को उन भर्तियों में हुए भेदभाव पर जबाव देते नहीं बना है। मैं देख रहा हूं कि प्रदेश का पूरा पीडीए समाज प्रचण्ड बहुमत की अपनी सरकार बनाने जा रहा है।




कार्यक्रम में मौजूद रामआसरे विश्वकर्मा, डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव आदि




मुख्य अतिथि का स्वागत करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

सपा के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने सामाजिक न्याय, भाईचारा, संविधान की रक्षा और पीडीए की एकता को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि युवा बेरोजगार घूम रहे है। किसानों को खाद व बिजली नहीं मिल रही है। सरकार सिर्फ बयानबाजी के अलावा कुछ नहीं कर रही है। 2027 में सपा की सरकार बनेगी। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाज का हर वर्ग आज की इस भ्रष्ट निरंकुश और जातिवादी सरकार से त्रस्त है। पूर्व मंत्री रामसेवक सिंह यादव ने कहा कि विश्वकर्मा हमारे पुराने साथी हैं ये बहुत ही कर्मठ और समर्पित नेता रहे हैं, आने बाले समय में जब सरकार बनेगी यह खुद सरकार में शामिल होंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, सर्वेश अंबेडकर, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी, डॉ. जेपी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम, जिला उपाध्यक्ष सिराजुल अफाक मुन्ना, जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता, नरेंद्र सिंह यादव, अरविंद यादव, हरिओम सिंह यादव, विशाल राठौर, अमित यादव, शिवशंकर शर्मा, अरुणपाल शर्मा, रामशरण कठेरिया, रामविलास राजपूत, राकेश दिवाकर राका, बिल्लू श्रीवास्तव, आशीष शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान गोविंद सिंह पूर्व प्रधान, आनंद यादव, मुन्नालाल शाहू, सीमा श्रीवास्तव, पंचशील राजपूत, ओमप्रकाश सिंह पूर्व प्रधान, महेश फौजी, राहुल देव वर्मन, अशोक अंबेडकर, बंटी यादव आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार की कार पर फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** संकिसा में आयोजित आषाढ़ी मेले से लौट रहे ज्ञानेन्द्र सिंह यादव पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, पत्रकार ज्ञानेन्द्र सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपनी कार से सराय अगहत-अचरा रोड होते हुए वापस लौट रहे थे। इसी दौरान काली अपाचे बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनकी कार को दो बार ओवरटेक किया। जब वह साहबगंज चौराहे के पास पहुंचे, तो वहां पहले से बाइक पर सवार तीन युवक घात लगाए खड़े थे। उन्होंने गाड़ी रुकवाने का प्रयास किया। गाड़ी न रोकने पर हमलावरों ने कार पर दो राउंड फायरिंग कर दी। जिससे मैं बाल-बाल बच गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पाण्डेय को लिखित तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# एसडीएम अभिषेक वर्मा ने तराई क्षेत्र का किया निरीक्षण

▸ राहत शिविरों व जलभराव की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा ने कार्यभार संभालने के बाद बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए तराई और ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। उन्होंने सीधे ग्रामीणों से संवाद कर स्थिति का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा ने शमशाबाद तराई क्षेत्र के साथ-साथ गुटेटी दक्षिण, समयचिपुर चितार और कमथरी गांव का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने ग्रामीणों के साथ पिछली बाढ़ से हुए नुकसान पर चर्चा की और आश्वासन दिया कि प्रशासन बाढ़ प्रभावित सभी संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखेगा बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बनाए गए राहत शिविरों का भी उपजिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने कायमगंज और शमशाबाद मंडी समितियों में स्थापित शरणालयों और कंपिल की दिगंबर व श्वेतांबर धर्मशालाओं में बने राहत केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी


ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के अलावा उपजिलाधिकारी ने शहरी समस्याओं पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि नगर को यातायात जाम से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के साथ मिलकर एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी। साथ ही, मानसूनी बारिश के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

# कम्पिल में चोरों का आतंक, पुलिस बेपरवाह, लोगों में रोष

▸ बीती रात चोरों ने स्कूल व दरगाह को बनाया निशाना

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं कंपिल थाना पुलिस की शिथिल कार्यशैली की तस्वीर बयां कर रही हैं। सोमवार रात चोरों ने एक ही रात में दरगाह और स्कूल को निशाना बनाकर नगदी व जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर लिया। खास बात यह रही कि जिस दरगाह में चोरी हुई, उसके ठीक पीछे बैंक ऑफइंडिया और कुछ ही कदम की दूरी पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्थित है। इन बैंकों के आसपास तथा मुख्य चौराहे पर रात्रि के समय पुलिस का पहरा भी रहता है,



जांच पड़ताल करती पुलिस

लेकिन इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर निकल गए।

नगर के कंपिल-कायमगंज मार्ग पर बैंक ऑफ इंडिया के निकट स्थित दरगाह का गुल्लक तोड़कर चोर उसमें रखी नगदी समेट ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। इसी रात कताई मिल के निकट स्थित शारदा वीरेंद्र पांचाल शिक्षा संस्थान में चोर दीवार फांदकर परिसर में घुस गए। उन्होंने कमरे का ताला तोड़कर जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह उपप्रधानाचार्य अनुज गंगवार के विद्यालय पहुंचने पर घटना का पता चला।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रधानाचार्य ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बीते एक महीने के भीतर क्षेत्र में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं की कई वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन अधिकांश मामलों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। लगातार लंबित पड़े मामलों ने अपराधियों के हौसले बढ़ाए हैं, जिसका असर अब लगातार हो रही नई वारदातों के रूप में दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि हर घटना के बाद जांच और जल्द खुलासे का आश्वासन मिलता है, लेकिन धरातल पर उसका असर नजर नहीं आता। कस्बे में बैंक परिसर, मुख्य चौराहे और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस की नियमित मौजूदगी के बावजूद एक ही रात में दो स्थानों पर चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था की कमजोर निगरानी को दर्शाता है। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाकर जांच कर रही है।

# जनपद में चार लाख पशुओं का किया जायेगा खुरपका-मुंहपका टीकाकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में पशुओं को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) जैसी संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 22 जुलाई से 08 सितंबर तक विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान जनपद के लगभग चार लाख गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जनपद के सभी सात विकास खंडों में संचालित 25 पशु चिकित्सालयों के माध्यम से पशु चिकित्साधिकारियों एवं पशुधन प्रसार अधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीमें गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पशुओं को खुरपका-मुंहपका जैसी संक्रामक बीमारी से सुरक्षित करना है। इसके लिए विभाग द्वारा क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार की गई है तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक गांव में पहुंचकर टीकाकरण कराया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जनपद के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे विभागीय टीमों का पूरा सहयोग करें तथा अपने सभी पात्र पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए। अभियान की सूचना संबंधित क्षेत्रों में पूर्व से उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान की सतत निगरानी की जाएगी, जिससे निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके तथा पशुधन को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखते हुए पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

22 जुलाई से शुरू होगा विशेष अभियान

# वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु न.पा. परिषद सक्रिय

▸ डीएम के निर्देश पर 16 नालों का नोडल अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वर्षा ऋतु के दौरान नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा नगर के सभी प्रमुख नालों का व्यापक निरीक्षण कराया गया। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में गठित पर्यवेक्षणकर्ता एवं नोडल अधिकारियों ने नगर क्षेत्र के कुल 16 छोटे-बड़े नालों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान सभी प्रमुख नालों में जल का प्रवाह सामान्य एवं सुचारु पाया गया तथा कहीं भी स्थायी अवरोध नहीं मिला। कुछ स्थानों पर फ्लोटिंग मैटेरियल एकत्रित होने की स्थिति पाई गई, जिसे नगर पालिका परिषद द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से लगातार हटाने का कार्य कराया जा रहा है,




नाला साफ करती जेसीबी, मौजूद ईओ

जिससे जल निकासी व्यवस्था निर्बाध बनी रहे। अधिशासी अधिकारी द्वारा मदारवाड़ी, गंगानगर, छेदाचून वाली गली, तलेया फजल इमाम तथा लालसराय सहित विभिन्न क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अधिकांश स्थानों पर जलभराव की स्थिति नहीं पाई गई। मदारवाड़ी एवं छेदाचून वाली गली में अल्पकालिक जलभराव पाया गया, जो वर्षा रुकने के लगभग आधे घंटे के भीतर स्वतः समाप्त हो गया।

नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगर क्षेत्र के लगभग 22.7 किलोमीटर लंबाई वाले 16 प्रमुख नालों की नियमित साफ-सफाई एवं निगरानी की जा रही है। नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

नगर पालिका परिषद ने आमजन से अपील की है कि नालों में कूड़ा-कचरा अथवा अन्य अपशिष्ट सामग्री न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, जिससे वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## खबरें एक नजर में

### महिला उत्पीड़न के 26 साल पुराने मामले में अभियुक्त को 1 वर्ष की जेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस के मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) और ऑपरेशन कनविक्शन के तहत फतेहगढ़ पुलिस ने महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में वर्ष 2000 में दर्ज महिला उत्पीड़न और दहेज प्रथा के एक मामले में न्यायालय ने सोमवार को अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 1 वर्ष के साधारण कारावास और 15,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। थाना मऊदरवाजा की पुलिस और अभियोजन टीम ने इस पुराने मामले की सघन पैरवी की। अभियुक्त फिरोज अख्तर रिजवी उर्फ असलमन पुत्र इमाम अहमद निवासी मोहल्ला रकाबगंज खुर्द, थाना मऊदरवाजा धारा 498ए, 323, 504, 506 भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध एक्ट के तहत थाना मऊदरवाजा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय ने अभियुक्त को 1 वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई और साथ ही उस पर 15,000 रुपये का अर्थदण्ड जुर्माना भी लगाया।

### पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त को 10 वर्ष सजा व 50 हजार का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट के मामले में न्यायाधीश ने अभियुक्त मोहित पुत्र संतराम उर्फ शम्भू निवासी पुवायां जनपद शाहजहांपुर को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया। मोहित पुत्र संतराम उर्फशम्भू निवासी पुवायां, थाना पुवायां, जनपद शाहजहाँपुर के लिए पुलिस ने धारा 363,366,376 तथा 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामले की गहन विवेचना कर आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। न्यायालय स्पेशल जज, पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त मोहित को दोषसिद्ध करार देते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु ऑनलाइन बुकिंग प्रारम्भ

▸ किसान 10 अगस्त तक करें आवेदन

▸ टोकन कन्फर्म होने पर ई-लॉटरी से होगा लाभार्थियों का चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उप कृषि निदेशकए फर्रुखाबाद ने जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचित किया है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन तथा प्रमोशन ऑफएग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीड मैनेजमेंट ऑफक्रॉप रेजिड्यू योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु ऑनलाइन बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों जैसे सुपर सीडर, कस्टम हायरिंग सेंटर, हैरो, कल्टीवेटर, रोटावेटर, स्ट्रॉ रीपर, ड्रोन, मल्टी क्रॉप थ्रेशर, पावर चैफकटर, कम्बाइन हार्वेस्टर आदि पर अनुदान प्राप्त करने के लिए विभागीय पोर्टल पर 16 जुलाई अपराह्न 12 बजे से बुकिंग प्रारम्भ हो चुकी है। पंजीकृत कृषक 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों का विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक किसान विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध यंत्र बुकिंग प्रारम्भ लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के समय एक लाख रुपये तक के अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु 2,500 तथा एक लाख रुपये से अधिक अनुदान वाले यंत्रों हेतु 5,000 की टोकन धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। टोकन कन्फर्म होने के उपरांत लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने जनपद के सभी पात्र कृषकों से समयावधि के भीतर विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

# जनपद में भारी वर्षा एवं वज्रपात की संभावना

▸ मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट

▸ प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने एवं सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ द्वारा जारी नवीनतम मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद में आगामी दिनों के दौरान मौसम का स्वरूप अत्यंत सक्रिय रहने की संभावना है। विशेष रूप से 20 जुलाई से 21 जुलाई के मध्य जनपद में कहीं-कहीं अत्यधिक भारी वर्षा, गरज-चमक तथा आकाशीय बिजली गिरने की प्रबल संभावना व्यक्त की गई है। इस स्थिति को देखते हुए मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वानुमान के अनुसार 20 जुलाई से 21 जुलाई के दौरान कई स्थानों पर तेज वर्षाए गरज-चमक के साथ वज्रपात तथा जलभराव जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस दौरान निचले क्षेत्रों में जलभराव, यातायात प्रभावित होने तथा जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। प्रशासन ने नागरिकों से अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने तथा पूरी सतर्कता बरतने की अपील की है। इसके उपरांत 21 जुलाई से 22 जुलाई तक जनपद में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना बनी रहेगी। इस अवधि के लिए मौसम विभाग द्वारा येलो अलर्ट जारी किया गया है। नागरिकों से मौसम की स्थिति पर निरंतर नजर रखने तथा प्रशासन एवं मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया गया है। 22 जुलाई से 25 जुलाई के दौरान वर्षा की तीव्रता में कमी आने तथा हल्की से मध्यम वर्षा के साथ मौसम सामान्य होने की संभावना है। जिला प्रशासन ने आमजन, किसानों तथा सभी संबंधित विभागों को पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों, नदी एवं नालों के समीप रहने वाले नागरिकों से अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। किसानों से खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मौसम अनुकूल होने तक कृषि कार्यों में सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### भारी वर्षा एवं वज्रपात के दौरान क्या करें

पक्के एवं सुरक्षित भवन के भीतर रहें तथा खिड़की-दरवाजे बंद रखें। बिजली चमकने के दौरान विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें तथा आवश्यक होने पर उनके प्लग निकाल दें। यदि वाहन चला रहे हों तो सुरक्षित स्थान पर वाहन रोककर मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें। मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी नवीनतम सूचनाओं और चेतावनियों का नियमित रूप से पालन करें। किसानों से अनुरोध है कि खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखें। आपातकालीन स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित विभागों से तत्काल संपर्क करें।

### क्या न करें

गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभे अथवा ऊंचे स्थानों के नीचे खड़े न हों। नदी, तालाब, नाले तथा जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप जाने से बचें। खुले स्थान पर छाता, लोहे की वस्तुएं अथवा अन्य धातु सामग्री लेकर न चलें। बच्चों को जलभराव वाले क्षेत्रों में खेलने न दें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें तथा केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों को गंभीरता से लें तथा स्वयं सुरक्षित रहने के साथ-साथ अपने परिवार, बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें।

# खेत की मेड़ पर डंडे गाड़ने को लेकर हुई मारपीट

▸ भाई-भतीजे ने लाठी-डंडों से पीटा, पीड़ित का मेडिकल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेत की मेड़ पर जानवरों को बांधने के लिए डंडे गाड़ने के विवाद में भाई ने ही लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित का मेडिकल कराकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव सियैया नगला निवासी मोहर सिंह पुत्र पंचमलाल उम्र 40 वर्ष ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपने खेत की मेड़ पर जानवरों को बांधने के लिए डंडे गाड़े थे। इसी बात को लेकर उसके बड़े भाई रामसरूप ने कहा कि ये खंभे हमारे हैं। जब मोहर सिंह ने विरोध किया तो इसी बात पर भाई रामसरूप, भाभी मोतती और भतीजा अरविंद गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर मोहर सिंह के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल मोहर सिंह का मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी देता पीड़ित

# जामा मस्जिद चौराहे पर जाम से मचा हड़कंप



जाम में फंसे वाहन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के हृदय स्थल माने जाने वाले जामा मस्जिद चौराहे पर सोमवार दोपहर अचानक भीषण जाम लग गया। बाजार का समय होने के चलते चौराहे पर चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम के कारण स्कूली बच्चे, मरीज और राहगीर घंटों फंसे रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार चौराहे पर दो बाइक और एक ऑटो के आपस में सट जाने से आवागमन बाधित हो गया था। देखते ही देखते जाम ने विकराल रूप ले लिया। जाम की सूचना मिलते ही कस्वा चौकी प्रभारी के निर्देश पर कांस्टेबल विजय गुर्जर तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला। ट्रैफिक को दोनों ओर से रोककर फंसे वाहनों को एक-एक कर निकलवाया। कड़ी मशक्कत के बाद जाम पूरी तरह खुल गया और आवागमन सामान्य हो गया।

## बाइक भिडन्त में तीन घायल, सीएचसी में कराया भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गाँव गंगाइया निवासी अश्वनी उम्र 25 वर्षीय पुत्र शीशराम शाक्य अपने गाँव के साथी रामू उम्र 26 वर्षीय पुत्र ब्रज किशोर के साथ कायमगंज से इण्डेन गैस सिलेण्डर लेकर बाइक से घर जा रहे थे। जैसे ही वह अंन्धे मोड के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार बाइक सवार हरिनाथ उम्र 26 वर्षीय पुत्र रामपाल निवासी वक्शरी थाना शमसावाद की बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार अश्वनी, रामू और हरिनाथ घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।



अस्पताल में भर्ती घायल

# जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण आदेश पर रोक लगाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ ने मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के कुछ हिस्सों को ध्वस्त करने के प्रशासनिक आदेश का कड़ा विरोध किया है। सोमवार को महासंघ ने राज्यपाल संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर इस कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और विश्वविद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

महासंघ के अध्यक्ष रिजवान अहमद ताज के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में चिंता व्यक्त की गई है कि प्रशासन की इस कार्रवाई से विश्वविद्यालय से जुड़े हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवारों का भविष्य अंधकार में पड़ सकता है। महासंघ का कहना है

### ▸ मुस्लिम महासंघ ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

कि उच्च शिक्षण संस्थान समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। किसी भी विश्वविद्यालय के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई पूर्णतः विधिसम्मत, पारदर्शी और विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखकर की जानी चाहिए। मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को तोड़ने संबंधी किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए। विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों के शैक्षणिक हितों और भविष्य की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यदि कोई कानूनी या प्रशासनिक विवाद है, तो उसका समाधान न्यायिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया के तहत किया जाए, न कि ऐसी कार्रवाई से जिससे शिक्षा का माहौल खराब हो।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

महासंघ ने राज्यपाल से संविधान के संरक्षक के रूप में इस गंभीर विषय पर संवेदनशीलता के साथ हस्तक्षेप करने की अपील की है।

उनका मानना है कि शिक्षा और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मौके पर अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के अध्यक्ष रिजवान अहमद ताज, मो0 युनुस अंसारी, नदीम अहमद फारूकी, अल्लाउद्दीन बारिस पठान, रानू फारुकी, अर्चना राठौर, जहान सिंह लोधी, खालिद हुसैन, मोहम्मद कलीम, मनोज कुमार, रितेश प्रजापति, वहावुद्दीन, मिर्जा नासिर, समीर राजा, अनीस अहमद, सतेन्द्र शाक्य, अलीन, गुड्डू, राजा, जाहिद खां, ममनून गाजी, अब्दुल रहमान, जुबैर खां आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# एनएकेपी गर्ल्स इंटर कालेज में 29 छात्राओं को लगायी गई एचपीवी वैक्सीनेशन

### ▸ सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव एवं एचपीवी वैक्सीन के महत्व की दी गई जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनएकेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज में डॉ. नवनीत गुप्ता चिकित्साधिकारी सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज के निर्देशन में छात्राओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव एवं एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं 29 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनेशन लगायी गई। डॉ. नवनीत ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी माध्यम है। जागरूकता सत्र के उपरांत पात्र छात्राओं 14 वर्ष से 15 वर्ष की छात्राओं का एचपीवी वैक्सीनेशन भी किया गया। टीकाकरण सत्र की सफलता में विद्यालय की प्रधानाचार्या इंदू मिश्रा एवं समस्त विद्यालय स्टाफका सहयोग रहा। इस वैक्सीनेशन शिविर में डॉ. अंजुला गोस्वामी तथा उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।


जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें


प्रशिक्षण देते एसीएमओ

# एसीएमओ ने सीएचसी नवाबगंज में दिया यू-विन पोर्टल का प्रशिक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में सोमवार को एसीएमओ डॉ. सर्वेश यादव ने स्टाफनर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों को यू-विन पोर्टल का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और छह वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा तथा अभिभावकों को क्यूआर कोड युक्त डिजिटल प्रमाणपत्र और आगामी टीकाकरण की एसएमएस सूचना मिलेगी। प्रशिक्षण में पोर्टल पर पंजीकरण, लाभार्थियों का विवरण दर्ज करने और एबीएचए आईडी बनाने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इस दौरान डॉ. गौरव राजपूत, फार्मासिस्ट राजीव कुमार समेत स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# आम आदमी ने प्रदर्शन कर सोनम वांगचुक के समर्थन में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जंतर-मंतर पर अनशन कर रहे सोनम वांगचुक के साथ हुए पुलिस के दुर्व्यवहार एवं युवाओं की मांगों के संबंध मे राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं0 नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि देश के युवाओं के भविष्य व लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मशहूर शिक्षाविद सोनम वांगचुक पिछले 21 दिनों से जंतर-मंतर पर अनशन पर थे। उनकी मांग थी कि पेपर लीक मामले के कारण मानसिक तनाव झेल रहे छात्रों को न्याय मिले और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपना इस्तीफा दें। वह अपनी



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते आप नेता

जान की परवाह न करते हुए उन करोड़ों युवाओं की आवाज़ उठा रहे थे, जिनका भविष्य 93 पेपर लीक जैसी घटनाओं की वजह से बर्बाद हो गया है। यह बड़े दुख की बात है कि 21 दिनों के संघर्ष के बाद भी भारत सरकार और प्रधानमंत्री ने उनसे बात करना तो दूर, उनके लिए एक ट्वीट तक नहीं किया। सरकार का यह व्यवहार सत्ता के अहंकार को दिखाता है, जहाँ किसानों, महिलाओं और अब युवाओं की आवाज़ को लाठियों और आँसू गैस के गोलों से दबाने की कोशिश की जा रही है। आज देश का युवा बेरोजगारी और पेपर लीक जैसी समस्याओं को लेकर बहुत परेशान है। ऐसी स्थिति में सोनम वांगचुक का अनशन यह बताता है कि युवाओं के मुद्दों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। देश की तरक्की के लिए यह बहुत जरूरी है कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो और उनकी बात सुनी जाए। धरना प्रदर्शन में प्रताप सिंह यादव, सोनू कुशवाह, अंकित शाक्य, जगतपाल सिंह, देवेंद्र यादव, कंचन यादव, अचल प्रताप सिंह, अंकुश सिंह, वैभव प्रताप, प्रशांत शाक्य, अजय सिंह, शिवम शाक्य, शिवकुमार शाक्य, आरएस शाक्य, रिजवान मंसूरी, इरशाद अली, अचल प्रताप सिंह, नवाब काजिम, हुसैन खान आदि लोग मौजूद रहे।

## जन कल्याणकारी योजनाओं व उनके उपयोगों की दी गई जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज नगर शक्ति केंद्र चिलौली शक्ति केंद्र साधवाड़ा और दतू नगला शक्ति केंद्रों के बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम एवं बूथ सशक्तीकरण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा कर रजिस्टर एवं सूची तैयार करने का आग्रह किया। अश्नील दिवाकर ने बताया कि प्रोग्राम पूरी तरह से पेपरलेस है। पार्टी के अधिकारी सरल ऐप के माध्यम से संचालित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचारधारा, जन कल्याणकारी योजनाओं और नमो ऐप, मन की बात उपयोगों के बारे में प्रशिक्षित करना है। संगठन के प्रत्येक गठित बूथ पर यह अभियान चलाया जायेगा। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए इस अभियान से जोड़ने का कार्य करें। इस दौरान प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित, संजय गंगवार, सुमित कोरी, गजराज सिंह, अमर गुप्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक किसान प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक (किसान प्रकोष्ठ) की बैठक ग्राम भिड़ौर स्थित दिव्या बिल्डर्स, चिलसरा रोड पर आयोजित की गई। बैठक किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अवनीश सिंह तोमर के नेतृत्व में तथा जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए जोगराम राजपूत एवं राणा प्रताप सिंह को जिला उपाध्यक्ष, किसान प्रकोष्ठ तथा रामशरण राजपूत को जिला सचिव, किसान प्रकोष्ठ के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर रवि कुमार, अशोक कुमार सक्सेना, नरेश सक्सेना, जगदीश यादव, शेर सिंह,

### ▸ 50 लोगों ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

रामशरण, राकेश, बेचेलाल कुशवाहा, सोनपाल राजपूत, विजय, विकास यादव, देवेंद्र यादव, अखिलेश यादव सहित लगभग 50 लोगों ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि किसान समृद्ध होगा तो गांव समृद्ध होगा और गांव समृद्ध होगा तो उत्तर प्रदेश सहित पूरा देश समृद्ध होगा। बैठक के दौरान सिद्धांत सिंह, योगेंद्र सिंह राठौर, मुकेश चौहान, अरविंद चौहान, धनंजय सिंह एवं नवसदस्यों ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और किसानों की आवाज को बुलंद करने का संकल्प लिया।

# अधिवक्ता साथी को धमकाने पर गार्ड के खिलाफ कार्यवाही की मांग


ज्ञापन देते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बार एसोसिएशन तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ता संजय कटियार को धमकाने के विरोध में नाराजगी जताते हुए उपनिबंधक व तहसीलदार संबोधित ज्ञापन सौंपा। सदर तहसील के अधिवक्ता साथी संजय कटियार रजिस्ट्री का पंजीकरण कराने के लिए कार्यालय में गये थे, उसी समय कार्यालय में तैनात नवनियुक्त गार्ड द्वारा वरिष्ठ साथी अधिवक्ता के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपनी पिस्टल पर हाथ रखकर इशारा करते हुए धमकाया गया। जिससे अधिवक्ताओं में रोष फैल गया। अधिवक्ता साथियों ने एकत्र होकर तैनात गार्ड के खिलाफ ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग की और अधिवक्ता संजय कटियार पर कहे गये शब्दों से उनको ठेस पहुंची है। ऐसे में कार्यालय को भयमुक्त किया जाये। जिससे अधिवक्ता साथी अपना कार्य कर सके। गार्ड के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# ऑनलाइन राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा का पंजीकरण शुरु

### ▸ विज्ञान भारती की कार्यकारिणी की विस्तार से हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विज्ञान भारती शाखा की बैठक बढ़पुर स्थित राजपूताना होटल के सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें बिन्दुओं पर चर्चा की गई। विज्ञान भारती की कार्यकारिणी विस्तार पर विचार विमर्श किया गया। विद्यार्थी विज्ञान मंथन की नवंबर 2026 में होने वाली ऑनलाइन राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा जिसमें कक्षा-6 से 11 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है, इसके लिए पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है और अंतिम तिथि 30 सितम्बर है, इसमें जिले के सभी विद्यालयों के अधिक से अधिक प्रतिभागियों को प्रतिभाग कराने का निर्णय लिया गया। आगामी 02 अगस्त को आधुनिक रसायन शास्त्र के प्रथम भारतीय प्रवक्ता, नाइट्राइट्स के मास्टर, महान वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्लचन्द्र राय का जन्मदिन विज्ञान भारती के तत्वावधान में सभी विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। बैठक में संस्था के सचिव मनोज चतुर्वेदी, समन्वयक महेश चंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र वर्मा, मीडिया प्रभारी हिमांशु शुक्ला, विमल राठौर, आशीष द्विवेदी, पूनम शुक्ला, मानसी तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, अरविन्द आदि उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी में दीपक खन्ना बनें अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रोटरी क्लब ऑफ फर्रुखाबाद के द्वितीय अधिष्ठापन समारोह में नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया। समारोह में सेवा, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान क्लब की ओर से संचालित उड़ान सेवा प्रकल्प के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। फतेहगढ़ स्थित एक होटल में आयोजित समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना और राष्ट्रगान से हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. वी.के. गुप्ता ने वर्ष 2026-27 के लिए दीपक खन्ना को अध्यक्ष, संदीप अग्रवाल को सचिव तथा मनोज कपूर को कोषाध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी सीए विनय कृष्ण ने कहा कि रोटरी का मूल उद्देश्य सेवा ही सर्वोपरि की भावना के साथ समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचाना है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को और गति देने का आवाह्न किया। विशिष्ट अतिथि एडीजी राहुल अग्रवाल और रोटेरियन अनुपम कपूर ने भी नवदायित्व संभालने वाले पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक खन्ना ने कहा कि क्लब आगामी वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण से जुड़े सेवा प्रकल्पों को प्राथमिकता देगा। उन्होंने गत वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आगामी योजनाओं की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान उड़ान परियोजना के तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को विद्यालय आने जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी शिक्षा को नया प्रोत्साहन मिलेगा। समारोह का संचालन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. एस.पी. सिंह, आशुतोष टंडन, डॉ. वी.के. चौधरी, हर्षित मेहरोत्रा, डॉ.शिवाशीष, सुकृत रस्तोगी, अनुराग अग्रवाल, रोहिल टंडन, प्रवीण माथुर, वासु अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, डॉ. रोहित तिवारी, डॉ. गगन, शरद रस्तोगी, उदित अग्रवाल, अंकुर रस्तोगी सहित क्लब के पदाधिकारी, सदस्य एवं नगर के नागरिक मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

# अटल संकल्प पद यात्रा का कायमगंज में डॉ. राजीव पाठक ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अटल संकल्प पद यात्रा फर्रुखाबाद से हरिद्वार तक निकाली जा रही है। यात्रा फर्रुखाबाद से अनादि सिद्धपीठ श्री दक्षिण काली मंदिर नील धारा गंगा घाट, चण्डी घाट हरिद्वार उत्तराखण्ड 27 जुलाई को पहुंचेगी। 19 जुलाई को सुबह यात्रा का शुभारम्भ हुआ। डॉ. श्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज निरंजन पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर के सानिध्य में स्वामी अनुरागी महाराज की देखरेख में प्रारंभ हुई। यात्रा के संयोजक सूरज ग्रुप के चेयरमैन डॉ. राजीव पाठक व राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष यात्रा संयोजक प्रमोद बाजपेयी एवं प्रदेश महामंत्री मृदुल चतुर्वेदी की देखरेख में प्रारंभ हुई। दूसरे दिन डॉ. राजीव पाठक ने अपने साथियों के साथ कायमगंज पहुंचकर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। बड़ी संख्या में कायमगंज के लोग शामिल हुए। इस मौके पर डॉ. आयुष पाठक, पूजा बाजपेयी, संजय अरोड़ा, सरिता अरोड़ा, डॉ. डीके तिवारी, सुनील शुक्ला, लखन दीक्षित, अनुभव द्विवेदी, कन्हैया मित्तल, शंभूदयाल आदि बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।


स्वामी अनुरागी महाराज के साथ डॉ. राजीव पाठक

## वन चेतना केन्द्र निनौआ का किया जाए समुचित विकास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसान नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कटियार ने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि निनौआ स्थित वन चेतना केंद्र की भूमि का वर्षों से समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। यदि वन विभाग इस स्थान पर शीघ्र ही नेचर पार्क, वन चेतना केंद्र, चिड़ियाघर तथा पर्यटन संबंधी सुविधाओं का विकास करता है तो यह जिले के पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय रोजगार के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि यदि वन विभाग निर्धारित समय में इस परियोजना को विकसित करने में असमर्थ है, तो जनहित में उक्त भूमि ग्राम पंचायत निनौआ को वापस सौंप दी जाए, ताकि पंचायत अथवा शासन की अन्य योजनाओं के माध्यम से वहां विकास कार्य कराए जा सकें और भूमि अनुपयोगी न पड़ी रहे। अशोक कटियार ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण, मुख्य वन संरक्षक तथा जिलाधिकारी से इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेकर निनौआ क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाए।

# 10 से 17 वर्ष आयु के विद्यार्थियों को बाल वैज्ञानिक बनने का सुनहरा अवसर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला समन्वयक एवं म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अधिक से अधिक पंजीकरण कर प्रतिभाग करने का आवाह्न किया है।

उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध क्षमता एवं नवाचार को विकसित करने का एक उत्कृष्ट मंच है, जिससे वे बाल वैज्ञानिक के रूप में अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की मुख्य थीम ष्टिकाऊपन के लिए विज्ञान और नवाचार निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी निम्नलिखित पाँच उप-विषयों में से किसी एक विषय पर मौलिक शोध-आधारित प्रोजेक्ट तैयार कर प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार के क्रियाशील अथवा अक्रियाशील मॉडल प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे। प्रतिभागियों को केवल शोध-आधारित प्रोजेक्ट तैयार करना होगा, जिसमें तथ्य, साक्ष्य, वैज्ञानिक अध्ययन एवं मौलिकता अनिवार्य होगी। किसी भी प्रकार की नकल स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 जुलाई से विद्यालय स्तर पर हो चुका है।


प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर

प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर संबंधित प्रधानाचार्य विज्ञान शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों से प्रोजेक्ट तैयार कराएंगे। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 9 के वे छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने नियुक्त किये गए ब्लॉक नोडल में कमालगंज बलविंदर सिंह प्रधानाचार्य आरपी इंटर कॉलेज, शमसाबाद से प्रशांत कुमार राय प्रवक्ता भौतिक विज्ञान राजकीय मॉडल स्कूल रोशनाबाद, राजेपुर से रीता कुमारी यादव सहायक अध्यापक, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर, बढ़पुर से चन्द्र प्रताप सिंह सहायक अध्यापक रस्तोगी इंटर कॉलेज, नवाबगंज से धरनीधर पाण्डेय, सहायक अध्यापक राजेन्द्र सिंह इंटर कॉलेज, कायमगंज से डॉ0 मनोज तिवारी सहायक अध्यापक सीपीवीएन, मोहम्मदाबाद से सोभित मिश्रा, सहायक अध्यापक भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज शामिल है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी ब्लॉक नोडलों एवं उनके प्रधानाचार्यों को अपने-अपने विद्यालयों में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# राशन की भारी कालाबाजारी का भंडाफोड़, कोटा निलंबित, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गरीबों के निवाले पर डाका डालने वाले एक कोटेदार पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। अमृतपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोला सोता में राशन की भारी कालाबाजारी का मामला सामने आने के बाद, उचित दर विक्रेता (कोटेदार) का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, आरोपी कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। यह कार्रवाई जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जारी आदेश के बाद की गई है।

ग्राम पंचायत कोला सोता विकास खंड राजेपुर के उचित दर विक्रेता अवधेश सिंह के खिलाफ ग्रामीणों ने राशन न बांटने और कालाबाजारी की शिकायत की थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, अमृतपुर के पूर्ति निरीक्षक ने मौके पर जाकर जांच की। जांच में यह बात सच साबित हुई कि कोटेदार अवधेश सिंह ने नाजायज मुनाफा कमाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को बांटे जाने वाले अनुदानित खाद्यान्न की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी और हेराफेरी की है। जांच रिपोर्ट के अनुसार कोटेदार ने निम्नलिखित मात्रा में राशन गायब किया। जिसमें चावल 76.357 क्विंटल, गेहूं 41.728 क्विंटल, बाजरा 28.80 क्विंटल, मक्का 11.45 क्विंटल, चीनी 99 किलो गायब कर दी। इन गंभीर अनियमिताओं के उजागर होने के बाद 19 जुलाई को जिलाधिकारी ने कोटेदार के खिलाफसख्त कार्रवाई का अनुमोदन किया। आरोपी कोटेदार अवधेश सिंह का अनुबंध पत्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कोटेदार के खिलाफथाना कोतवाली अमृतपुर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। वहीं ग्राम पंचायत कुबेरपुर कुडरा विकासखंड राजपुर के विक्रेता चंद्र प्रकाश त्रिपाठी की दुकान से संबंध किया गया है। इस कार्रवाई के साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओं को सख्त निर्देश जारी किए हैं।


जांच करते अधिकारी

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी कोटेदार राशनकार्ड धारकों को नियमानुसार आवश्यक वस्तुओं का वितरण सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में किसी भी कोटेदार के खिलाफ खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिलती है, तो उसके विरुद्ध भी इसी तरह की कठोर विभागीय और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया सम्मानित

# सीबीएसई में 92 प्रतिशत अंक लाने पर अनुष्का पाण्डेय सम्मानित



**समृद्धि न्यूज़, मितौली, खीरी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, लखीमपुर खीरी की छात्रा कु. अनुष्का पाण्डेय को सीबीएसई कक्षा 12 (विज्ञान वर्ग) परीक्षा-2026 में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के 24वें मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

अनुष्का, विद्यालय में टीजीटी संगीत के पद पर कार्यरत डॉ. अरविन्द पाण्डेय की पुत्री हैं। इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री ने डॉ. अरविन्द पाण्डेय को भी अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने स्थित रविन्द्रालय सभागार में आयोजित समारोह में प्रदेश भर के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है और मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है।

उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ब्रह्म समाज शिक्षा, सामाजिक समरसता और प्रतिभा सम्मान जैसे कार्यक्रमों का लंबे समय से आयोजन करता आ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.पी. अवस्थी ने की। इस दौरान सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद मिश्र, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एस.एन. पाण्डेय सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## खतरे के निशान से 41 सेमी नीचे पहुंची शारदा

- बिजुआ के दर्जनों गांवों पर बाढ़ का साया, चार राहत केंद्र व तीन बाढ़ चौकियां सक्रिय, प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** उत्तराखंड के बनबसा बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने और क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते शारदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचने से बिजुआ विकास खंड के दर्जनों गांवों में बाढ़ का खतरा गहरा गया है। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने राहत एवं बचाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। सेंट्रल वॉटर कमीशन (सीडब्ल्यूसी) के अनुसार, रविवार शाम चार बजे बनबसा बैराज से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद पलियाकलां (बेस) गेज स्टेशन पर शारदा नदी का जलस्तर 154.18 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 154.59 मीटर से मात्र 41 सेंटीमीटर नीचे है। प्रशासन नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है और हर घंटे स्थिति की समीक्षा की जा रही है। गोला-गोकर्णनाथ तहसील क्षेत्र में नदी का पानी कई स्थानों पर खेतों तक पहुंच चुका है। हालांकि अभी तक किसी आबादी वाले क्षेत्र में पानी प्रवेश नहीं कर पाया है।

## सेंडा गांव में चोरी के मामले में पांच नामजद, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया, लखीमपुर खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सेंडा में एक घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित जितेंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 10 बजे अज्ञात समय पर उनके घर के कमरे का ताला तोड़कर चोर पर्स में रखे 1,800 रुपये, उनकी दिवंगत पत्नी का सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की पायल, पुत्री प्रियांशी की एक जोड़ी पायल, पुत्र हिमांश के गले में पहनने वाला सोने का लॉकेट, कपड़ों से भरा बैग तथा एलपीजी गैस सिलिंडर चोरी कर ले गए। उन्होंने चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई है।

## खबरें एक नजर में

### कोटारनाथ धाम का पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण सावन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** सावन माह में कोटारनाथ महादेव मंदिर में आने वाले शिवभक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क हो गया है। रविवार की शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर ने थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव के साथ मंदिर और आसपास के मार्गों का निरीक्षण किया सावन में कोटारनाथ धाम में हजारों कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों को परखा गया। सीओ अमर बहादुर ने ग्राम प्रधान विनोद सिंह, मंदिर पुजारी जयराम गिरी, सीताराम गिरी, गौरी शंकर गिरी व राकेश सिंह से वार्तालाप कर पूरे हालात की जानकारी ली। अधिकारियों ने मंदिर समिति और ग्राम प्रधान से सहयोग की अपील की। मार्गों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने पर चर्चा हुई। सावन में विशेष पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी।हलिया क्षेत्र का कोटारनाथ धाम शिवभक्तों का प्रमुख आस्था केंद्र है। हर साल सावन में यहां बड़ा मेला लगता है।

### कार सवार युवकों ने अस्सी हजार रुपये छीने, पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलाही गांव निवासी सूखेन्द्र के साथ कार सवार पांच युवकों ने मारपीट कर 80 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने सोमवार को थाना हलिया में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।सूखेन्द्र ने दी गई तहरीर में बताया कि बीते 18 जुलाई को वह मुंबई से ट्रेन द्वारा रात करीब 1 बजे मिर्जापुर पहुंचा था। स्टेशन पर उसे पांच लोग मिले जिन्होंने घर छोड़ने की बात कहकर कार में बैठा लिया।रास्ते में हर्रा गांव के पास नहर के पास लाकर पांचों ने उसके साथ मारपीट की और 80 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसे नहर में फेंकने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच परिजन खोजबीन करते हुए रात 11 बजे तक उसे ढूंढ पाए। सूखेन्द्र के घर फोन करने पर उसका भाई नरेंद्र सिंह बोलेरो लेकर मौके पर पहुंचा। आरोप है कि उक्त लोगों ने बोलेरो वाहन में भी तोड़फोड़ की। घटना की तहरीर मिलने के बाद हलिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### उमरिया पिपरा पंचायत भवन में चौपाल के बाद विधायक व एसडीएम ने किया पौधरोपण




**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** उमरिया पिपरा पंचायत भवन में सोमवार को चौपाल के बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छानबे विधायक रिंकी कोल व एसडीएम अजीत कुमार समेत अधिकारियों और ग्रामीणों ने पंचायत परिसर में पौधे रोपे पंचायत भवन पर आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक व अधिकारियों ने परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान सागौन, आम व अन्य छायादार पौधे लगाए गए। विधायक रिंकी कोल ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। एसडीएम ने भी ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर बीडीओ विमल प्रकाश पाण्डेय ग्राम प्रधान लव कुमार , सचिव सुनील चतुर्वेदी , लेखपाल संतोष कुमार , शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

### बाल श्रम के खिलाफ डीएम का बड़ा अभियान, 31 अगस्त तक जिलेभर में होगी सघन छापेमारी

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद को पूर्णतः बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक अभियान छेड़ दिया है। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 अगस्त 2026 तक पूरे जिले में विशेष बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाकर ढाबों, होटलों, रेस्टोरेंट, ईंट-भट्ठों, कार्यशालाओं, दुकानों तथा अन्य सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जाए। अभियान के दौरान जहां भी कोई बालक अथवा बालिका बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत मिले, उसे तत्काल मुक्त कराते हुए संबंधित प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 'बाल श्रम केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि बच्चों के बचपन, शिक्षा और भविष्य पर सीधा प्रहार है।' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि नियमित निगरानी, प्रभावी प्रवर्तन और विभागीय समन्वय के साथ पूरी गंभीरता से संचालित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। डीएम ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित किया कि बाल श्रमिक मिलने पर उसकी तत्काल मुक्ति के साथ-साथ पुनर्वास की समुचित व्यवस्था कराई जाए। संबंधित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि मजबूरी में बच्चों को दोबारा मजदूरी के लिए न जाना पड़े। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान मुक्त कराए गए प्रत्येक बच्चे का तत्काल विद्यालय में पुनः नामांकन कराया जाए तथा उसकी नियमित पढ़ाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बाल श्रम उन्मूलन का सबसे प्रभावी माध्यम है और प्रशासन इस दिशा में हरसंभव प्रयास करेगा।



## इंस्टाग्राम पर अभद्रता और जान से मारने की धमकी पत्रकार ने पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी।** दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ अमित कुमार वर्मा ने इंस्टाग्राम पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी मिलने का आरोप लगाते हुए थाना हैदराबाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। द्वारिकांगंज (थाना हैदराबाद) निवासी अमित कुमार वर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 19 जुलाई 2026 को उनकी इंस्टाग्राम आईडी से लगातार अभद्र, अश्लील और धमकी भरे संदेश भेजे गए। आरोप है कि पहले गाली-गलौज की गई और बाद में 24 घंटे के भीतर गंभीर परिणाम भुगतने तथा नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई।

अमित कुमार वर्मा का कहना है कि उन्होंने संबंधित व्यक्ति से अपनी पहचान बताने और शालीन भाषा का प्रयोग करने का आग्रह किया, लेकिन इसके बावजूद धमकी भरे संदेश आते रहे। इससे उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा को लेकर भय एवं असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है। उन्होंने पुलिस से संबंधित इंस्टाग्राम आईडी की जांच कर संचालक की पहचान करने, मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# चार माह से सफाईकर्मी विहीन बस्तौली ग्रामीण खुद साफ कर रहे नाले

- ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।**



विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत बस्तौली में पिछले चार माह से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्राम पंचायत में तैनात सफाईकर्मी को चार माह पूर्व हटाए जाने के बाद अब तक नए सफाईकर्मी की तैनाती नहीं हो सकी है। इससे गांव की नालियां गंदगी से पट गई हैं और ग्रामीण खुद फावड़ा-बेलचा लेकर सफाई करने को मजबूर हैं।

बरसात के मौसम में नालियों की सफाई न होने से जल निकासी बाधित हो गई है। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। गंदे पानी के जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो हालात और गंभीर हो सकते हैं।

ग्रामीण कमल मिश्रा, अनिल मिश्रा, सुनील शर्मा, विशेष कुमार और अर्पित सिंह ने बताया कि नए सफाईकर्मी की तैनाती को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि स्वच्छ भारत मिशन के दावों के बावजूद गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे है।

मामले में पंचायत सचिव गिरीश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत में नए सफाईकर्मी की नियुक्ति कब होगी, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं, तो उनकी समस्या का समाधान कौन करेगा। उन्होंने जिला प्रशासन और जिला पंचायत राज अधिकारी से तत्काल नए सफाईकर्मी की तैनाती कर नियमित सफाई व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र समाधान न होने पर वे प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## हलिया को तहसील का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास जारी: रिंकी कोल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** छानबे विधायक रिंकी कोल ने विधानसभा में क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की बात कही है। उन्होंने हलिया ब्लॉक को तहसील का दर्जा दिलाने के लिए लगातार प्रयास का दावा किया।कई महत्वपूर्ण मुद्दों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया है। हलिया ब्लॉक को तहसील का दर्जा दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हूं और इस संबंध में कई बार विधानसभा में आवाज भी उठाया है। हलिया वन क्षेत्र से होकर गुजरने वाली सात महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण का मुद्दा सरकार के समक्ष रखा, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके। विभिन्न स्थानों पर नए बस स्टैंड के निर्माण की मांग।

## थाना प्रभारी निराला तिवारी की अगुवाई में पांच नकबजनी की वारदातों का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी (फरधान)।** लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र में मई और जून के दौरान हुई सिलसिलेवार नकबजनी की पांच वारदातों का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निराला तिवारी के नेतृत्व में फरधान पुलिस और सर्विलांस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से सोने के 13 और चांदी के 43 जेवर, 3,100 रुपये नकद, एक 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार गिरोह आसपास के अन्य थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहा हो सकता है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निराला तिवारी लगातार इन घटनाओं के खुलासे के लिए टीम के साथ काम कर रहे थे। रविवार को फरधान पुलिस और सर्विलांस टीम ने चेकिंग एवं गश्त के दौरान उदयपुर सिकटिहा तिराहे के पास चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से चोरी के जेवर, नकदी, अवैध तमंचा, कारतूस और दो मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। बरामद सामान और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पांच दर्ज मुकदमों का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शारुख उर्फ छोटू पुत्र बलिदान निवासी रंगीलानगर, मंगालाल पुत्र सियाराम चौधरी निवासी उदयपुर सिकटिहा, राजेश कुमार पुत्र शिवराम निवासी गिनौना तथा रामचरन पुत्र इतवारी लाल निवासी रंगीलानगर के रूप में हुई है।

## इसरो के प्रतिष्ठित रिमोट सेंसिंग प्रशिक्षण के लिए चयनित हुईं: डॉ. ईशा वर्मा

- वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बिहारी वर्मा की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, खीरी।**



नगर की होनहार बेटी डॉ. ईशा वर्मा का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा देहरादून में आयोजित प्रतिष्ठित रिमोट सेंसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डॉ. ईशा वर्मा वर्तमान में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 2011 में लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी तथा वर्ष 2013 में पर्यावरण विज्ञान विषय में एमएससी की, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसके बाद यूजीसी के माध्यम से पीएचडी पूरी की। शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) में जूनियर साइंटिस्ट के रूप में कार्य किया तथा बाद में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में भी अपनी सेवाएं दीं। डॉ. ईशा के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बिहारी वर्मा ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ईशा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति बेहद लगनशील, अनुशासित और मेहनती रही हैं। उन्होंने हमेशा अपने लक्ष्य को प्राथमिकता दी और कठिन परिस्थितियों में भी कभी हिम्मत नहीं हारी। उनकी सफलता निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और परिवार से मिले संस्कारों का परिणाम है।

हमें विश्वास है कि वह भविष्य में भी इसी तरह देश और समाज का नाम रोशन करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है कि उनकी संतान अपने दम पर ऊंचाइयों तक पहुंचे। ईशा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हों, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

# पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचायें कार्यकर्ता

## सपा सरकार बनने पर प्रदेश में 300 यूनिट बिजली होगी मुफ्त : शिवपाल सिंह यादव

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव जब मिर्जापुर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय महासचिव का कार्यकर्ताओं ने पुरजागीर, चील्ह, शास्त्रीपुल, नटवा, विन्ध्याचल, सबरी, पड़री, डगमगपुर, चुनार आदि जगहो पर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की कानून-व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता, और 'स्वच्छ भारत' की बात करने वाली सरकार में पूरा शहर गंदा पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना, कचहरी और अन्य सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत दिए कोई काम नहीं होता। उन्होंने दावा किया कि स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं और प्रदेश की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।

कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों, नौजवानों और आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर प्रदेश में 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने और बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का काम किया जाएगा।

शिवपाल यादव ने कहा कि किसी भी संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी मजबूती के साथ पार्टी के लिए काम करने और आम लोगों की समस्याओं को उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार में रहते हुए समाजवादी पार्टी ने जो विकास कार्य किए हैं, उनकी जानकारी जनता तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं से परेशान है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब बदलाव चाह रही है और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मजबूती से जुटने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी का सिपाही है और संगठन की मजबूती में उसकी अहम भूमिका है। कार्यकर्ताओं ने शिवपाल यादव के विचारों को सुनते हुए पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

स्वागत करने वालो में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, अशोक यादव, आशीष यादव, मुन्नी यादव, जगतम्बा सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रोहित शुक्ला, राणा प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश यादव, विजय पटेल, सतीश मिश्रा, झल्लू यादव, दिलीप यादव आदि हजारो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# एनसीडी स्क्रीनिंग में लापरवाही पर दो सीएचओ को चेतावनी

- जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की सख्ती, बेहतर प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन




**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद में गैर संचारी रोग (एनसीडी) कार्यक्रम की प्रगति को लेकर स्वास्थ्य विभाग अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। स्क्रीनिंग कार्य में अपेक्षित उपलब्धि हासिल न करने वाले दो सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को चेतावनी जारी करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया है। दरअसल, 25 जून 2026 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कई क्षेत्रों में स्क्रीनिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई गई थी। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए थे।

# भाजपा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने को टाल रही है: अविमुक्तेश्वारानंद

- भाजपा सरकार मे गौ रक्षा सम्भव नहीं, गाय को माता मानने व पशु मानने वालों के बीच होगा धर्म युद्धः शंकराचार्य



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पूर्वी उत्तर प्रदेश की यात्रा करते हुए फरेंदा की पवित्र धरा पर आये महान संत जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आज फरेंदा - महराजगंज रोड पर दुर्गा मंदिर के बगल में स्थित वैकेंट हाल में वरिष्ठ समाजसेवी राजन तिवारी ने चरण पादुका सहित पूजन अर्चन वन्दन कर माल्यार्पण करते हुए आरती उतारी। उसके पश्चात महान संत जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने को टालती चली आ रही है। गाय को पशु न माना जाए गौ माता माना जाए यही हमारा उद्देश्य है, पुनः उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश में गौ को राष्ट्र माता का दर्जा दिया गया और गौ माता की रक्षा शुरू हुई वहां के मुख्यमंत्री को हटा कर गौ हत्या की खूली छूट दे दी गई। अन्य पार्टियां कानून बनायी नहीं कांग्रेस के बनाए सभी कानून हैं। जबकि भाजपा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने का आश्वासन भी दिया था। अंत में उन्होंने कहा कि जो सरकार गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने से इंकार करें उसे वोट लेने का अधिकार नहीं है।गौ रक्षा की यात्रा पर निकले महान संत जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह, पूर्व सचिव त्रिभुवन मिश्र सहित व वरिष्ठ सपा नेता अमित चौबे ने अपने आवास पर पूरे परिवार व कार्यकर्ता के साथ स्वागत किया।

गौ रक्षा धर्म यात्रा पर निकले शांकराचार्य स्वामी अविन्मुक्तेश्वरानन्द ने फरेन्दा दुर्गा मन्दिर के वेंकट हाल मे सम्बोधित करते कहा यह भी कहा कि सनातन धर्म की रक्षा तभी सम्भव जब हम गाय की रक्षा कर सके उन्होंने कहा की 13 वर्ष केंद्र मे 9 वर्ष प्रदेश मे भाजपा की सरकार है लेकिन चुनाव के समय आश्वासन मिलता है लेकिन वादा से मुकर जाते है उन्होने भाजपा के पहले कार्यकाल की चर्चा करते हुये कहा भाजपा ने कहा था 'नरेन्द्र मोदी को मतदान-गाय को जीवनदान' लेकिन चुनाव बाद वादा से मुकर गये और कहे की दूसरे कार्यकाल मे उसके बाद तीसरे कार्यकाल की बात कही गयी लेकिन गाय रक्षा की बात नहीं हुई, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर कटांक्ष करते हुये कहा की उनके समय मे गाय पशु ही है जबकि जिन्हे गाय का दुश्मन कहा जाता है वह मुस्लिम भी सरकार से गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग कर रहे है। शांकराचार्य ने खुले मंच से आवाहन किया सरकार अगर गौ रक्षा नहीं कर सकती तो ऐसी सरकार को मतदान न करे उन्होंने यह भी कहा की वह पूरे देश मे गौ रक्षा के लिये मतदाताओं व जनता को जागरूक करने व संबाद करने निकले है उन्होने यह भी कहा की गाय को पशु मानने वाले व गाय को माता मानने वालों के बीच धर्मयुद्ध होगा। शंकराचार्य ने कहा की उनकी यात्रा गैर राजनितिक है सिर्फ व सिर्फ सनातन धर्म व गो रक्षा के लिये है। मंच पर शांकराचार्य का जोरदार स्वागत करने में विद्या सागर यादव ने भी किया इसके आलावा डॉ ओ पी त्रिपाठी, दिलीप चौधरी,देवी शरण दूबे, राम शरण गुप्ता,विभूति पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी मनोज मिश्र,राकेश केशरी सहित काफ़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे। जातें जाते उन्होंने गौ माता की रक्षा करने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया।

महान संत जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ काश्मीर सहित अन्य भक्त गण मौजूद रहे साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फरेंदा पुलिस मुस्तैद रही।